रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 01 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-279 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### प्रतिष्ठनों में अग्निशामक यंत्रों की होगी जांच



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों, छोटे-बड़े उद्योगों, होटलों, बहुमंजिला इमारतों, मॉल, गेमिंग जोन, अस्थाई प्रदर्शनियों, पेट्रोल पंप आदि का मौका मुआयना कर अग्निशामक यंत्र की सुविधाएं सुनिश्चित करने के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। साय ने कहा है कि भीषण गर्मी के इस दौर में देश में लगातार अग्नि संबंधी दुर्घटनाएं हो रही है, जिससे जान-माल का नुकसान हो रहा है। दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये नियमों का कड़ाई से पालन होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने ऐसे सभी संस्था संचालकों से आग्रह किया है कि वे अपने प्रतिष्ठान में अग्निशामक यंत्रों का होना सुनिश्चित करें।

### रायपुर, दुर्ग और खरोरा समेत 5 ठिकानों पर ईडी का छापा

**रायपुर।** ईडी ने रायपुर, दुर्ग और खरोरा में छापा मार कार्यवाही की है। रायपुर और दुर्ग में 2-2 और खरोरा में एक सहित कुल 5 ठिकानों पर जांच चल रही है। छापा कस्टम मिलिंग घोटाला की जांच के लिए मारे गए हैं। ईडी के निशाने पर राइस मिल एसेसिएशन के पदाधिकारी हैं। ईडी ने छापा राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व महासचिव प्रमोद अग्रवाल के यहां मारा है। कस्टम मिलिंग के मामले में ईडी की यह दूसरी छापेमार कार्यवाही है। बताया जा रहा है कि कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में पकड़े गए खाद्य विभाग के विशेष सचिव मनोज सोनी और राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर से पूछताछ के आधार पड़े हैं।

### पांच न्याय की गारंटी, संविधान की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि उसका चुनाव प्रचार सकारात्मक रहा है और प्रचार के दौरान देश को पांच न्याय की गारंटी देने के साथ ही संविधान की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का वादा किया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश, पवन खेड़ा तथा सुप्रिया श्रीनेत ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी का चुनाव प्रचार बहुत अच्छा रहा है और इसके जरिए जनता को सकारात्मक संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने 23 जनवरी से 16 मार्च तक देश के सामने 5 न्याय और 25 गारंटी रखी और प्रचार के दौरान जनता को पांच न्याय और 25 गारंटी देने का वादा किया है।

# केज आबंटन के नाम पर बालोद में सरकारी धन का बंदरबाट

## तात्कालीन सहायक संचालक बंजारे ने पत्नी और रिश्तेदारों के नाम पर कराया केज आबंटन

रवि भूतड़ा < बालोद
www.dailypioneer.com

पायनियर खास



मछली पालन विभाग बालोद में पूर्व सरकार के दौरान तात्कालीन सहायक संचालक रहें आरके बंजारे ने अपने कार्यकाल में केज कल्चर में जमकर बंदरबाट किया। अपनी पत्नी के अलावा अपने दर्जन भर से अधिक रिश्तेदारों के नाम से केज कल्चर योजना में अनुदान राशि में जमकर बंदरबाट किया हैं। जिससे बड़े घोटाले की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल यह जांच का विषय है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 2020-21 में तांदुला जलाशय में 192 केज तात्कालीन सहायक संचालक आरके बंजारे ने अपने रिश्तेदारों के नाम से लगाया हैं। जिसमे 3 करोड़ 45 लाख 60 हजार की सब्सिडी को बिना भौतिक सत्यापन के निर्धारित केजो की साइज को बिना अनुमति के 20 केजो को एक केज बनाकर पूरी राशि का उपयोग कर लिया हैं। जबकि आज तक जिनके नाम पर केज है, उन्होंने कार्यालय तक नही देखा है। वही ग्राम आँधियाटोला के आदिवासी मछली कृषको के नाम पर 164 केज लगवाकर उनकी अनुदान राशि 2 करोड़ 95 लाख 20 हजार की राशि को बिना सत्यापन समिति के सत्यापन प्रमाण प्राप्त किये बिना ही अनुदान राशि का भुगतान किया गया है। जबकि केजो के वास्तविक हितग्राहियों को उनके ही केज में देखभाल और रखरखाव के लिए चौकीदार का काम दे दिया गया है। पूरे मामले में तात्कालिक सहायक संचालक आरके बंजारे ने जमकर सरकारी राशि का बंदरबाट किया गया है। और अनुदान राशि का जमकर दुरुपयोग किया है। खुद सहायक संचालक रहते हुए सब्सिडी राशि का लाभ अपनी पत्नी विद्या बंजारे और अपने दर्जन भर रिश्तेदारों को पहुचाया हैं। उल्लेखनीय हो कि जिले में कुल 504 केज प्रस्ताविक थे, जिसमें 482 केज स्वीकृत हुए है, और करीबन 774 लाख रुपये की अनुदान राशि दी गई हैं। वही एक केज निर्माण में 6 मीटर की गहराई व 4 मीटर चौड़ाई होनी चाहिए।

### सेवानिवृत के बाद सहायक संचालक खुद कर रहे मछली पालन का व्यवसाय

दरअसल मामले का खुलासा तब हुआ, जब पता चला कि सभी 356 केजो में मछली पालन और मछली विक्रय स्वयं तात्कालीन सहायक संचालक आरके बंजारे कर रहे है। जहाँ निर्धारित लीज की राशि को सिर्फ एक बार ही जमा कर अब तक कोई राशि जमा नही किया गया है। मिली जानकारी अनुसार सभी 356 केजो की अनुदान राशि करीबन 6 करोड़ 30 लाख 80 हजार रुपये तात्कालीन सहायक संचालक आरके बंजारे ने अपने निजी लाभ के लिए उपयोग कर सरकार को धोखे में रखा। जो जांच का विषय है। अब जब आरके बंजारे सेवानिवृत्त हो गए है। उसके बाद भी सभी केजो मे मछ्ली पालन का व्यवसाय कर लाभ ले रहे है। जबकि ये व्यवसाय मछली पालन कृषको का है। लेकिन आरके बंजारे ने वित्तीय आबंटन का उपयोग अपने निजी व्यक्तियों एवं रिश्तेदारों को लाभ पहुचाने के लिए करते हुए उसकी आड़ में स्वंय मछली पालन का व्यवसाय कर रहे है। इतना ही नही कार्यालय में उपलब्ध मोटर बोट के इंजन को भी आरके बंजारे अपने उपयोग के लिए ले जा चुके हैं। यहां यह कहना गलत नही होगा कि आरके बंजारे ने अपने पद की आड़ में शासन की योजनाओं के नाम पर राशि का निजी इस्तेमाल कर जमकर सरकार की राशि का दुरुपयोग और बंदरबाट किया है।

### इनको दिया अनुदान राशि

बता दे कि प्रत्येक केज पर 3 लाख की राशि में 60 प्रतिशत का अनुदान सरकार द्वारा दिया जाता हैं। जिसके तहत दुर्ग जिलें के ग्राम गिरहोला निवासी मनीष कुमार बंजारे पिता प्रदीप बंजारे के नाम पर 18 केज और अनुदान राशि 32 लाख 40 हजार, ग्राम करहीडीह निवासी मनेश कुमार मतावरे पिता मधुसूदन के नाम पर 18 केज और अनुदान राशि 32 लाख 40 हजार, बोरसी निवासी हेमंत चतुर्वेदी पिता अंजोरी राम के नाम पर 18 केज और अनुदान राशि 32 लाख 40 हजार, दुर्ग सुभाषनगर निवासी राहुल देव पिता कृतनारायण 18 केज और अनुदान राशि 32 लाख 40 हजार, बोरसी निवासी अनिल कुर्रे पिता कलानाथ कुर्रे 18 केज और अनुदान राशि 32 लाख 40 हजार, दुर्ग जिले के थनौद/अंजोरा निवासी जितेंद्र खरे पिता सन्तानु खरे 18 केज और अनुदान राशि 32 लाख 40 हजार, बलौदाबाजार जिला के चमारगुड़ा निवासी हीरामणि टंडन पति सुकालू 16 केज और अनुदान राशि 19 लाख 20 हजार, गणपति विहार बोरसी निवासी विद्या बंजारे पति आरके बंजारे 16 केज और अनुदान राशि 19 लाख 20 हजार, बोरसी निवासी उमाबाई पति भागीरथी 16 केज और अनुदान राशि 19 लाख 20 हजार, उर्वशी मतावरे पति यशवंत मतावरे 18 केज और अनुदान राशि 32 लाख 40 तथा कल्याणी जांगड़े पति जगदीश प्रसाद 18 केज और अनुदान राशि 32 लाख 40 स्वीकृत की गई हैं। बता दे कि यह केज 10 साल की लीज में दी गई है। जिसके लिए मछली पालक कृषक को लीज की राशि देनी होती हैं।

### फैक्ट आंकड़ा (फर्स्ट स्टेज में केज आबंटन)

**नावेद मिर्जा - कुल 86**
**विद्या बंजारे एवं अन्य दो- कुल 48**
**मनीष बंजारे एवं अन्य पांच- कुल 108**

### सेकंड स्टेज में केज आबंटन

**परमजीत एवं अन्य तीन- कुल 56**
**उर्वशी मतावरे एवं अन्य एक- 36**
**रोशन कुमार एवं अन्य पांच- 198**

विद्या बंजारे मेरी पत्नी है, 40 प्रतिशत सामान्य के नाम और अनुदान मिलता है, मेरी पत्नी मेरी रिश्तेदार है, बाकी नही है, सौ प्रतिशत अनुदान तो नही है, जो हुआ है नियम से हुआ है, केज लगा है, मैं सरकारी मुलाजिम हूं, तो मैं सब्सिडी का लाभ ले सकता हूं। परमजीत और नावेद मिर्जा को मैं नही जानता।

**आरके बंजारे,** तात्कालीन सहायक संचालक मत्स्य विभाग, बालोद

देखिए यह मेरे कार्यकाल के दौरान का नहीं है, मैं इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं बता सकता, आपको अगर जानकारी चाहिए तो आप आरटीआई लगा दीजिए यह तात्कालीन सहायक संचालक आरके बंजारे के समय का मामला है, मुझे इसकी कोई जानकारी नही, मुझे अभी आए मात्र आठ माह हुए हैं, अगर ऐसा है मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

**सतीशचंद गुप्ता,** सहायक संचालक, मत्स्य विभाग, बालोद

## पीएम मोदी ने अपने ध्यान के दूसरे दिन विवेकानन्द रॉक मेमोरियल में सूर्य को दिया अर्घ्य



वार्ता < कन्याकुमारी
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कन्याकुमारी तट के पास स्थित विवेकानन्द रॉक मेमोरियल में अपने ध्यान के दूसरे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य (हिन्दू शास्त्र के अनुसार सूर्य को जल अर्पित) दिया। भारतीय जनता पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वीडियो और फोटो साझा की है जिसमें प्रधानमंत्री भगवा चोला पहने भगवान सूर्य की प्रार्थना कर रहे हैं। वह भगवान सूर्य को जल अर्पित करते समय मंत्र पढ़ते नजर आ रहे हैं। फोटो में वह हाथ में रुद्राक्ष की माला और माथे पर तिलक लगाए दिख रहे हैं।भाजपा द्वारा एक्स पर पोस्ट की गई अलग-अलग तस्वीरों में प्रधानमंत्री को ध्यान मंडपम में ध्यान करते और प्रार्थना की माला हाथ में लिए मंडप की परिक्रमा करते हुए भी देखा गया। उन्होंने देवी कन्याकुमारी को समर्पित '108 शक्ति पीठों' में से एक भगवती अम्मन मंदिर में विशेष प्रार्थना करने के बाद गुरुवार शाम को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में अपना ध्यान शुरू किया। मोदी के अपना ध्यान सत्र पूरा करने के बाद शनिवार को स्मारक के पास एक तमिल संत के प्रसिद्ध तिरुवल्लुवर प्रतिमा का दौरा करने की संभावना है।

### एक और बेज़ुबान वन्यप्राणी की मौत

## नहीं थम रहा वन्यजीवों के मौत का सिलसिला

पायनियर संवाददाता < रायपुर/कोरबा
www.dailypioneer.com



वन्यजीवों के अकाल मौत की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछले दिनों डिहाइड्रेशन, पानी की कमी की वजह से वन्य जीवों की मौत की खबरें सामने आई थीं। बीते दिनों कटघोरा वनमंडल के पाली में एक चीतल की दर्दनांक मौत हो गई। कहा जा रहा है कि जंगलों में पानी की कमी की वजह से चीतल गांव के समीप पहुंच गया था, जहां पर कुत्तों के झुण्ड ने चीलत पर हमला बोल दिया जिसके कारण इस बेजुवान वन्यप्राणी की मौत हो गई। यह घटना कूटा परिसर की बताई जा रही है। वहीं कटघोरा वनमंडलाधिकारी निशांत कुमार ने पायनियर को बताया कि कई बार जगल से लगे गांव में वन्यप्राणी आ जाते हैं। उन्होनें कहा यह चीतल गांव में आ गया था जहां वह कुत्तों का शिकार हो गया। निशांत कुमार ने यह भी कहा कि जंगलों में पर्याप्त पानी की व्यवस्था है। उन्होने कुत्ते के शिकार से चीतल की मौत की पुष्टि भी की। बहरहाल जंगल के भीतर पानी की कितनी उपलब्धता है, चीतल क्या गांव की ओर खाना और पानी की तलास में आया था? क्या वह पहले से बीमार था ? कुत्तों ने उसका आसानी से शिकार कैसे कर लिया? यह तमाम पहलु जांच के विषय है। इस वन्य जीव की मौत का वास्तविक कारण क्या है? यह जो जांच में ही स्पष्ट हो सकेगा। लेकिन इस बीच राज्य में वन्यजीवों के अकाल मौत की घटनांए दिन -प्रतिदिन सामने आ रही हैं।




एनएमडीसी

NMDC

**जिम्मेवार खनन**

वैज्ञानिक | सुस्थिर | खुशियाँ बिखेरते हुए

**31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए लेखापरीक्षित एकल और समेकित वित्तीय परिणामों का उद्धरण**

भारतीय रुपए-करोड़ में

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
| | | 31-मार्च-2024 लेखापरीक्षित | 31-दिसम्बर-2023 अलेखापरीक्षित | 31-मार्च-2023 लेखापरीक्षित | 31-मार्च-2024 लेखापरीक्षित | 31-मार्च-2023 लेखापरीक्षित | 31-मार्च-2024 लेखापरीक्षित | 31-दिसम्बर-2023 अलेखापरीक्षित | 31-मार्च-2023 लेखापरीक्षित | 31-मार्च-2024 लेखापरीक्षित | 31-मार्च-2023 लेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 6,475.27 | 5,409.90 | 5,851.37 | 21,293.81 | 17,666.88 | 6,489.31 | 5,409.90 | 5,851.37 | 21,307.85 | 17,666.88 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (कर, विशिष्ट तथा / अथवा असाधारण मदों, बंद चालनों से पूर्व) | 2,435.14 | 2,252.28 | 2,048.46 | 8,295.45 | 6,400.25 | 2,388.73 | 2,229.69 | 2,048.34 | 8,234.81 | 6,409.34 |
| 3 | अवधि के लिए कर से पूर्व निवल लाभ / (हानि) (विशिष्ट तथा / अथवा असाधारण मदों बंद प्रचालनों के पश्चात) | 2,404.94 | 1,999.51 | 3,285.48 | 8,011.98 | 7,636.61 | 2,358.53 | 1,976.92 | 3,285.36 | 7,951.34 | 7,645.70 |
| 4 | अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ /(हानि) (विशिष्ट तथा / अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 1,462.03 | 1,492.32 | 2,277.06 | 5,631.89 | 5,528.63 | 1,415.62 | 1,469.73 | 2,276.94 | 5,571.25 | 5,537.72 |
| 5 | सहायक कंपनी / जेवी के लाभ/(हानि) का हिस्सा | - | - | - | - | - | (5.84) | 11.99 | (5.36) | (0.38) | 64.84 |
| 6 | अनियंत्रणकारी ब्याज (लाभ) / हानि | - | - | - | - | - | (2.89) | (2.21) | 0.05 | (4.19) | 1.10 |
| 7 | कर, अनियंत्रणकारी ब्याज तथा सहायक / जेवी कंपनी के लाभ / हानि के अंश के पश्चात निवल लाभ / (हानि) | 1,462.03 | 1,492.32 | 2,277.06 | 5,631.89 | 5,528.63 | 1,412.67 | 1,483.93 | 2,271.53 | 5,575.06 | 5,601.46 |
| 8 | अवधि के लिए कुल समेकित आय {अवधि के लिए (कर पश्चात) लाभ / (हानि) सहित तथा अन्य समेकित आय (कर पश्चात)} | 1,402.12 | 1,499.59 | 2,300.63 | 5,593.79 | 5,558.30 | 1,363.46 | 1,481.10 | 2,313.96 | 5,553.03 | 5,706.43 |
| 9 | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य रु.1) | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 | 293.07 |
| 10 | अन्य इक्विटी (तुलन पत्र के अनुसार पुनर्मूल्यांकित आरक्षिती को छोडकर) | | | | 25,112.71 | 22,039.24 | | | | 25,362.83 | 22,327.76 |
| 11 | नेट वर्थ | | | | 25,405.78 | 22,332.31 | | | | 25,672.91 | 22,635.06 |
| | प्रति शेयर अर्जन (प्रत्येक रु.1/- का) | | | | | | | | | | |
| 12 | मूल (रुपए मे) | 4.99 | 5.09 | 7.77 | 19.22 | 18.86 | 4.82 | 5.06 | 7.75 | 19.02 | 19.11 |
| 13 | डाइल्यूटेड (रुपए मे) | 4.99 | 5.09 | 7.77 | 19.22 | 18.86 | 4.82 | 5.06 | 7.75 | 19.02 | 19.11 |

**टिप्पणियां :**

1. उपर्युक्त सेवी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015 के नियम 33 के अधीन स्टॉक एक्सचेंज में दायर किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत फार्मेट का सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण फार्मेट स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.nseindia.com and www.bseindia.com) तथा कंपनी की वेबसाइट www.nmdc.co.in पर उपलब्ध हैं।
2. गत अवधि के आंकडे आवश्यकतानुसार पुनर्वर्गीकृत किए गए हैं।

स्थान : हैदराबाद
दिनांक : 27 मई 2024

एनएमडीसी लिमिडेट के निदेशक मंडल की ओर से

हस्ता/- (अमिताभ मुखर्जी)
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार),
निदेशक (वित्त) डीआईएन नं. 08265207

सर्वोत्तम

45.02 मि.टन लौह अयस्क उत्पादन

44.48 मि.टन लौह अयस्क बिक्री

**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजी.कार्यालय : 10-3-311/ए, 'खनिज भवन', कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद-500028
सीआईएन : L13100TG1958GOI001674

nmdclimited ज़िम्मेवार खनन www.nmdc.co.in

# राज्यकर्ता कैसा हो, इसका आदर्श हैं देवी अहिल्याबाई होल्कर : सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत

**पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी वर्ष के अवसर पर मोहन भागवत ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर पुण्यश्लोक हैं**

पायनियर संवाददाता ‹ नागपुर
www.dailypioneer.com

पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी का ये वर्ष है। वर्तमान स्थिति में भी उनका चरित्र आदर्श के समान है। दुर्भाग्य से उनको वैधव्य प्राप्त हुआ, लेकिन एक अकेली महिला होने के बाद भी उन्होंने अपने बड़े राज्य को केवल संभालना नहीं, बल्कि बड़ा करना और केवल राज्य को बड़ा ही नहीं किया। बल्कि, उसे सुराज्य के तौर पर बड़ा किया। यह कहना है राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत का। देवी अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने मां अहिल्याबाई होल्कर को लेकर कहा कि राज्यकर्ता कैसा हो, वो उदाहरण थीं। उनके नाम के पीछे 'पुण्यश्लोक' शब्द लगा हुआ है। पुण्यश्लोक उस राजकर्ता को कहते हैं, जो कि अपनी प्रजा को हर तरह के अभावों, दुखों से मुक्त करता है। यानि कि एक तरह से अपनी प्रजा के कर्तव्य से उत्रृण हो जाता है। वास्तव में उस काल में हमारे यहां जो आदर्श राज्यकर्ता हुए, उनमें से एक देवी अहिल्याबाई थीं।

### उद्योगों का किया निर्माण

देवी अहिल्याबाई ने प्रजा को रोजगार मिले, इसके लिए उद्योगों का निर्माण किया। ये निर्माण इतना पक्का



था कि महेश्वर का वस्त्र उद्योग आज भी चलता है, जिससे बहुत से लोगों को आज भी रोजगार मिलता है। देवी अहिल्याबाई ने प्रजा के सभी अंगों विशेषकर दुर्बल और पिछड़े लोगों का ध्यान रखा। अपने राज्य में कर व्यवस्था को उन्होंने संयमित रखा, किसानों की चिंता की। उनका राज्य सभी प्रकार से सुराज्य था। क्योंकि वो प्रजा की चिंता अपने बच्चों की तरह करती थीं, इसी कारण से 'देवी अहिल्याबाई' की उपाधि उन्हें मिली होगी।

### नारी शक्ति की प्रतीक हैं देवी अहिल्याबाई

आरएसएस प्रमुख ने कहा मातृशक्ति कितनी सशक्त है, क्या-क्या कर सकती है इसका अनुकरण करने लायक आदर्श देवी अहिल्याबाई थीं, अपने जीवन से हम सब लोगों के सामने रखा है। उन्होंने जो कार्य किए हैं वो कई प्रकार से विशेष हैं। देवी अहिल्याबाई को उस समय के सभी राज्यकर्ता देवी स्वरूपा ही मानते थे। उनके सभी के साथ मित्रतापूर्ण संबंध थे। अपने राज्य पर किसी भी तरह का आक्रमण न हो इसकी उन्होंने कई व्यवस्थाएं कर रखी थीं। उन्हें समर नीति के जानकार के तौर पर भी जाना जाता है। हमारे देश की संस्कृति के आधार को और अधिक पुष्ट करने के लिए उन्होंने देश के कई स्थानों पर मंदिरों का निर्माण करवाया था। देवी अहिल्याबाई एक राज्यकर्ता होने के बाद भी खुद को राजा नहीं मानती थीं। वो ये मानती थीं कि वो भगवान शिव के आदेश पर राज्य चला रही हैं। आज की हमारी स्थिति में भी हमारे लिए वो एक आदर्श हैं, उनका अनुकरण करने के लिए वर्ष भर उनका स्मरण करने का प्रयास सर्वत्र चलने वाला है, यह अतिशय आनंद की बात है।

# 71 दिनों में 133 जनसभाएं, कठोर परिश्रम का पर्याय बने मुख्यमंत्री साय

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



16 मार्च को लगी आचार संहिता के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान 71 दिनों में 133 सभाओं को संबोधित किया है। इस दौरान वे ओडिशा, मध्यप्रदेश, झारखंड में भी चुनाव प्रचार अभियान में शामिल हुए और कुल 33 जनसभा एवं रोड शो को संबोधित किया। 20 मार्च 2024 को दंतेवाड़ा में माँ दंतेश्वरी के दर्शन-पूजन के बाद साय ने अपने चुनावी अभियान का शुभारम्भ किया। गत 20 मार्च से 29 मई तक छत्तीसगढ़ में चौंसठ जनसभाएं मुख्यमंत्री ने ली हैं। जबकि छत्तीसगढ़ के बाहर मध्यप्रदेश, ओडिशा और झारखंड में तैंतीस आमसभाएं और रोड शो की कमान संभाली है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन की दृष्टि से भी अगर देखें तो उन्होंने बस्तर में दो सहित सभी ग्यारह लोकसभा सीटों में एक-एक कार्यकर्ता सम्मेलन कर कुल बारह कार्यकर्ता सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दी है। सामाजिक सम्मेलनों की यदि बात करें तो लगभग चौबीस बड़े सामाजिक सम्मेलनों को विष्णु देव साय संबोधित कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लगभग हर विधानसभा में कम से कम एक जनसभा ली है। कुल मिलाकर 71 दिनों में 133 बार उन्होंने जनता के समक्ष अपनी बात रखी है और छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंकी है। आत्मविश्वास से भरपूर मुख्यमंत्री सभी ग्यारह लोकसभा सीटें जीतने के प्रति आश्वस्त लगते हैं। साय ने मध्यप्रदेश, ओडिशा और झारखंड में भी भाजपा के बम्पर जीत की बात कही है। मुख्यमंत्री की सभी जनसभाओं में आमजन की स्व-स्फूर्त भीड़ उमड़ी। लोगों ने सीएम साय के भाषण को बड़े ही उत्साह से सुना और ताली बजाकर, नारे लगाकर अपना पूर्ण समर्थन भी दिया। श्री साय की प्रत्येक सभा में महिलाओं की भी भारी भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने सीएम साय की बात को ध्यान से सुना। इसका प्रमुख कारण विष्णु सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना को प्राथमिकता से लागू करने को माना जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत अब तक प्रदेश की 70 लाख 12 हजार 417 महिलाओं को प्रति महीने 655 करोड़ 57 लाख रूपये के हिसाब से तीन महीने की किश्त जारी हो चुकी है। सीएम साय ने कार्यकर्ता सम्मेलन और जनसभाओं में पिछली कांग्रेस सरकार में हुए भ्रष्टाचार, घोटाले व उनकी नाकामी को लगातार जन-जन के बीच उजागर किया। जिस पर आमजन की खूब तालियां बजी। बीच-बीच में उन्होंने जनता से कनेक्ट करने के लिए उनसे सवाल भी किये। उन्होंने बार-बार पूछा कि मोदी की सरकार तीसरी बार बनानी है या नही, जिसका जवाब हाँ में मिलता था। साय ने जनता को बताया कि कैसे भूपेश बघेल की अगुवाई में कांग्रेस ने शराब, रेत, कोयला, सरकारी जमीन, पीएससी सबमें घोटाला किया और यहाँ के संसाधनों को लूटा।

## सनातन संस्कृति के संरक्षण और धर्म जागरूकता के लिए हुआ भाटापारा मौनी बाबा मंदिर में महाआरती



पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

सनातन संस्कृति संरक्षणार्थ पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी एवं आनंद वाहिनी के तत्वाधान में समस्त सनातन धर्म प्रेमी भक्तों की ओर से दिव्य महारथी तथा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ प्रसाद वितरण के आनन्दित वातावरण में मंगलवार को श्रीरामसीता एवं हनुमान मंदिर रामसप्ताह चौक मौनी बाबा मंदिर में संपन्न हुआ। इस पुनीत अवसर पर श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए आचार्य झम्मन शास्त्री ने कहा की पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य महाभाग की प्रेरणा एवं आशीर्वाद के फलस्वरुप नगर में विराजित सभी मंदिरों में क्रमशः महीने में दो बार अलग-अलग जगह में इसी तरह का कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ है। जगतगुरु शंकराचार्य अपने संगोष्ठी तथा धर्म सभा में निर्देश करते हैं समस्त हिंदू समाज को कि सनातन धर्म प्रचार हेतु अपने मठ मंदिरों को केंद्र बनाकर धर्म जागरण के लिए कीर्तन, भजन, सत्संग, हनुमान चालीसा पाठ तथा संगोष्ठी एवं सेवा प्रकल्प संचालित कर समाज को धर्म, ईश्वर तथा राष्ट्र से जोड़ने का अभियान चलाना चाहिए क्योंकि मठ मंदिर आश्रम जो प्रतिबिंबित है वे शिक्षा, सेवा, संस्कृति, धर्म और मोक्ष के केंद्र हैं इसका सदुपयोग समाज तथा अपने क्षेत्र को सुसंस्कृत, सुबुद्ध तथा स्वावलंबी बनाने के लिए करना चाहिए। इसी भावना से भाटापारा नगर में महान अनुष्ठान का शुभारंभ सर्वहित भावना से किया गया है अंत में शास्त्री ने सभी भक्तों से अनुरोध करते हुए अपील की इस पावन महा आरती महोत्सव में सह परिवार सम्मिलित होकर अपने-अपने वार्ड में इसका अधिक से अधिक प्रचार करें। इसी क्रम में माह में पड़ने वाली दोनों एकादसी पर्व पर सुबह 6 बजे से प्रभातफेरी का आयोजन किया जाता है, जिसमे कीर्तन-सत्संग के माध्यम से भाटापारा नगर में भ्रमण कर अपने धर्म, संस्कृति के लिए लोगों को जागरूक किया जाता है। हिन्दू राष्ट्र निर्माण के लिए किये जा रहे प्रकल्पों में अपनी भागीदारी प्रदान कर राष्ट्र निर्माण की कल्पना के भागीदार बनने का आग्रह किया। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में लोग सम्मिलित हुए। सम्मिलित भक्तों को पीठ एवं वाहिनी के सदस्यों ने आभार ज्ञापित किया।

# आरक्षित लोगो को अब जाति प्रमाण पत्र के लिए भटकना नहीं पड़ेगा : इन्द्र साव

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com



क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव के द्वारा विधानसभा में उठाई गई मांग के फलस्वरूप राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगो के लिए जाति प्रमाण पत्र बनवाने के नियमो का सरलीकरण कर दिया गया है,जिसका पूरा फायदा प्रदेश वासियों को मिलेगा। अब 1950 के पूर्व के दस्तावेजों की जरूरत नहीं होगी और ग्रामीण क्षेत्र के लिए ग्राम सभा प्रस्ताव और शहरी क्षेत्र के लोगो के लिए नगर पालिका, नगर पंचायत का प्रस्ताव को मान्य कर दिया है।राज्य शासन के द्वारा नियमो में की गई सरलीकरण प्रक्रिया के लिए इस वर्ग के लोगो ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए विधायक इन्द्र साव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। विदित हो कि भाटापारा विधायक इन्द्र साव ने विधान सभा में नियम 267 क के तहत शून्य काल में शासन से मांग की थी की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को जाति प्रमाण-पत्र बनवाने हेतु पालकों एवं बच्चों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों का जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए कट ऑफ डेट 1950 के पहले के दस्तावेज मांगा जा रहा है। इसके पास 1950 के पहले का कोई दस्तावेज जमीन के कागजाद नहीं होने के कारण जाति प्रमाण-पत्र बनाने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगरीय प्रशासन, राजस्व विभाग, सामान्य प्रशासन एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जाति प्रमाण पत्र सरलीकरण हेतु कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकार मय होता जा रहा है। इस जाति के लोगों के पास अभी भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव होने के कारण हर क्षेत्र में पिछड़ते जा रहे हैं। जाति प्रमाण-पत्र नहीं बनने के कारण अच्छी पढ़ाई से भी वंचित होते जा रहे हैं। शासन को चाहिये कि इन बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुये जाति प्रमाण-पत्र बनाने के लिए सरलीकरण प्रक्रिया लागू किया जाए। विधायक इन्द्र साव के द्वारा उठाए गए सवाल और मांग पर राज्य शासन ने अपनी सहमति जताते हुए जाति प्रमाण पत्र बनाने के नियमो का सरलीकरण किए जाने बाबत एक पत्र सामान्य प्रशासन विभाग ने विधायक इन्द्र साव को प्रेषित पत्र में उक्त अधिनियम एवं नियम के सार को सरलीकृत करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा परिपत्र कमांक एफ 13-22/2012/आ.प्र./1-3 24.09.2013 जारी करते हुए शासन के समस्त विभाग, समस्त संभागीय आयुक्त, समस्त जिलाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए प्रावधान किया गया है कि, उक्त परिपत्र की कंडिका-2 के उपकंडिका-2.1 (ट) जहाँ जाति को प्रमाणित करने हेतु कोई दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध न हो तो ग्राम सभा द्वारा आवेदक की जाति के संबंध में पारित संकल्प। अर्थात् आवेदक के पास ग्राम सभा द्वारा पारित संकल्प को भी दस्तावेजी साक्ष्य माना जायेगा, तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्देश कमांक एफ 13-10/2019/आ.प्र./1-3 17.09.2019 द्वारा नगरीय क्षेत्रों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में नगर पंचायत / नगर पालिका परिषद् अथवा सामान्य सभा द्वारा की गई उद्घोषणा को जाति के संबंध में साक्ष्य के रूप में मान्य कर उसके आधार पर नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु समस्त कलेक्टर, समस्त आयुक्त, नगर पालिक निगम तथा समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद् तथा नगर पंचायत को निर्देशित किया गया है।सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण-पत्र बनवाये जाने हेतु नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जिन आवेदकों के पास 1950 के दस्तावेजी साक्ष्य नहीं है, उन्हें उक्तानुसार जाति के संबंध में दस्तावेजी साक्ष्य की सुविधा प्रदान करते हुए जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरलीकृत किया गया है।

## जनसंपर्क विभाग के उप संचालक ललित चतुर्वेदी को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

जनसंपर्क संचालनालय रायपुर में पदस्थ रहे उप संचालक ललित चतुर्वेदी को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों चतुर्वेदी को सुखद एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना की। 39 वर्षों से अधिक समय तक जनसंपर्क विभाग को अपनी सेवाएं देने के बाद चतुर्वेदी सेवानिवृत्त हुए हैं। अपर संचालक उमेश मिश्रा एवं विभाग के अधिकारियों ने चतुर्वेदी को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और उनके सुदीर्घ जीवन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। चतुर्वेदी ने अपनी सेवाओं के 15 साल 7 महीने मध्यप्रदेश में एवं 23 साल 7 माह छत्तीसगढ़ में बिताये। चतुर्वेदी ने कहा कि जनसंपर्क विभाग में बिताये गये 39 वर्षों में बहुत यादगार अनुभव रहे हैं। जनसंपर्क विभाग में अधिकारियों से सदैव मार्गदर्शन एवं स्नेह मिला है, जो उनके लिए अविस्मरणीय रहेगा। अपर संचालक उमेश मिश्रा ने चतुर्वेदी की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की और कहा कि चतुर्वेदी ने सदैव अपने दायित्वों का निर्वहन अच्छी तरह से किया है। कार्य के प्रति उनका समर्पण विभाग के नये अधिकारियों के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम का संचालन कमलेश साहू ने किया। इस अवसर पर संयुक्त संचालक धनंजय राठौर, पवन गुप्ता, बालमुकुन्द तंबोली, हीरालाल देवांगन, उप संचालक छगनलाल लोन्हारे, घनश्याम केशरवानी, नसीम अहमद खान, मुन्नालाल चौधरी, प्रेमलाल पटेल, लक्ष्मीकांत कोसरिया, सहायक संचालक सुनील त्रिपाठी, नूतन सिदार, तेज बहादुर भुवाल, धनेन्द्र बंजारे सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## बीएसएनएल द्वारा बीजापुर जिले में पोर्टेबल सेटेलाइट सिस्टम का प्रदर्शन और 4 जी सेवाओं की पायलट टेस्टिंग

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com





जिले में बीएसएनएल की 4 जी सेवाएँ की पायलट टेस्टिंग, 31 मई 2024 को कलेक्टर बीजापुर अनुराग पाण्डेय की उपस्थिति में की गयी। इस अवसर पर बीएसएनएल बस्तर के महाप्रबंधक शरत चंद्र तिवारी, हेमेन्द्र कुमार गहिरवार, सेत राम साहू, नरसिंग चंद्रा, संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी, दिलीप उईके तथा जिला स्तर के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। 4 जी सेवाओं के परीक्षण के अवसर पर, कलेक्टर बीजापुर द्वारा बीएसएनएल केंद्र बीजापुर स्थित मोबाइल टावर में 4 जी सिग्नल को पॉवर-ऑन कर, बीएसएनएल छत्तीसगढ़ के मुख्यमहाप्रबंधक विजय कुमार छबलानी से टेस्ट वीडियो कॉल के माध्यम से संपर्क किया गया। टेस्टिंग कॉल सफल रही। निकट भविष्य में विधिवत सुविधा प्रदान की जावेगी। बीएसएनएल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस्तर के समस्त जिलों में स्थित बीएसएनएल टावरों को 4 जी सुविधा से सुसज्जित करने का कार्य क्रमबद्ध तरीके से करने हेतु कार्यवाही की जा रही है। इसी दिशा में बीजापुर में 4 जी सेवाएँ की टेस्टिंग की गई। इसके अतिरिक्त 4 जी सैचुरेशन परियोजना पर भी कार्य प्रगति में हैं इस परियोजना में बस्तर के उन गाँवों को शामिल किया गया है जहां किसी भी टेलीकॉम सेवा प्रदाता द्वारा मोबाइल सेवा आरंभ नहीं की गयी है। ऐसे कुल 1018 गाँवों को चिन्हित किए गया है और इन गाँवों को 241 नये टावर के माध्यम से मोबाइल सेवाएँ से कवर किया जाएगा। बीएसएनएल द्वारा आज जिला प्रशासन बीजापुर के लिये सेटेलाइट के माध्यम से विशेष टेलीकॉम सुविधा का प्रदर्शन भी किया गया। सेटेलाइट सेवा के माध्यम से जिला कार्यालय एवं तहसील स्तर के 6 कार्यालयों को जोड़ा जाएगा।

## प्रशासनिक विभागों की लचर व्यवस्था को लेकर पत्रकारों ने की महत्वपूर्ण बैठक

**प्रशासनिक व्यवस्था मे त्वरित सुधार हेतु एसडीओपी व एसडीएम को सौपा हस्ताक्षर युक्त 7 सूत्रीय ज्ञापन**

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रशासनिक विभागों के लचर व गैर जिम्मेदाराना रवैय्या को लेकर पत्रकारों का गुस्सा अंततः फूटा, जिसके चलते शहर के प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी पत्रकार अति आवश्यक बैठक कर शहर के मूलभूत समस्याओं व शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर प्रशासन के ढूलमूल रवैय्या के विरुद्ध व्यवस्था सुधारने बैठक मे विभिन्न निर्णय लिया गया।

### एसडीएम एवं एसडीओपी की उपस्थिति मे हुई महत्वपूर्ण बैठक

स्थानीय विश्राम गृह मे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष अरोरा व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नितिन



तिवारी को समस्त पत्रकारों द्वारा हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौपकर विभिन्न बिन्दुओं के अंतर्गत निर्धारित समयावधि मे निराकरण करने की माँग की गयी जिस पर अधिकारियों ने आचार संहिता के समाप्त होते ही सभी मूलभूत बिन्दुओं को अमल मे लाये जाने की बात कही। 7 सूत्रीय जनहित के बिन्दुओ पर पत्रकारों और अधिकारियो के बीच विस्तृत चर्चा हुई।

### व्यवस्था नहीं सुधरी तो पत्रकारों द्वारा किया जाएगा धरना प्रदर्शन

उपस्थित सभी पत्रकारों द्वारा प्रशासनिक विडंबनाओं पर समय रहते नियंत्रण नही किये जाने पर ह्यस्रद्ध कार्यालय भाटापारा के समक्ष धरना प्रदर्शन व आंदोलन जैसे उग्र कदम उठाये जाने का अल्टीमेंटम अधिकारियो को दे दिया। पत्रकारों द्वारा व्यवस्था सुधार हेतु एसपी और कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया गया।

### लगातार सड़क हादसों की हुई व्यापक चर्चा

शहर के यातायात व्यवस्थाओं को लेकर यातायात प्रभारी रितेश मिश्रा को अवगत कराया गया जिस पर पालिका प्रशासन को सहयोग मे लेकर यातायात व्यवस्था के अनेक पहलुओं पर कसावट लाये जाने की बात कही गई।

## गैर मान्यता स्कूल के अभियान के तहत एनएसयूआई पहुंची कृष्णा पब्लिक स्कूल के परिजनों द्वारा संचालित स्कूल में



**आरटीई का लाभ एक भी। छात्र को नहीं दिया जा रहा है, फीस नियामक के बिना पालकों से मोटी फीस वसूली जा रही है**

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

एनएसयूआई की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा लगातार राजधानी रायपुर के ग़ैर मान्यता वाले स्कूलों में प्रदर्शन किया जा रहा है प्रदेश सचिव कुणाल दुबे ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद प्राइवेट स्कूल संचालक मनमानी कर रहे है सैकड़ों स्कूल बिना मान्यता के संचालित हो रहे है जिनमें आरटीई के एक भी छात्र को भर्ती नहीं किया जा रहा है और न ही एफसे नियामक का पालन किया जा रहा है, पालको को धोखा देकर उनसे मोटी फीस वसूली जा रही है, एनएसयूई सुंदरनगर रायपुर के गैर मान्यता वाले कृष्णा किड्स एकाडमी में पहुँचा, जहां की प्रिंसिपल ने फोन में बताया कि उन्हें मान्यता लेने की आवश्यकता नहीं है और न ही आरटीई के छात्र उनके स्कूल में है, इस स्कूल में लगभग दो सौ से ज़्यादा बच्चे है जिनके खेलने के लिये मैदान उस स्कूल में नहीं है, एनएसयूई की टीम ने स्कूल में अपना ज्ञापन लगा कर स्कूल बंद करने की माँग की है। प्रदर्शन में विशाल मानिकपुरी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, शुभम् शर्मा जिला सचिव, तनिष्क मिश्रा विधानसभा महासचिव, अभिनव बंधे विधानसभा सचिव, कृष्ण मंगतानी उपस्थित थे।

# बालको ने अल्ट्राटेक सीमेंट के साथ किया एमओयू

पायनियर संवाददाता ‹ बालकोनगर
www.dailypioneer.com







भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने श्री अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के साथ समझौता (एमओयू) किया है। इसके अंतर्गत बालको अल्ट्राटेक सीमेंट को 75,000 मीट्रिक टन फ्लाई ऐश की आपूर्ति करेगा, जिसका उपयोग कम कार्बन वाले सीमेंट के उत्पादन में किया जाएगा। कंपनी भारत के कुछ प्रमुख सीमेंट उत्पादकों को उच्च गुणवत्ता वाली फ्लाई ऐश का पसंदीदा आपूर्तिकर्ता बन गया है। इससे सीमेंट उद्योग में फ्लाई ऐश के सस्टेनेबल उपयोग के लिए महत्वपूर्ण सहयोग तथा सर्कुलर इकोनॉमी में बढ़ोत्तरी होगी।

फ्लाई ऐश थर्मल पावर उत्पादन का उप-उत्पाद है जो बालको के एल्युमिनियम प्लांट की बिजली की जरूरतों को पूरा करने से उत्पादित होता है। इसमें विभिन्न उद्योगों में पुनः उपयोग की महत्वपूर्ण क्षमता है। सीमेंट उद्योग में अपने अंतर्निहित सीमेंटीय गुणों के कारण कच्चे माल के तौर पर इसकी मांग है। इसके उपयोग से पानी की खपत में कमी, बेहतर कार्य क्षमता, बेहतर यांत्रिक गुण और टिकाऊपन आदि शामिल है। इसके साथ औद्योगिक उप-उत्पाद होने के कारण फ्लाई ऐश के उपयोग से सीमेंट लागत तथा ऊर्जा बचत हुई है। सीमेंट निर्माण में फ्लाई ऐश का उपयोग करने से लगभग 700-800 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन, 4.2 मिलियन गीगा जूल ऊर्जा और प्रति टन 341 लीटर पानी बचाया जा सकता है।

फ्लाई ऐश का उपयोग सीमेंट के अलावा ईंट निर्माण, सड़क निर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बड़े पैमाने पर परियोजनाओं का कार्यान्वयन हुआ जिससे फ्लाई ऐश के उपयोग में वृद्धि हुई है। बालको के बिजली संयंत्र में उच्च गुणवत्ता वाले कोयला इस्तेमाल से कम सल्फर तथा उच्च गुणवत्ता वाली राखड़ होता है जो सीमेंट उत्पादन, ईंट एवं सड़क निर्माण के लिए आदर्श उत्पाद है। वित्तीय वर्ष 2024 में बालको ने विभिन्न उद्योगों की जरूरतों को पूरा करते हुए 4 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक फ्लाई ऐश की आपूर्ति की है। इस पहल से 150 प्रतिशत राखड़ का उपयोग सुनिश्चित हुआ है। हमारे रिसोर्स एफिशिएंसी और एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी को अधिकतम करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि हम उप-उत्पादों के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करके सर्कुलर इकोनॉमी पहल को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसे इंडस्ट्री एमओयू से कई लाभ हुए हैं जिसमें सीमेंट निर्माण के गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी, लागत में कमी और सस्टेनेबिलिटी लाभ के साथ ही प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन में भी सहायता मिली है। हमारे वेस्ट टू वेल्थ पहल का उद्देश्य वैल्यू चैन को विकसित करना है जो हमारे उप-उत्पादों को अन्य उद्योगों के लिए मूल्यवान संसाधनों में परिवर्तित करते हैं। यह समझौता हमारे रिसोर्स एफिशिएंसी और एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी को अधिकतम करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

अल्ट्राटेक सीमेंट के प्रवीण कुमार, वरिष्ठ महाप्रबंधक (आरएम और ईंधन पूर्वी क्लस्टर) ने एमओयू पर खुशी जाहिर करते हुए इससे होने वाले पारस्परिक लाभों के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि बालको के साथ एमओयू सस्टेनेबल प्रैक्टिस के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। सीमेंट उत्पादन में फ्लाई ऐश का उपयोग न केवल उत्पाद की गुणवत्ता को बढ़ाता है बल्कि हमारे सस्टेनेबिलिटी प्रयासों के प्रति कंपनी की कटिबद्धता को भी दर्शाता है।

# सड़क निर्माण में अनियमितता, बनते ही उखड़ने लगी सड़क, ग्रामीणों ने उठाए गुणवत्ता पर सवाल

## लोक निर्माण विभाग में ठेकेदार और अधिकारियों के मिलीभगत से स्तरहीन सड़क निर्माण की खुली पोल

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





कोण्डागांव जिला में लोक निर्माण विभाग द्वारा आरआरपी 02 (केन्द्रीय सरकार की योजना) के द्वारा गिरोला बेड़ापारा से जड़ीपारा तक आम रहवासियों के लिए यातायात सुलभ करने हेतु सड़क निर्माण किया गया। जिसमे लोक निर्माण विभाग में ठेकेदार और अधिकारियों के मिलीभगत से स्तरहीन सड़क निर्माण से डामर सड़क बनने के बाद जगह जगह उखड़ने लगी है। और रोड बीच से कट जाने के बाद बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रही है लेकिन विभाग अब भी कोई बड़ी अनहोनी की प्रतीक्षा कर रहा है। जिस पर स्थानीय ग्रामीणों ने अब शासकीय योजना के तहत निर्माण कार्य के ठेकेदार व उसके शिकायत पर नरमी बरतने पर जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली के ऊपर सवालिया निशान उठा रहे हैं। जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा गिरोला बेड़ापारा से जड़ीपारा तक 01करोड़ 18 लाख 62 हजार रुपए की लागत से 2 किमी लंबाई सड़क निर्माण मेसर्स एम आजम रिज़्वी धमतरी के द्वारा डामर सड़क निर्माण किया गया है। जिसपर स्थानीय ग्रामीण कहते हैं की पहली बारिश में ही सड़क उखड़ने लगा है।

भोलाराम दीवान, घासीराम दीवान ने बताया की सड़क बने हुए डेढ़ साल हो गया है और सड़क की जर्जर अवस्था है, सड़क बनते समय भी हमने ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर और एसडीओ को बोला था की सड़क निर्माण में सरकारी राशि का दुरूपयोग हो रहा है। यह सड़क जल्दी उखड़ जायेगा। लेकिन ठेकेदार पर प्रशासनिक अमला मेहरबान थे और स्तरहीन सड़क निर्माण का खामियजा हम लोग आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। सड़क बीच से कट जाने से बहुत बार मोटर साइकल वाले गिरे है और कई बार पिकअप वाहन भी फंस चुका है और बस्ती के अंदर नाली बनवानी थी जो नहीं बनाई गई जिससे बरसात का पानी घर के अंदर घुसता है।

**पल्ला झाड़ रहे अधिकारी :** लोक निर्माण विभाग कोण्डागांव के एसडीओ ब्रह्मानंद शर्मा और सब इंजीनियर दीपक प्रधान का कहना है की 5 बार ठेकेदार को रोड संधारण करने के लिए नोटिस भेज चुके हैं लेकिन वह मेंटेनेंस नहीं करता है। साथ ही कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग कोण्डागांव को भी कार्यवाही करने के लिए पत्र लिखे है। आगे एसडीओ ने कहा है की मेरे समय में रोड नहीं बनी है, और 15 दिन में सड़क मेंटेनेंस नहीं होगा तो शासकीय राशि से कार्य करवाया जाएगा जिसके लिए ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**एसक्यूएम टीम और लोक निर्माण विभाग की चेकिंग के बाद भी नहीं हो रही सड़क मरम्मत :** केंद्र सरकार की योजना का लोक निर्माण विभाग कोण्डागांव तो पलीता कर ही रहा है साथ ही स्टेट की एसक्यूएम द्वारा साल में दो बार चेकिंग कराया जाता है। पता नहीं किस रोड का सर्वे करके जाते हैं। जिसके बाद भी एसक्यूएम की टीम और लोक निर्माण विभाग द्वारा ओके भी किया जा रहा है।

# नशाखोरी रोकने के लिए ब्रह्माकुमारी बहनों का प्रयास सराहनीय : राजेश मूणत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा अन्तर्राज्यीय बस टर्मिनल भाठागांव और रेल्वे स्टेशन रायपुर के मुख्य प्रवेश द्वार क्रमांक-2 में एक दिन के लिए नशा मुक्ति आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। रेल्वे स्टेशन में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारम्भ विधायक राजेश मूणत, अपर कलेक्टर निधी साहू, मुख्य स्टेशन प्रबन्धक एन.के. साहू और रायपुर सेवाकेन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने किया। इसी तरह अन्तर्राज्यीय बस टर्मिनल भाठागांव में आयोजित नशा मुक्ति आध्यात्मिक प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक मोतीलाल साहू और ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने किया। साथ में ब्रह्माकुमारी रश्मि दीदी और ब्रह्माकुमारी नीलम दीदी भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर विधायक राजेश मूणत ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि तम्बाकू और शराब आदि से होने वाले नुकसान के बारे में सचेत करके ही आने वाली पीढ़ी को इसके सेवन से बचाया जा सकता है। इस दिशा में ब्रह्माकुमारी आश्रम की बहनों ने नशामुक्ति आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन कर लोगों में जागृति लाने का सराहनीय कार्य किया है। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूँ। अपर कलेक्टर निधि साहू ने कहा कि प्रदर्शनी में नशाखोरी का व्यक्ति और समाज पर पडने़ वाले दुष्प्रभाव तथा उसके निवारण के बारे में वैज्ञानिक ढंग से विश्लेषण किया गया है। यह जीवनमूल्यों की ओर लोगों का जुड़ाव हो इस दिशा में अच्छा प्रयास है। इससे लोगों को अपने जीवन में सुधार करने की प्रेरणा मिल सकेगी। रेल्वे के मुख्य स्टेशन मैनेजर एन.के. साहू ने कहा कि नशा मानव जीवन का सबसे बड़ा शत्रु है। इसी को ध्यान में रखकर प्रदर्शनी में सुन्दर ढंग से नशे के दुष्प्रभाव के बारे में सचेत किया गया है। ब्रह्माकुमारी बहनों के ऐसे प्रयासों से ही नशामुक्त और स्वस्थ समाज बनाने में मदद मिलेगी। डिवीजनल कामर्शियल मैनेजर राकेश सिंह ने कहा कि तम्बाकू और उसके उत्पाद का शरीर और मन पर गहरा दुष्प्रभाव पड़ता है। जन जागरूकता के लिए यह सराहनीय प्रयास है। समाज को जागरूक करने का पवित्र कार्य ब्रह्माकुमारी बहनें कर रही हैं। अन्तर्राज्यीय बस टर्मिनल भाठागांव में विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि स्वस्थ समाज बनाने के लिए लोगों को नशा और दुर्व्यसनों से मुक्ति दिलाना जरूरी है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से ब्रह्माकुमारी बहनें लोगों को अच्छे समाज के निर्माण के लिए प्रेरित कर रही हैं। इस उल्लेखनीय कार्य के लिए उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहनों को बधाई दी।

# प्रशिक्षणार्थियों और पूर्व सैनिकों ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा संचालित निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों और पूर्व सैनिकों ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया द्य अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने युवक एवं युवतियों को जानकारी देते हुए बताया कि हर साल 31 मई को 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' मनाया जाता है जिसका मकसद लोगों को तंबाकू से होने वाले खतरों के बारे में बताना और जागरूक करना है। इसके बाद जिंदगी को यूँ धुएँ में न उड़ाओ.. होश में आओ, होश में आओ के नारे लगाये गये। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के सरंक्षक और बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, सेवारत सैनिक राजू राम नेताम और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 350 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# जल जगार अभियान की हुई शुरूआत, आम नागरिकों से अपील, जल बचाएं आने वाला कल बचाएं

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




गर्मी के मौसम में देश के अधिकांश हिस्सों में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है और इस समस्या से धमतरी जिला भी अछूता नहीं है। राजधानी रायपुर, भिलाई सहित अन्य जिलों को साल भर पानी उपलब्ध कराने वाला धमतरी जिले का गंगरेल डेम आज खुद सूखे की चपेट में आकर सूखने की कगार पर आ गया है। इस विकट समस्या को समझते हुए कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिले में नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के तहत् जल जगार उत्सव मनाने की योजना बनाई, जिसका मुख्य उद्देश्य रैन वाटर हार्वेस्टिग, रूफटर्फ वाटर और वेस्ट वाटर मेनेजमेंट के माध्यम से शुद्ध पानी को भूमि के अंदर भेजना है। अभियान अंतर्गत जिले के 4 विकासखंडों के 5-5 ऐसे गांव जिनमें पानी की समस्या रहती है, उनका चयन किया।

**कार्यशाला एवं बैठक का आयोजन :** प्रथम चरण में जल की महत्ता को समझते हुए भारत सरकार की जल शक्ति मंत्रालय के विशेषज्ञों के सहयोग से जिला स्तरीय अधिकारियों हेतु 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। जल शक्ति मंत्रालय के विशेषज्ञों ने भू जल मुद्दों से निपटने की तकनीको के बारे में विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय चरण में जिले में संचालित सभी निजी स्कूलों, हास्पीटल, रेस्टोरेंट सहित ऐसे भवन जिनका आकार बड़ा है, उन्हें 15 जून तक अनिवार्य रूप से अपने भवन के समीप रेन वाटर हार्वेस्टिंग और रूफ्टर्फ वाटर स्ट्रक्चर बनाने के निर्देश दिये गये।

**कुरूद विकाखंड के नवागावं (थुहा) से कार्यक्रम की हुई शुरूआत :** धमतरी जिले के कुरूद विकासखंड अंतर्गत आने वाले नवागांव थुहा जल जगार कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। जहां ग्रामीणों ने एक स्वर में जल संरक्षण की शपथ ली। इस अवसर पर गांव में जल संरक्षण की दिशा में अच्छा काम करने वाले ग्रामीणों को सम्मानित भी किया गया। गांव में अन्य लोगों को भी जल सरंक्षण की दिशा में काम करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। पीकू - जिले में जल संरक्षण के संबंध में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर गांधी के मार्गदर्शन में लोगो तैयार किया गया है साथ ही छोटे-छोटे वीडियो क्लिप्स भी बनाए गए हैं, जिसके जरिए जिलेवासियों को घरों में पानी का सदुपयोग करने, पानी बचाने की विधि सहित खेतों में कम पानी वाले फसलों के संबंध में प्रेरित किया गया है।

**जागरूकता रैलियों का हो रहा आयोजन :** धमतरी जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में गांवों में जल जगार कार्यक्रम प्रति दिन आयोजित किये जा रहे है। इस दिशा में ग्रामीणों में जल संरक्षण संबंधी जागरूकता हेतु कार्यक्रम के दो-तीन दिवस पूर्व रैलियां, दीवार लेखन, तालाबों व जल स्त्रोतों की सफाई आदि कार्य कर माहौल तैयार किया जा रहा है।

**वाटर हीरो जल प्रहरी नीरज वानखेड़े द्वारा दी जा रही जानकारी :** जल संरक्षण की दिशा में बीते कई वर्षो से कार्य करने वाले नीरज वानखेडे को भारत सरकार ने वाटर हीरो जल प्रहरी की पदवी से सम्मानित किया है। वे जिले के इन पानी की कमी से जुझने वाले गांवों में जाकर जल जगार कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामीणों को पानी की महत्ता को समझा रहे है। साथ ही श्री नीरज वानखेड़े रेन वाटर हार्वेस्टिंग, रूफटर्फ वाटर स्ट्रक्चर और वेस्ट वाटर मेनेजमेंट की तकनीक भी समझा रहे है, जिसे लेकर ग्रामीणों में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता निर्मित हो रही है।

# मुख्य न्यायाधीश सिन्हा ने लंबित प्रकरणों के चिन्हांकित कार्य का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रिट, सिविल एवं क्रिमिनल शाखा में औचित्यहीन लंबित प्रकरणों के चिन्हांकित कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इस मौके पर न्यायिक एवं रजिस्ट्री अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर उन्हें मार्गदर्शन भी प्रदान किया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में 13 मई से 7 जून तक चल रहे ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा के निर्देशानुसार औचित्यहीन लंबित प्रकरणों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, ताकि वादकार, पक्षकार व्यर्थ मुकदमेबाजी से बच सकें। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार औचित्यहीन लंबित प्रकरणों को चिन्हांकित करने की प्रणाली विकसित की गई है, ताकि चिन्हांकित लंबित प्रकरणों को सुनवाई के पश्चात निराकृत किया जा सके। उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश के निर्देशानुसार रिट क्रिमिनल अपील, क्रिमिनल रिवीजन, अवमानना प्रकरणों एवं अन्य प्रकरणों में औचित्यहीन लंबित प्रकरणों का चिन्हांकन कर उन्हें सूचीबद्ध करने का कार्य किया जा रहा है। प्रकरणों का भौतिक सत्यापन जिला न्यायालय बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ न्यायिक अकादमी में पदस्थ न्यायिक अधिकारियों तथा उच्च न्यायालय में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी कर रहे हैं। बीते 15 दिनों से चल रहे इस कार्य का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आज मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने आकस्मिक निरीक्षण किया और इस कार्य में जुटे अधिकारियों-कर्मचारियों से चर्चा कर उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। निराकृत प्रकरणों के स्केनिंग पश्चात भौतिक सत्यापन कर कार्य भी किया जा रहा है। मुख्य न्यायाधीश ने इसका भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा निराकृत प्रकरणों का डिजिटल माध्यम से दीर्घावधि तक संधारण हो सकेगा। औचित्यहीन लंबित प्रकरणों के भौतिक सत्यापन के कार्य का मुख्य न्यायाधीश ने बीते 13 मई को भी आकस्मिक निरीक्षण किया था।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com




कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार तिवारी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेंद्रगढ़ में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मादक पदार्थों का उपयोग नहीं करने के सम्बन्ध में अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाया गया। इस दौरान डॉ. तिवारी ने तम्बाकू का सेवन और स्वास्थ्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि तम्बाकू का सेवन या तो धूम्रपान के रूप में या धूम्रपान रहित रूप में इस्तेमाल किया जाता है। तम्बाकू का उपयोग धूम्रपान बीड़ी, सिगरेट, सिगार, हुक्का आदि के रूप में किया जाता है। धूम्रपान रहित तम्बाकू के सेवन का मुख्य स्रोत तम्बाकू को चबा कर या सूंघ कर किया जाता है। भारत में धूम्रपान रहित तंबाकू का सेवन मुंह के कैंसर का प्रमुख कारण है। तम्बाकू का धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर, हृदय रोग, क्रोनिक ब्रोंकाइटिस कैंसर और वातस्फीति रोगों का एक प्रमुख कारण है। तम्बाकू के धूम्रपान से श्वसन संकट, गैस्ट्रिक अल्सर और गर्भावस्था संबंधी जटिलताएँ भी होती हैं। गर्भावस्था पर धूम्रपान के प्रतिकूल प्रभाव जन्म के समय कम वजन से लेकर सहज गर्भपात, समय से पहले जन्म, मृत जन्म और नवजात मृत्यु की घटनाओं में वृद्धि होती हैं। तम्बाकू का धूम्रपान न केवल उपयोगकर्ताओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएँ पैदा करता है, बल्कि आस-पास के व्यक्ति को भी प्रभावित करता है। आसपास के लोग जिन्हें आम तौर पर गैर-धूम्रपान करने वाला भी कहा जाता है, उन्हें हृदय रोग और फेफड़ों के कैंसर का होने का बड़ा खतरा है।

## विश्व कवि रवींद्रनाथ टैगोर व नजरूल इस्लाम की जयंती

# पखांजुर में 10वीं, 12वीं के ब्लॉक स्तरीय टॉप टेन टॉपरों का सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ पखांजूर
www.dailypioneer.com






विश्व कवि नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर का 163वीं और विद्रोही कवि काजी नजरूल इस्लाम का 125वीं जयंती उपलक्ष्य में बंग समाज दुर्गा पुजा परिसर पखांजुर में 10वीं, 12वीं के ब्लॉक स्तरीय टॉप टेन टॉपरों का कार्यक्रम मंच से कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में कांकेर जिला से टॉप टेन में पायल अधिकारी ने 97.67 सातवे स्थान हासिल कि प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर और माला विश्वास ने 97.33 नौवें स्थान शासकीय हायर सेंकेंड्री स्कूल माटोली से। कक्षा 12 वीं में कंकना घरामी 95.40 प्रतिशत 8वें स्थान शासकीय हायरसेकंडरी स्कूल मड़ोरा से। साथ ही कुः तनिषा सेन बंगला विषय मे 99%, रोहित ठाकुर 98% आदि के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये सादर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जागृति मंच पखांजुर द्वारा आयोजित किया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि मोनिका साहा अध्यक्ष नगरपंचायत पखांजुर, विशेष अतिथि मायारानी सरकार, नयाबजार अध्यक्ष बासु साहा, तारक सरकार शिक्षक विशिष्ट संगीत शिल्पी, तपन राय शिक्षक, मातृभाषा बांगला जागरण समिति अध्यक्ष दीपेंद्र लाल राय, शंकर सरकार समाज सेवक एवं जन प्रतिनिधि आदि अतिथि आमंत्रित रहे। रवीन्द्रनाथ टैगोर और काजी नजरूल इस्लाम के छायाचित्रों के सामने प्रदीप प्रज्वलन किया एवं मुख्य अतिथि ने माल्यार्पण पश्चात विशेष अतिथि और अतिथियों ने फुलमाला, फुल, अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। जागृति मंच पदाधिकारीओं, सक्रिय सदस्यों, साधारण सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि, जनप्रतिनिधिओं, अतिथियों का सादर सुमन स्वागत गुलदस्ता भेट, ब्याज धारण, तिलक लगाकर किया है। मुख्य अतिथि नगरपंचायत अध्यक्ष ने सभा संबोधन करते हुए कहां है कि संगीत, नृत्य, जीवन और साहित्य में भाषा का महत्व, जीवनशैली, चारित्रिक महत्व, आदर्शो के पथ पर अटल अविराम संघर्ष कर वास्तविक अनुवभ से शिक्षा अर्जित कर जीवन के हर असंभव को संभव, हर नामुमकिन को मुमकिन मे बदलने कि कला विकासित करने का अपिल के साथ- साथ कार्यक्रम मंच से छात्रा-छात्राओं, सभी प्रतिभागी एवं दर्शकों को का हौसला बुलंद कर प्रेरित किया। अतिथिगण स्वयं प्रेरणा का स्रोत बने औरों को बहुत अधिक उत्साहित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम शुभारम्भ आजि बांग्ला देशेर दुआर होते रबीन्द्रनाथ टैगोर संगीत से उदघाटन हुआ। ततपश्चात गीत-संगीत, नृत्य, कविता आबृत्ति, मुकाभिनय आदि संगीत शिल्पी एवं तमाम कलाकारों ने सारगर्भित सुन्दर-अतिसुन्दर अपनी-अपनी प्रस्तुती दी है। जागृति मंच उपदेष्टा मण्डली के सदस्य मृणाल कांति बैरागी, रबीन्द्रनाथ विश्वास, सम्भितलाल दास, पी.के मण्डल, पी.के साहा, सुभाष मण्डल, भुपति मण्डल आदि। अध्यक्ष रबींद्रनाथ मिस्त्री, उपाध्यक्ष ऋषिकेश मजुमदार, सचिव निबास अधिकारी, उपसचिव देबाशीष मण्डल, कोषाध्यक्ष रथिन्द्रनाथ बैनर्जी, सांस्कृतिक सम्पादक जतन विश्वास, मंच का सक्रिय सदस्य सुदर्शन दास, अशोक मृधा, कल्पना चंद, ज्योत्स्ना अधिकारी आदि, सदस्य दीपाली धर, बनाली दिक्षीत, उषा रानी सरकार, दीपेंद्र लाल राय, सीमा समद्दार, गणेश ढाली, अंजू पाल, बीना चक्रवर्ती, तारापद विश्वास, गरीमा शील आदि द्वारा अथक मेहनत एवं महत्वपूर्ण योगदान के बदौलत कार्यक्रम सफल हुआ। जतन विश्वास, भूपति मण्डल आदि ने मंच संचालन किया। तारापद विश्वास तबला, सुकलाल सरकार अक्टो-पैड, अमृत विश्वास ऑरगन, बीना चक्रवर्ती हारमोनियम, पुरुषोत्तम सरकार तबला आदि ने बादन यंत्रों में अथक सहयोग दिया। सभी प्रतिभागियों एवं टॉपारों को रबींद्र-नजरुल की अनमोल बानी, प्रतिक चिन्ह बापन पाल एल आई सी-सी आई एल सी द्वारा स-प्रेम भेट दिया गया। तापस पाल एल आई सी बीमा सलाहकार अधिकारी द्वारा टॉप टेन टॉपारों को एवं मातृभाषा बांग्ला भाषा में उत्कृष्ट छात्रा-छात्राओं को सप्रेम भेट देकर सम्मानित किया गया है।

# शो फीस बनकर रह गया है नलजल योजना का चबुतरा, ग्रामीण अब भी हेंड पंप के भरोसे

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत बागबाहरा के ग्राम पंचायत बिन्द्रावन के आश्रित ग्राम नक्टापार मे कुल जन संख्या लगभग 360 ग्रामीण निवासरत है। यहां के ग्रामीणों ने बताया कि इस वार्ड नं 11 और 12 मे सन 2021 मे जल ही जीवन मिंशन के तहत नल जल योजना के तहत ठेकेदार के द्वारा गली को खोदकर पाइप लाइन तो डाल दी गई है और सभी के घरो मे नल का कनेक्शन चबुतरा गिट्टी सिमेंट से बना तो दिया गया है। किंतु दो साल बीत जाने के बाद भी इस वार्डो मे अब तक पानी की सप्लाई शुरू ही नही हुई है। नल के चबुतरा बना शो फीस इस वार्ड के ग्रामीण सिर्फ हेंड पंप के भरोसे मे उल्लेखनीय है कि ज्येष्ठ का महिना नौतपा भीषण गर्मी तापमान 44 डिग्री इन दिनो चल रही है भीषण गर्मी के चलते जल स्तर गिरने से इस वार्ड के दोनो हेंड पंपो की सांसे रुकने लगा है। रुक कर



चल रही है। इस हेंड पंप से चार से पांच ही बाल्टी ही पानी निकलने के बाद हेंड़ल खडा हो जाता है इस वार्ड के लोग पेय जल पीने योग्य पानी के लिए बहुत ही परेशानी झेलना पड़ रहा है। भीषण गर्मी को देखते हुए इस वार्ड के महिलाओं व ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से पेय जल पीने योग्य पानी का तत्काल व्यवस्था करने की मांग की है। यदि नही की गई तत्काल व्यवस्था तो वार्ड के लोग तालाब का पानी पीने को मजबूर होना पड़ सकता है। इस दौरान इस वार्ड के महिला चन्द्राबाई चक्रधारी, पानो बाई चक्रधारी उर्वसी मोहिनी बिमला बाई उर्मिला लीलावती पुर्णिमा बाई पिंगला मोतिन प्रभा पांड़े रिना जयंती पुष्पा जया दुलमत लक्ष्मी बाई खिरो बाई राधा हीराबाई गायत्री बाई लोकनाथ पांडे सुमेल निषाद चंदुलाल हीरालाल अंजोर चक्रधारी बालेश्वर जीवल लाल युधिष्ठिर चुलेश्वर पांडे राकेश आदि ने तत्काल शुद्ध पेयजल पानी की व्यवस्था करने की मांग शासन प्रशासन से की है।

## बड़ौदा आरसेटी में दिया जाएगा मोटर रिवाईंडिंग और पुरूष सिलाई प्रशिक्षण

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में 30 दिवसीय निःशुल्क एवं आवासीय सुविधायुक्त इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग एवं मरम्मत तथा पुरूष सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार युवा आवेदन कर सकते हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि आवेदन के साथ राशनकार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड की फोटोकॉपी और 4 पासपोर्ट साईज फोटो, कम्पोजिट भवन के पीछे स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में जमा किया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 73899-43193 और 97559-17024 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन 6 जून को

**धमतरी।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 21 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन आगामी 6 जून को किया जायेगा। कलेक्टर नम्रता गांधी ने स्थानीय बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में सुबह 7 बजे से आयोजित इस समापन समारोह में उपस्थित होने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

# जिले में मनाया गया विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

### लोगों से तम्बाकू उत्पादों से दूर रहने की गई अपील

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पूरे विश्व में 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस तारतम्य में कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर जिले के समस्त शासकीय अस्पतालों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के सम्बंध में विविध प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले में सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर तम्बाकू उत्पादों से दूर रहने और इसके चंगुल में आने पर नजदीक के नशा मुक्ति केंद्रों में संपर्क करने की शपथ दिलाई गई। इस वर्ष की थीम है बच्चों को तम्बाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना। जागरूकता कार्यक्रम में जिला



कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि शर्मा के सुझाव पर मॉडल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिस पर कई रोचक मॉडल प्रदर्शित करते हुए लोगों को तम्बाकू उत्पादों से दूर रहने की अपील की गई। इसमें श्रेष्ठ मॉडलों को पुरस्कृत भी किया गया जागरूकता कार्यक्रम में सबसे रोचक रहा कंकाल और मुँह के कैंसर का मास्क लगा के शहर के व्यस्त स्थानों जैसे बस स्टैंड, अंबेडकर चौक पर पान की दुकानों पर जा कर लोगों को बीड़ ,सिगरेट ,गुटखा खाने के लिए मना करना। लोगों में इस प्रकार के जागरुकता प्रचार को लेकर कौतुहल भी रहा तथा उन्होंने इससे सीख भी ली। कंकाल और मास्क के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम स्थानीय कलेक्टर कार्यालय में कई विभागों में जाकर तम्बाकू उत्पाद छोड़ने की अपील करने भी गई। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर के अनुसार दुनिया भर में हर साल तम्बाकू से होने वाली बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हो जाती है। एक अनुमान के अनुसार भारत का हर 9 वां व्यक्ति तम्बाकू का सेवन करता है। तम्बाकू कई प्रकार की लाइलाज बीमारियों जैसे फेफड़े, मुँह का कैंसर, नपुंसकता, हृदय रोग, बाल, नाखून,त्वचा की समस्या पैदा करता है। जिले में तम्बाकू उत्पादों के नशा मुक्ति के लिए जिला अस्पताल में एक तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्र भी चल रहा है जहां परामर्श के साथ-साथ दवाइयां भी दी जाती हैं। मुँह के कैंसर की पहचान के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जांच करवाई जा सकती है। इसके अतिरिक्त जिले में तंबाकू नियंत्रण कानून (कोटपा) एक्ट के तहत पुलिस और प्रशासन के सहयोग से चालानी कार्यवाही की जाती है। इसके तहत सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने, खुलेआम तंबाकू से संबंधित सामग्री बेचने पर कार्रवाई

# अवैध शराब पर आबकारी विभाग की करवाई

### 80 ब.ली. हाथभट्ठी कच्ची महुआ शराब सहित 1 बाईक जब्त

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के.एल चौहान के निर्देश पर जिले में अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं परिवहन पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिस तारतम्य में गस्त के दौरान कसडोल क्षेत्र के थाना गिधौरी अन्तर्गत ग्राम हसुआ बलौदा में टीम द्वारा 320 पाउच (प्रत्येक 250 मि.ली. लगभग) कुल मात्रा 80 ब.ली. महुआ मदिरा आरोपी द्वारा मोटर सायकल में परिवहन करते हुये पकड़ा गया तथा 80 ब.ली.महुआ शराब के साथ मोटर सायकल को को भी विभाग द्वारा जब्त किया गया है।



आरोपी शिवा गोंड पिता शंकर गोंड निवासी ग्राम हसुआ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2), 59 (क) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक मोतिन बंजारे, आबकारी मुख्य आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, नगर सैनिक दुर्गेशवरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी एल.के.गायकवाड़ के द्वारा दी गई है। उन्होंने साथ ही कहा की आगे भी अवैध मदिरा परिवहन,धारण चौर्यनयन के विरूद्ध सख्त जारी रहेगी।

# ईश्वर का बड़ा दावा, बनने जा रही इंडिया महागठबंधन की सरकार

पायनियर संवाददाता < कसडोल
www.dailypioneer.com

युवा कांग्रेस पूर्व ब्लाक अध्यक्ष एवं वर्तमान डी.एम.एफ. सदस्य बलौदा बाजार-भाटापारा ईश्वर यादव ने दावा किया की आने वाले 4 जून को केंद्र में इंडिया महागठबंधन की सरकार बनने जा रही ह, चार जून को लोकसभा चुनावों के नतीजे आने वाले हैं लेकिन उससे पहले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हार को लेकर ईश्वर ने बड़ा दावा किया है,उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में इंडिया महागठबंधन की लहर है, हम जनता के बीच हाजिरी देने जा रहे हैं, पिछले 10 सालों में



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ भी काम नहीं किया तथा जितने भी वादे किए उनकी सरकार के द्वारा उसे पूरा नहीं किया गया, प्रत्येक व्यक्ति के खाते में 15 लाख रुपये डालने का वादा पीएम मोदी ने किया था, किसानों की आय दोगुना करने की बात की थी लेकिन जब किसान आंदोलन कर रहे थे उन पर डंडे बरसाए गए, पूर्व में मोदी सरकार द्वारा युवाओं को 2 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था जबकि 30 लाख सरकारी नौकरियां खाली पड़ी हैं, इन 30 लाख पदों को भरने का काम हमारी महागठबंधन की सरकार करने जा रही है, हिंदुस्तान के स्नातकों के लिए नया अधिकार लाने जा रहे हैं जिसका नाम पहली नौकरी पक्का अधिकार होगा। 4 जून को इंडिया महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है,युवा,महिला एवं किसानों के विकास के लिए इंडिया महागठबंधन की सरकार निश्चित ही बड़े कदम उठाएगी।

# विहिप एवं बजरंग दल ने दुर्गावाहिनी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का किया सम्मान





पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें दुर्गावाहिनी और बजरंग दल के सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीपक लाखोटिया अध्यक्ष सुधीर गुप्ता एवं विशेष अतिथि के रूप में अविनाश दुबे, हेमराज सोनी और बीथिका विश्वास शामिल हुए। सभी प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकर्ताओं को सम्मानित अतिथियों द्वारा आशीर्वाद स्वरूप प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। सुधीर गुप्ता द्वारा मजबूत संगठन के संचालन को समझाया गया। हेमराज सोनी ने सुबोध राठी के साथ अपने द्वारा किए हिंदुत्व कार्यो से उत्साह वर्धन किया गया। प्रान्तीय अधिकारी मोहन साहू के मार्गदर्शन एवं रामचन्द्र देवांगन के नेतृत्व एवं सन्दीप अग्रवाल के सफलता पूर्वक संचालन में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## सेवानिवृत्त छत्तरसाय बरिहा को पुलिस अधीक्षक ने शाल-उपहार देकर किये ससम्मान विदाई

### सहा उप निरीक्षक बरिहा ने 38 वर्ष 4 माह तक दी पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस विभाग में सेवानिवृत्त हो रहे सउनि छत्तरसाय बरिहा ने लगातार 38 वर्ष 04 माह तक अपनी सेवाएं देकर शुक्रवार 31 मई 2024 को अपनी अधिवार्षिकी सेवा पूर्ण करने पर पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय एवं पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। सेवा निवृत्त सउनि बरिहा जिला राजनांदगांव में वर्ष 1986 में आरक्षक पद में भर्ती होकर अपनी सेवाएं दी और पदोन्नति प्राप्त कर धमतरी जिले में प्रआर से सहा उप निरीक्षक के पद पर पद्दोन्नत होते हुए सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत हुए सहा उप निरीक्षक को प्रशस्ति पत्र, उपहार भेंट व शाल ओढ़ाकर भाव-भीनी विदाई दी गयी तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की प्रार्थना करते हुए समस्त पुलिस परिवार की ओर से सेवानिवृत्ति की शुभकामनाऐं दी गयी। विदाई समारोह में उप पुलिस अधीक्षक भावेश साव, डीएसपी नक्स ऑप्स आरके मिश्रा, एसआरसी लक्ष्मी ध्रुव, स्टेनो अखिलेश शुक्ला, रीडर सउनि दिनेश चंदेल एवं सेवा निवृत्त सउनि के परिजन एवं पुलिस अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कार्यालय धमतरी के अधिकारी, कर्मचारियों ने अच्छे स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

## कलेक्टर नम्रता गांधी ने सेवानिवृत्त हुए 8 शासकीय सेवकों को प्रदाय किया पेंशन प्राधिकार पत्र



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी ने 31 मई 2024 को सेवानिवृत्त हुए जिले के 8 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर गांधी ने सेवानिवृत्त हुए सभी अधिकारी, कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ रहने की कामना की। सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी घसिया राम माण्डले, व्याख्याता शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनहरण सिंह भास्कर, उच्च श्रेणी शिक्षक देवकी कुम्हार, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला मगरलोड लखनलाल धीवर, उच्च श्रेणी शिक्षक नगरी नरेश कुमार ध्रुव, प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला धमतर किरण साहेब, हेमन्त गिरी गोस्वामी और प्रधानपाठक प्राथमिक शाला धमतरी कल्याण सिंह साहू शामिल हैं।

## लिमतरा परिक्षेत्र में साहू समाज द्वारा आयोजित कोचिंग क्लास का समापन

### छात्र-छात्राओं को भविष्य तय करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने के दिए निर्देश





पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

लिमतरा परिक्षेत्र में साहू समाज द्वारा आयोजित निःशुल्क कैरियर गाइडेंस एवं कोचिंग क्लास का समापन हुआ जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमराज सोनी समाजसेवी धमतरी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता हंसराज साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज लिमतरा विशिष्ट अतिथि ऊकेश्वरी साहू सरपंच ग्राम पंचायत बोडरा, प्राचार्य सीसीएल साहू, नंद झरोखा साहू कोषाध्यक्ष तहसील साहू समाज धमतरी, बंशीलाल साहू ग्रामीण अध्यक्ष साहू समाज बोडरा परिक्षेत्र पदाधिकारी, ज्ञानानंद साहू गुलाब साहू, चुनु राम साहू, श्रवण साहू, दुष्यंत साहू, लोमस साहू, सावित्री साहू, रेणुका साहू, पूर्णिमा बनपेला ग्रामीण पदाधिकारी प्रीतम साहू डोरेलाल साहू लखन साहू महेंद्र साहू शासकीय हाई स्कूल स्टाफ के आर साहू पीके जोशी, माला, शार्दुल एवं नवमी 10वीं 11वीं 12वीं के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा छात्र-छात्राओं को निशुल्क का कोचिंग क्लास एवं कैरियर गाइडेंस का भरपूर लाभ लेने के लिए बधाई दी और सभी छात्र-छात्राओं को भविष्य तय करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने के निर्देश दिए गए पढ़ाई के साथ ही साथ खेल कूद स्वास्थ्य मानसिक सभी विषयों पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं हंसराज साहू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सब ने इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया इसके लिए आप सबका आभार और छात्र-छात्राओं से निशुल्क का कोचिंग क्लास एवं कैरियर गाइडेंस का भरपूर उपयोग अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए करने का आव्हान किया।

## मेघदूत एप्प के जरिए लगाया जा सकेगा मौसम का पूर्वानुमान

**धमतरी।** आकाशीय बिजली से निपटने के लिए मेघदूत एप्प मुख्य रूप से मौसम पूर्वानुमान जैसे तापमान, वर्षा की स्थिति, हवा की गति एवं दिशा इत्यादि से संबंधित एप्प है। इससे किसान अपने क्षेत्र की मौसम से संबंधित पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त एप्प को गूगल प्ले स्टोर के जरिए किसी भी एंड्राइड मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकता है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे इस एप्प के उपयोग के संबंध में संबंधित क्षेत्र में निवासरत पटवारी, शासकीय शिक्षक, पंचायत सचिव के जरिए वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार तथा कोटवार के माध्यम से मुनादी कराकर मोबाइल फोन पर डाउनलोड कराने के लिए जागरूक किया जाए।



### अशोक ताम्हने का निधन

**भाटापारा।** मॉडर्न इंग्लिश स्कूल भाटापारा के संचालक अशोक ताम्हने (70 वर्ष) का 31 मई को सुबह 8 बजे निधन हो गया। उनकी पत्नी प्रीति ताम्हने, पुत्र चिराग एवं पुत्री तृप्ति के साथ पूरा परिवार को वे छोड़ गये। उनका अंतिम संस्कार भाटापारा में किया गया।

# गौ सेवा और गौ रक्षा हमारा परम धर्म है : आचार्य नंदकुमार शर्मा

पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

समीपस्थ ग्राम भैंसा (पौंसरी) मे चल रही भागवत कथा के छठवे दिन गुरुवार को छत्तीसगढ़ अंचल के प्रसिद्ध भागवत प्रवक्ता आचार्य पं. नंदकुमार शर्मा, निनवा तिल्दा वाले भगवान कृष्ण की बाल माधुर्य लीला की कथा बताये जिसे सुनकर सभी श्रद्धालुगण मंत्र मुग्ध हो गए। आचार्य शर्मा ने बताया कि भगवान कृष्ण ने केवल छः दिन के उम्र मे सर्वप्रथम पूतना नामक राक्षसी का वध किया। कंस का भेजा हुआ पूतना भगवान के अस्तित्व को समझ नहीं पायी और कृष्ण को जहर पीला कर मारने की योजना बना कर आयी। लेकिन भगवान कृष्ण ने उनका वध करके उनका उद्धार कर दिया। उन्होंने बताया कि पूतना ही अविद्या माया है। जब मनुष्य के जीवन मे अविद्या माया आती है। भ्रम एवं अज्ञान भी इसके पर्याय है। यह चेतनता की स्थिति तो हो सकती है, लेकिन इसमें जिस वस्तु का ज्ञान होता है, वह मिथ्या होती है। सांसारिक जीव अहंकार अविद्याग्रस्त होने के कारण जगत् को सत्य मान लेता है और अपने वास्तविक रूप, ब्रह्म या आत्मा का अनुभव नहीं कर पाता। एक सत्य को अनेक रूपों में देखना एवं मैं, तू, तेरा, मेरा, इत्यादि का भ्रम उसे अविद्या के कारण होता है। आगे आचार्य जी माखन चोरी लीला, कालिया मर्दन आदि लीलाओं का वर्णन किए। उन्होंने बताया कि





भगवान कृष्ण गौ माता की महत्ता और सेवा को सरोकार करने के लिए गौ चारण लीला भी किए। आचार्य शर्मा ने कहा कि गौमाता की महिमा अपरंपार है। मनुष्य अगर जीवन में गौमाता को स्थान देने का संकल्प कर ले तो वह संकट से बच सकता है। मनुष्य को चाहिए कि वह गाय को मंदिरों और घरों में स्थान दे, क्योंकि गौमाता मोक्ष दिलाती है। पुराणों में भी इसका उल्लेख मिलता है कि गाय की पूंछ स्पर्श मात्र से मुक्ति का मार्ग खुल जाता है। उन्होंने बताया कि गाय की महिमा को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता। मनुष्य अगर गौमाता को महत्व देना सीख ले तो गौमाता उनके दुख दूर कर देती है। गाय हमारे जीवन से जुड़ी है। उसके दूध से लेकर मूत्र तक का उपयोग किया जा रहा है। गौमूत्र से बनने वाली दवाएं बीमारियों को दूर करने के लिए रामबाण मानी जाती हैं। गौ माता के शरीर मे 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है। एक गौ माता की पूजा करने से 33 कोटि देवी देवताओं के पूजा हो जाती है। आचार्य शर्मा ने कहा कि रोज सुबह गौ-दर्शन हो जाए तो समझ लें कि दिन सुधर गया, क्योंकि गौ-दर्शन के बाद और किसी के दर्शन की आवश्यकता नहीं रह जाती। लोग अपने लिए आलीशान इमारतें बना रहे हैं यदि इतना धन कमाने वाले अपनी कमाई का एक हिस्सा भी गौ सेवा और उसकी रक्षा के लिए खर्च करें तो गौमाता उनकी रक्षा करेगी इसलिए गौ-दर्शन को सबसे सर्वोत्तम माना जाता है। गाय और ब्राह्मण कभी साथ नहीं छोड़ते हैं लेकिन आज के लोगों ने दोनों का ही साथ छोड़ दिया है। जब पांडव वन जा रहे थे तो उन्होंने भी गाय और ब्राह्मण का साथ मांगा था। समय के बदलते दौर में राम, कृष्ण और परशुराम आते रहे और उन्होंने भी गायों और संतों के उद्धार का काम किया। उन्होंने बताया कि रोज सुबह गौ-दर्शन हो जाए तो समझ लें कि दिन सुधर गया, क्योंकि गौ-दर्शन के बाद और किसी के दर्शन की आवश्यकता नहीं रह जाती। लोग अपने लिए आलीशान इमारतें बना रहे हैं यदि इतना धन कमाने वाले अपनी कमाई का एक हिस्सा भी गौ सेवा और उसकी रक्षा के लिए खर्च करें तो गौमाता उनकी रक्षा करेगी इसलिए गौ-दर्शन को सबसे सर्वोत्तम माना जाता है। लोगों को नहीं मालूम कि भविष्य में बड़ी समस्याओं का हल भी गाय से मिलने वाले उत्पादों से मिल सकता है। आने वाले दिनों में संकट के समय गौमाता ही लोगों की रक्षा करेगी। इस सच्चाई से लोग अनजान हैं।गौ माता ही हमारी संस्कृति और धर्म में ऐसे देवता के रूप में प्रतिष्ठित है,जिनकी नित्य सेवा और दर्शन करने का विधान हमारे शास्त्रों ने किया है। आचार्य शर्मा ने गृहस्थ नर नारियों को संकेत करते हुए कहा जिस घर मे गौ माता का पूजन होता, उस घर में माता लक्ष्मी की कृपा सदा बनी रहती है और अकाल मृत्यु कभी नहीं होती। सारे यज्ञ करने में जो पुण्य है और सारे तीर्थ नहाने का जो फल मिलता है, वह फ्ल गौ माता को चारा डालने और उनकी सेवा करने मात्र से सहज ही प्राप्त हो जाता है। आगे आचार्य जी अनेकानेक कथाओं का वर्णन करते हुए भगवान कृष्ण और रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाए. पूरा कथा पंडाल भगवान के विवाहोत्सव मे झूम उठे और नृत्य किए।

# बख्शी जी के संस्मरणों से होती है आत्म गौरव की अनुभूति : आचार्य शर्मा

## साहित्य वाचस्पति की जयंती पर भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com







हमें अपने पूर्वजों, महापुरुषों और उनके साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्मरणों से स्वाभिमान और आत्मगौरव की अनुभूति होती है। जिस देश-समाज की किसी पीढ़ी में यदि ऐसी सोच नहीं होती तो उसका विनाश प्रायः निश्चित है। इसलिये मरण से बचना है तो गौरवों का स्मरण करो। संस्कृति के पुरोधा साहित्य सर्जक एवं पत्रकार, साहित्य वाचस्पति डॉ.पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी पर केन्द्रित यह संस्मरण समारोह एक आदर्श और अनुकरणीय आयोजन है। ये उद्गार हैं इस्पात नगरी के साहित्य संस्कृति मर्मज्ञ आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा के। वे कायस्थ समाज द्वारा दिग्विजय कालेज राजनांदगांव में आयोजित उक्त समारोह में विशेष आमंत्रित वक्ता के रूप में साहित्य प्रेमियों की सभा को सम्बोधित कर रहे थे। देश - विदेश के अनेक सफल शैक्षणिक और साहित्यिक भ्रमण कर चुके आचार्य डॉ.शर्मा ने आगे कहा कि खैरागढ़ - राजनांदगांव के डॉ.पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी ने बनारस के सेन्ट्रल हिन्दू कालेज से उच्च शिक्षा प्राप्त की और नांदगांव में संस्कृत शिक्षक के रूप में सेवा शुरू की। अन्य साहित्यकारों के समान संस्कृत पृष्ठभूमि ने उन्हें प्रसिद्ध साहित्यकार बनाया। इधर अंग्रेजी साहित्य और पत्रकारिता के ज्ञान और अनुभव ने उनके व्यक्तित्व का और भी विकास किया। प्रसिद्ध निबंधकार और "सरस्वती" पत्रिका के प्रधान संपादक आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने बख्शी जी की विशेषज्ञताओं से प्रभावित होकर उन्हें "सरस्वती" के संपादक का दायित्व भी दिया, ये छत्तीसगढ़ के लिये गर्व की बात है। वक्तव्य के क्रम में बख्शी जी की सुपौत्री एवं भिलाई की प्रसिद्ध कथाकार डॉ.नलिनी श्रीवास्तव ने बताया कि आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी संस्कृत महाकवि भारवि के दो श्लोकों की बख्शी द्वारा की गई व्याख्या से बहुत प्रभावित हुए और उन्हें "सरस्वती" का सम्पादक मनोनीत किया। बहुभाषाविद् बख्शी जी को हिन्दी और संस्कृत के अलावा मराठी, बांग्ला और अंग्रेजी का भी अच्छा ज्ञान था। अंग्रेजी कहानी "फैट" का हिन्दी अनुवाद "तारिणी" नाम से "हितकारिणी" में प्रकाशित और लोकप्रिय हुआ। इस आयोजन में दिग्विजय कालेज की प्राचार्या डॉ.अंजना ठाकुर, पूर्व प्राचार्य हेमलता महोबे, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ.शंकर मुनि राय, खैरागढ़ के डॉ.जीवन यदु " राही " एवं दुर्ग के डॉ. जय प्रकाश साव? समेत कई साहित्यविदों ने अच्छे विचार रखे। वक्तव्यों के पूर्व सभी साहित्यकारों ने त्रिवेणी परिसर में बख्शी जी, मुक्तिबोध जी और डॉ.बलदेव प्रसाद मिश्र की त्रिमूर्ति पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण किये। लेखकों, कलाकारों और विद्यार्थियों को भी सम्मानित और पुरस्कृत किया गया। डॉ.महेश शर्मा और डॉ.नलिनी श्रीवास्तव को स्मृति चिह्न, लेखनी और नोटबुक देकर अभिनन्दित किया गया। आयोजन में कायस्थ समाज के संरक्षक भोला बख्शी आदि का विशेष योगदान रहा। अधिवक्ता अमलेन्दु हजारा ने सफल संचालन किया और अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला देबू ने सबका आभार ज्ञापित किया।

# नगर निगम भिलाई की अवैध प्लाटिंग पर लगातार कार्यवाही जारी

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा भिलाई क्षेत्र में हो रहे अवैध प्लाटिंग पर लगातार कार्यवाही जारी है। भिलाई नगर निगम को जानकारी मिली की ग्राम कोहका के खसरा क्रं. 2136, 2142, 2143, 2144, 2145 लगभग 2 एकड़ भूमि में अवैध प्लाटिंग किया जा रहा है जिस पर नगर निगम के बिल्डिंग परमिशन आफिसर हिमांशु देशमुख, जोन के राजस्व अधिकारी अपनी टिम के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की तथा वहां पर जैसे ही नगर निगम का टीम पहुंचा बुकिंग करने वाले दलाल स्थल छोड़ के भाग गये। नया बुकिंग अपडेट अयप्पा नगर का मिला जिसमें जगह को चिन्हित करके प्लाट के रूप में बेचा जा रहा था। जिला कलेक्टर महोदया एवं आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव का स्पष्ट निर्देश है कि मकान या दुकान के लिए प्लाट खरीदने से पहले उसका राजस्व विभाग से सत्यता की जानकारी अवश्य कर लेवे। प्लाट खरीदने से पहले ध्यान देने योग्य बाते नगर पालिक निगम भिलाई के भवन अनुज्ञा शाखा, राजस्व विभाग के हल्का पटवारी के पास या टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिग विभाग जा करके सत्यापन करा लेवे की यह प्लाट मकान या दुकान बनाने लायक है या नहीं केवल रजिस्ट्री करा लेना ही नहीं सब कुछ नहीं है। मकान के लिए रोड नाली, पानी, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओ की आवश्यकता पड़ती है प्लाट खरीद लेने के बाद हितग्राही मकान, दुकान बनवाने के लिए नगर निगम भिलाई से भवन अनुज्ञा विभाग में आवेदन करने पर जब उन्हे ज्ञात होता है की उनका प्लाट अवैध है टाउन इन कन्ट्री प्लानिग से अप्रुवल नहीं है मकान या दुकान बनाने का परमिशन नहीं मिल सकता है तब उन्हे बहुत हताशा होती है। नगर निगम भिलाई बार बार अवैध प्लाट पर कार्यवाही करते हुए अपील कर रही है की प्लाट खरीदते समय सावधानी बरते। कार्यवाही के दौरान कोई भी प्लाट विक्रेता स्थल पर उपस्थित नहीं रहेता, जब कभी प्लाट क्रेता को पता चलता है कि हमारे प्लाट पे नगर निगम भिलाई द्वारा तोड़फोड़ किया जा रहा है। तब वह रजिस्ट्री लेके उपस्थित होता है और दिखाता है कि मैने इस प्लाट को खरीद लिया है। उसे जब यह ज्ञात होता है की जिस प्लाट को वह बहुत ही आशा के साथ मकान या दुकान बनाने के लिए खरीदा है जब वह अवैध है तो बहुत निराश हो जाता है। जबकि यह गलत है।

# निगम क्षेत्र में आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण हो गुणवत्तापूर्णः आयुक्त

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र मे हो रहे नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रो के निर्माण को देखने पहुंचे निगम आयुक्त। जिससे आंगनबाड़ी के निर्माण की गुणवत्ता एवं आवश्यक सुविधा में किसी प्रकार की बाधा न हो। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव प्रातः भ्रमण के दौरान भिलाई निगम क्षेत्र के वार्ड 29 वृन्दा नगर में बन रहे नवीन निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रो का निरीक्षण किये तथा निगम के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी को आवश्यक निर्देश दिये की निर्धारित समय अवधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण सभी आगनबाड़ी केन्द्रो का निर्माण हो जाना चाहिए। साथ ही आंगनबाड़ी के कमरो का निर्माण, दरवाजे, खिड़की, पानी, शौचालय एवं प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कार्य करे। आंगनबाड़ी का निर्माण इस प्रकार से किया जाये की बच्चो को बैठन खेलने में में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में शासकीय आंगनबाड़ी केंद्र का स्वयं का भवन नहीं होने के कारण किराए के भवनों में आंगनबाड़ी चलना पड़ता है इसलिए शासन द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद नगर निगम क्षेत्र में शासन के आदेश अनुसार नवीन आंगनबाड़ी का निर्माण किया जा रहा है जो निर्धारित समय में पूर्ण हो जाएगा। जिससे आस-पास के बच्चो को आंगनबाड़ी आने जाने में सुविधा हो बच्चो के खेलने के लिए भी उपयुक्त स्थल मिल सके।

# बारिश से पूर्व सभी खुले चेम्बरो को आयुक्त ने दिया ढकने का निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में वृहद पेयजल योजना के अंतर्गत सभी जोन क्षेत्र में पाईप लाईन बिछाई गई है। जहां पर ज्वाइंट वॉल्ब लगाये जाते है वहां पर चेम्बर बनाया जाता है। इसी प्रकार से जोन में जहाँ पर अंडर ग्राउण्ड सिवरेज लाईन है, जहां घरो पर ज्वांइट लगता है जहां पर भी खुले चेम्बर पाये जाये उसे स्लेब ढक्कन से ढक दिया जाये। जिससे बारिश के समय में पानी भरने पर किसी भी जानवर, राहगीर आदि का दुर्घटना न हो। सनद रहे की बारिश में यदि खुला चेम्बर छूट जाता है तो पानी भर जाने के बाद जानवर, राहगिरो के गिरने की दुर्घटना बनी रहती है उसको रोकने के लिए आयुक्त देवेश ध्रुव ने सभी जोन आयुक्त एवं इंजिनियरो को निर्देश दिये है 10 जून तक सभी खुले चेम्बरो पर ढक्कन लग जाना चाहिए। ढक्कन लगाने की कार्यवाही निगम के सभी क्षेत्रो में चल रही है। अगर कही पर खुला चेम्बर दिखता है, तो आम नागरिक अपने क्षेत्र के जोन कार्यालय को सूचित कर देगें तो वहॉ भी खुले चेम्बर पर ढक्कन लगा दिया जायेगा। आयुक्त ध्रुव ने सभी जोन आयुक्त एवं इंजिनियर, सुपरवाईजर, जेड. एच.ओ. को निर्देशित किये है की सभी चेम्बरो पे ढक्कन लगा दिया जाये, कुछ चेम्बर ऐसे भी हैं जिनका ढक्कन खसक गया है या नीचे गिर गया है उसे भी चिन्हांकित करके लगा दिया जाये जिससे बरसात में पानी भरने की स्थिति में दुर्घटना न हो।

# पोकलेन से की जा रही है बड़े नालों की सफाई

## 5 किलोमीटर से ज्यादा नालों की सफाई पूर्ण

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



बरसात पूर्व पानी निकासी एवं बाढ़ से निपटने निगम प्रशासन द्वारा दो महीने पूर्व से तैयारी की जा रही है। पिछले दिनों से बड़े पोकलेन के माध्यम से बड़े नालों की सफाई चल रही है। 6 दिनों में 5 किलोमीटर से ज्यादा बड़े नालों की सफाई की गई है। पोकलेन से बड़े नालों की सफाई 23 मई से शुरू हुई है। इसमें अब तक लक्ष्मीपुर पुलिया से कार्मेल स्कूल पलिया तक, लक्ष्मीपुर से इंदिरा नगर भोला गली पुलिया तक, भोला गली पुल से जोगीडीपा पुलिया तक, जोगीडीपा पुल से धोबीपारा पुलिया तक एवं बैजनाथ मोदी नगर नाले की सफाई पूर्ण कर ली गई है। सफाई के दौरान नलों में जमे मलवे, कचरा को बाहर निकाला जा रहा है एवं नालें की पूर्ण सफाई की जा रही है। अब तक 5 किलोमीटर से ज्यादा शहर के बड़े नालों की सफाई बड़े पोकलेन के माध्यम से की गई है। इसमें आने वाले दिनों में रामभांठा, भगवानपुर कांदाजोर नाला, चिरंजीव दास नगर नाला, रोज गार्डन होते हुए टीवी टावर के पीछे तक पोकलेन से नालों की सफाई की जाएगी। इसी तरह निगम के छोटे पोकलेन से भी शहर के छोटे नाले नालियों की सफाई चल रही है। निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों एवं संबंधित सफाई दरोगा को नाले सफाई की सतत निरीक्षण करने एवं तय फॉर्मेट में प्रति दिवस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# फाइट द बाइट मच्छर उन्मूलन अभियान का भिलाई चरौदा निगम द्वारा किया जायेगा क्रियान्वयन

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई-3
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दुर्ग ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार सभी निकायों में मच्छर उन्मूलन के लिए फाइट द बाइट कार्यक्रम चलाया जाना है। नगर निगम भिलाई-चरोदा कार्यालय में निगम स्तर पर मच्छर उन्मूलन कार्य हेतु गठित टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न हुई। निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सी.पी.एम. चरोदा द्वारा फाइट द बाइट अभियान अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों के संबंध में उपस्थित जनों को जानकारी प्रदान की। बता दे कि मच्छर उन्मूलन के लिए किये जा रहे प्रयासों में फाइट द बाइट अभियान 3 चरणों में चलाया जायेगा। पहला चरण प्रिपरेशन एंड अवेयरनेस जिसमें मच्छर और उसके लार्वा को पनपने से रोके जाने संबंधी तैयारी और जन जागरूकता का प्रचार होगा। वही दूसरे चरण में योजना को क्रियान्वित किया जाना है। इस कड़ी में सब्जी मार्केट, मटन मार्केट समेत समस्त सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई के अलावा नियमित मॉनिटरिंग की जायेगी। जिससे कही भी गंदगी युक्त स्थान देखने को ना मिले। घरों में बर्तन मांजने वाले स्थान, टायर में जमा पानी साथ ही गमले और कूलर में जमे पानी से होने वाले नुकसान की जानकारी से नागरिकों को अवगत कराकर मच्छर से पनपने वाली बीमारियों से रोकथाम किया जा सके। इसके पश्चात तीसरे चरण में जागरूकता और बचाव के लिए किये गए उन सभी कार्यों का आकलन और फालोअप किया जाएगा, जिससे मच्छर के लार्वा को पनपने से रोका जा सके।

# आयुक्त ने की राजस्व वसूली की समीक्षा राजस्व अधिकारी-सहायक राजस्व निरीक्षकों की ली क्लास

- सभी सहायक निरीक्षक शत- प्रतिशत वसूली वार्डो में एवं भवन/ भूमियों के टैक्स के साथ-साथ नये मकानों का करें सर्वेः आयुक्त

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा निगम दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत निवासरत समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि वह अपने भवन भूमियों के संपत्ति कर एवं अन्य करो की राशि जल्द से जल्द जून 2024 से पूर्व जमा कर दें एवं 6त्र संपत्ति कर छूट प्राप्त करें। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, आरके बोरकर सहित, योगेश सूरे के अलावा राजस्व निरीक्षकों की बैठक ली गई। बैठक में उन्होंने स्पष्ट रूप से राजस्व अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षकों को हिदायत दी गई कि वह अपने-अपने वार्डों में जाकर भवन भूमि स्वामियों से संपर्क करें एवं करो की राशि जमा करावे। इस हेतु सहायक राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी वार्ड वार लगाई गई है। इनका फोन नंबर नगर निगम द्वारा जारी किया गया है करदाता सीधे सहायक राजस्व निरीक्षकों से मिलकर उन्हें टैक्स की राशि जमा करने हेतु संपर्क कर सकते है। नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा करदाताओ को सुविधा प्रदान करते हुए बोरसी एवं आदित्य नगर जोन कार्यालय में भी जाकर टैक्स की राशि जमा करवा सकते हैं एवं जल्द ही ऑनलाइन करने की सुविधा करदाताओं को प्राप्त होगी नगर निगम में शुरुआती आवश्यक तैयारी पूरी कर ली है एवं जल्द ही ऑनलाइन करों की राशि स्वीकार की जावेगी भवन / भूमि टैक्स ऑनलाइन भी जमा कर सकेंगे। आयुक्त नगर निगम दुर्ग के द्वारा समय-समय पर टैक्स वसूली की समीक्षा की जावेगी। सभी राजस्व निरीक्षक अपने-अपने वार्डों में घूम कर भवन भूमियों के टैक्स के साथ-साथ नए भवनों का सर्वे का कार्य भी करेंगे।भवन स्वामी अपने संपत्तिकर की राशि जमा करवाकर छूट का लाभ उठा सकते हैं। शानिवारअवकाश के दिनों में भी आधे दिन नगर निगम का काउंटर टैक्स जमा करने के लिए खुला रखा जा रहा है। नगर निगम के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में भी संपत्तिकर जमा करने के लिए काउंटर है। जिसके लिए आयुक्त लोकेश चन्द्रकर के द्वारा आदेश जारी कर सहायक राजस्व निरीक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# पीएचडी भी करवाई जाए छत्तीसगढ़ी भाषा में, उठी मांग, एमए छत्तीसगढ़ी योग्यता धारियों को अतिथि व्याख्याता बनाने की पहल पर जताया आभार

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार से छत्तीसगढ़ी भाषा को बढ़ावा देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर एमए छत्तीसगढ़ी के प्रवर्तक और साहित्यकार दुर्गा प्रसाद पारकर ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से भेंट की। उन्होंने एमए छत्तीसगढ़ी योग्यताधारियों को अतिथि व्याख्याता बनाने की पहल किए जाने पर छत्तीसगढ़ सरकार का आभार जताया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री अग्रवाल को दुर्गा प्रसाद पारकर ने बताया कि एमए छत्तीसगढ़ी योग्यताधारी युवाओं को अतिथि व्याख्याता बनाने आदेश जारी करने से एमए छत्तीसगढ़ी की पढ़ाई कर चुके युवाओं में हर्ष है। दशक भर पहले इस विषय की पढ़ाई शुरू करने की मांग प्रमुख रूप से उठाने वाले और बाद में एमए छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारी युवाओं को शासकीय सेवाओं में भर्ती की मांग करने वाले साहित्यकार दुर्गा प्रसाद पारकर ने शासन की पहल पर संतोष जताया है। उन्होंने मंत्री अग्रवाल को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने मांग की है कि कला स्नातक में स्वतंत्र विषय के रूप में छत्तीसगढ़ी साहित्य की शुरुआत की जाए, छत्तीसगढ़ी भाषा में पीएचडी स्वीकृत की जाए और छत्तीसगढ़ी भाषा में एम. फिल स्वीकृत की जाए। मंत्री अग्रवाल ने आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद तमाम विषयों पर सरकार गंभीरता से विचार करेगी। दुर्गा प्रसाद पारकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन ने एमए छत्तीसगढ़ी योग्यताधारी अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति करने 3 अप्रैल 2024 को आदेश जारी किया है। उच्च शिक्षा संचालनालय आयुक्त शारदा वर्मा के हस्ताक्षर से जारी इस आदेश में राज्य के समस्त विश्वविद्यालय के कुलपतियों से कहा गया है कि एमए छत्तीसगढ़ी विषय के अध्यापन हेतु छत्तीसगढ़ी विषय में ही स्नातकोत्तर की योग्यता रखने वाले आवेदकों को अतिथि व्याख्याता के तौर पर चयन की कार्यवाही की जाए। इसे आवश्यकता अनुसार विश्वविद्यालय के भर्ती नियमों में यथा स्थान संशोधन की कार्रवाई भी की जाए।


**सार्वजनिक सूचना**

गीके कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स लिमिटेड (कॉर्पोरेट देनदार) की कॉर्पोरेट दिवाला प्रक्रिया माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, कटक के आदेश दिनांक 29.11.2023 के तहत शुरू हुई।
संहिता की धारा 14 के अनुसार, कॉर्पोरेट देनदार की किसी भी परिसंपत्ति को हस्तांतरित करना, भारग्रस्त करना या आवंटित करना अवैध है, क्योंकि संहिता की धारा 25(2) में निर्दिष्ट किया गया है कि कॉर्पोरेट देनदार की परिसंपत्ति का नियंत्रण और संरक्षण समाधान पेशेवर में निहित है।
यह पता लगाया गया है कि प्लॉट नंबर: 410/1, 511/1, 411/2, 411/3। जिसे 15006/1 एवं 15006/30 द्वारा अद्यतन किया गया है, खतियान संख्या 1202 जिसका माप 15006/1: 1.4969 हेक्टेयर है। एवं 15006/30: 0.0027 हेक्टेयर ग्राम: लाभांडी, हल्का: 00065, तहशील: रायपुर, जिला: रायपुर, राज्य: छत्तीसगढ़ (नमंतरण क्रमांक: 4407252/211123/33809/19/11/2023) और के परिसर के भीतर है प्रोजेक्ट कल्पवृक्ष एकमात्र संपत्ति है और गीके कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स लिमिटेड की संपत्ति है।
जनता के सभी सामान्य सदस्यों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्ति को किसी भी तरीके से हस्तांतरित, भारग्रस्त, अलग या निपटाया नहीं जा सकता है और ऐसा करने का कोई भी प्रयास उनके कानूनी जोखिम, लागत और परिणाम पर होगा।

ऋणदाताओं की समिति के आदेश से
**सौमित्र लाहिरी**
समाधान पेशेवर के मामले में
**गीके कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स लिमिटेड**
आईबीबीआई/आईपीए-001/आईपी-पी00734/2017-2018/11232
फ्लैट 14डी और ई, टावर-32, जेनेक्स वैली, जोका, डायमंड हार्बर रोड, कोलकाता 700104
ईमेल: slahiri0207@gmail.com, geekaycolonizers.ibc@gmail.com
फ़ोन: +91 33 23903644, सेल: +91 8420969857

**न्यायालय तहसीलदार शिवरीनारायण, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

आम जनता को सुचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका नीता सोनी पिता/पति स्व. रामलखन ग्राम शिवरीनारायण के द्वारा ग्राम शिवरीनारायण में अपने स्वयं नीता सोनी के जन्म दिनांक 22/07/1986 को हो जाने पर जन्म प्रमाण पत्र हेतु आदेश जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतः प्रस्तुत आवेदन पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो अपना आपत्ति दिनांक 13/06/2024 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**शिवरीनारायण**

**न्यायालय तहसीलदार चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202405140100018/ शीर्ष भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(6क) एवं (7-ख)/आदिवासी की भूमि/पट्टे पर प्राप्त शा.भूमि/सन् 2023-24
ग्राम मचान्दुर

// उद्घोषणा //

एतद द्वारा सर्व संबंधित एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आम मुख्त्यार सत्येन्द्र किरी पिता स्व. मोहन लाल किरी निवासी गुरूनानक वार्ड चारामा तहसील चारामा द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत संयुक्त खाते में भूमि स्वामी हक की औद्योगिक प्रयोजन परिवर्तित भूमि ग्राम मचान्दुर पटवारी हल्का नंबर 02 तहसील चारामा में स्थित खसरा नंबर 322 रकबा 2.14 हेक्टेयर परिवर्तित लगान 13644 रूपये है को व्यापार व्यवसाय के लिये ऋण राशि के प्रतिभूति स्वरूप पंजाब नेशनल बैंक शाखा धमतरी में बंधक रखने हेतु अनुमति प्रदान करने कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर में आवेदन प्रस्तुत करने पर जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा के माध्यम से प्राप्त हुआ।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विधिवत् अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 12.06.2024 को स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार**
**चारामा**
**जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार चारामा जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202405140100017 / शीर्ष भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(6क) एवं (7-ख)/ आदिवासी की भूमि / पट्टे पर प्राप्त शा. भूमि / सन् 2023-24
ग्राम मचान्दुर

// उद्घोषणा //

एतद द्वारा सर्व संबंधित एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आम मुख्त्यार सत्येन्द्र किरी पिता स्व. मोहन लाल किरी निवासी गुरूनानक वार्ड चारामा तहसील चारामा द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत संयुक्त खाते में भूमि स्वामी हक की औद्योगिक प्रयोजन परिवर्तित भूमि ग्राम मचान्दुर पटवारी हल्का नंबर 02 तहसील चारामा में स्थित खसरा नंबर 300/1 रकबा 0.607 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 314 रकबा 0.75 हेक्टेयर परिवर्तित लगान 19695 रूपये है को व्यापार व्यवसाय के लिये ऋण राशि के प्रतिभूति स्वरूप पंजाब नेशनल बैंक शाखा धमतरी में बंधक रखने हेतु अनुमति प्रदान करने कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर में आवेदन प्रस्तुत करने पर जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा के माध्यम से प्राप्त हुआ।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विधिवत् अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 12.06.2024 को स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार**
**चारामा**
**जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार चारामा जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202405140100015/शीर्ष भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(6क) एवं (7-ख)/आदिवासी की भूमि/पट्टे पर प्राप्त शा.भूमि/सन् 2023-24
ग्राम मचान्दुर

// उद्घोषणा //

एतद द्वारा सर्व संबंधित एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आम मुख्त्यार सत्येन्द्र किरी पिता स्व. मोहन लाल किरी निवासी गुरूनानक वार्ड चारामा तहसील चारामा द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत संयुक्त खाते में भूमि स्वामी हक की औद्योगिक प्रयोजन परिवर्तित भूमि ग्राम मचान्दुर पटवारी हल्का नंबर 02 तहसील चारामा में स्थित खसरा नंबर 300/2 रकबा 0.235 हेक्टेयर परिवर्तित लगान 2107 रूपये है को व्यापार व्यवसाय के लिये ऋण राशि के प्रतिभूति स्वरूप पंजाब नेशनल बैंक शाखा धमतरी में बंधक रखने हेतु अनुमति प्रदान करने कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर में आवेदन प्रस्तुत करने पर जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा के माध्यम से प्राप्त हुआ।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विधिवत् अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 12.06.2024 को स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार**
**चारामा**
**जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार चारामा जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202405140100016/शीर्ष भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(6क) एवं (7-ख)/आदिवासी की भूमि/पट्टे पर प्राप्त शा.भूमि/सन् 2023-24
ग्राम जैसाकर्रा

// उद्घोषणा //

एतद द्वारा सर्व संबंधित एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आम मुख्त्यार सत्येन्द्र किरी पिता स्व. मोहन लाल किरी निवासी गुरूनानक वार्ड चारामा तहसील चारामा द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) भूमि स्वामी हक की व्यवसायिक प्रयोजन परिवर्तित भूमि ग्राम जैसाकर्रा पटवारी हल्का नंबर 05 तहसील चारामा में स्थित खसरा नंबर 89/1 रकबा 0.11 हेक्टेयर परिवर्तित लगान 3384 रूपये है को व्यापार व्यवसाय के लिये ऋण राशि के प्रतिभूति स्वरूप पंजाब नेशनल बैंक शाखा धमतरी में बंधक रखने हेतु अनुमति प्रदान करने कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर में आवेदन प्रस्तुत करने पर जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा के माध्यम से प्राप्त हुआ।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विधिवत् अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 12.06.2024 को स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार**
**चारामा**
**जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

// ईश्तहार //

क्रमांक 321/क/भू.व्यप/अविअ/24 सरायपाली दिनांक 30/05/2024

आवेदिका निलकुमारी पति तोषकुमार उर्फ तोषराम वगै. निवासी ग्राम लालमाटी तहसील पिथौरा जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम सरायपाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 413/15 शामिल 414/9, 413/19 रकबा क्रमशः 0.0290, 0.0090 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 14/06/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सरायपाली**

**शपथ पत्र**

मैं रायमती आयु 45 साल पति हृषिकेश पाल जाति गाड़ा निवासी ग्राम घुचापाली पोस्ट मल्दामाल तहसील सरायपाली जिला महासमुन्द छ.ग. की हूँ मैं लिखे अनुसार शपथपूर्वक सत्य कथन करती हूँ-

1. यह कि मेरा नाम रायमती है और मेरे पति का नाम हृषिकेशपाल है।
   मेरे नाम पर आधार कार्ड नंबर 4914 1138 0671 बना है आधार कार्ड में मेरा नाम रायमती हृषिकेशपाल अंकित है हिन्दी वर्णमाला हरीशेष पाल अंकित है अंग्रेजी वर्णमाला अनुसार हरीशेष पाल मेरे पति का नाम अंकित है जो सही है।
2. यह कि मेरे नाम पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा सरायपाली में खाता क्रमांक 33387 807452 संधारित है। इस संधारित खाता में मेरा नाम रायमती पाल पति हृषिकेश पाल अंकित है।
3. यह कि उक्त आधार नंबर 4914 1138 0671 में अंकित नाम तथा उक्त बैंक खाता में लिखी हुई नाम मुझ शपथ करने वाली एक ही महिला के ही नाम है।
4. यह कि मैं बैंक से लेन-देन सुविधा हेतु अपना आधार कार्ड अनुसार रायमती हरीशेष पाल के अनुसार बैंक से खाता संधारित करना चाहती हूँ। मुझे रायमती हरीशेष पाल के नाम से ही जाना माना पहचाना जावे।

**शपथककर्ती**

## संपादकीय

# इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध गंभीर संकट

**इज़राइल-फिलिस्तीन युद्ध** बहुत लंबा खिंचता जा रहा है जिसके भयानक मानवीय रूप से त्रासद परिणाम सामने आए हैं। उर्दू में 'राफ़ा' का अर्थ बेहतरी या समृद्धि है, पर इस शहर में बच्चों समेत कम से कम 45 लोगों की मौत हुई। ये एक शरणार्थी शिविर में थे जो गाजा में इज़राइली हवाई हमले का शिकार बन गया। स्वाभाविक रूप से इस कृत्य की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निन्दा हुई तथा इज़राइल फिलिस्तीन से युद्ध के मामले पर और अलग-थलग पड़ गया। कुछ ही दिन पहले अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने 'यहूदी राष्ट्र' को राफा में कार्रवाई बंद करने का आदेश दिया था। हालांकि, संयुक्त राष्ट्रसंघ की सर्वोच्च अदालत ने पिछले सप्ताह ही इज़राइली बलों को कार्रवाई बंद करने का आदेश दिया था, लेकिन उनके सीमावर्ती शहर पर हमले जारी रहे जो लंबे समय से देश में अंतिम शरणस्थली बना हुआ है। इस बीच इज़राइली हमलों के कारण फिलिस्तीनियों के प्रति बढ़ती एकजुटता का नतीजा 'आल आईज़ आन राफ़ा' नारे पर केन्द्रित हैं जो सोशल मीडिया में बहुत लोकप्रिय हो गया है। यह गाजा शहर में लगातार जारी नरसंहार की ओर संकेत करता है और बहुत से लोगों ने हैशटैग आल आईज़ आन राफा पर शोक संदेश भेजे हैं। इस नारे के प्रयोग से वर्तमान युद्ध के प्रति जागरूकता पैदा करने में सहायता मिली है। इस महीने के प्रारम्भ में सीमा पार गाजा में इज़राइल द्वारा सैनिक कार्रवाई तेज करने तथा क्रासिंग पर कब्जे के पहले राफा गाजा में मानवीय सहायता भेजने का प्रमुख बंदरगाह था। राफा में लड़ाई के कारण एक मिलियन से अधिक फिलिस्तीनी विस्थापित हुए हैं। इनमें से बहुसंख्य पहले ही इज़राइल और हमास के बीच संघर्ष के कारण विस्थापित हो चुके हैं। इस बीच व्हाइट हाउस के अनुसार, संभवतः अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन




इज़राइल के प्रति अपना दृष्टिकोण नहीं बदल रहे हैं क्योंकि इस घटना ने अभी वह 'लाल रेखा पार नहीं की है' जिससे अमेरिकी समर्थन में परिवर्तन पर विचार किया जा सके।

ऐसा इस तथ्य के बावजूद है कि पिछले साल 7 अक्टूबर को युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार इज़राइली टैंक मध्य राफा में पहुंचे हैं। इज़राइल को वैश्विक स्तर पर एक और धक्का लगा है जो संभवतः गाजा पट्टी में रक्तपात समाप्त करने का व्यापक संकेत है। हालांकि, किसी को केवल हमास आतंकियों के मारे जाने पर चिन्ता नहीं थी, पर अब स्पेन, नार्वे और आयरलैंड ने फिलिस्तीन की स्वतंत्रता को मान्यता दे दी है। इन तीन देशों ने किसी राज्य का अस्तित्व स्वीकार करने के बजाय केवल उसकी संभावना स्वीकारी है। इस परिवर्तन के परिणामस्वरूप फिलिस्तीनी अथारिटी तथा तीन देशों के बीच निकट राजनयिक संबंध स्थापित हो जाएंगे। सब ने घोषणा की है कि वे फिलिस्तीन को 1967-पूर्व की सीमाओं के आधार पर स्वीकार करते हैं जिसकी राजधानी पूर्वी येरूशलेम है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 193 सदस्यों में से 143 ने फिलिस्तीन को मान्यता दे दी है। नवीनतम स्वीकृति इस बात का प्रमाण है कि इस अवधारणा का आर्थिक व राजनयिक रूप से शक्तिशाली पश्चिमी देशों में समर्थन शायद बढ़ रहा है। इज़राइल ने पहले ही पश्चिमी किनारे पर कब्जा कर लिया है तथा गाजा पट्टी उसके घेरे में है। इज़राइल वहां एक युद्ध लड़ रहा है जिसमें 36,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। ऐसे में ऐतिहासिक रूप से प्राचीन फिलिस्तीन का कुछ बचा नहीं है। हालांकि, इज़राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उन्होंने राफा में मौतों को एक 'त्रासद भूल' कहा है।

# सोने के दिल वाला शोमैन राजकपूर, जिनकी रग-रग में बसता था संगीत

प्रशांत शर्मा, रायपुर





2 जून 2024 को जाने-माने फिल्मकार, अभिनेता और फिल्म इंडस्ट्री के शो मैन राजकपूर को इस दुनिया से अलविदा कहे पूरे 36 साल हो जाएंगे। 2 जून 1988 को फिल्मी दुनिया का एक चमकता सितारा सदा के लिए एक किवदंती बन गया। उनकी पुण्यतिथि जब भी आती है, सोशल मीडिया हो या फिर रेडियो, टीवी की दुनिया, उनके गाने जरूर बजते हैं। उन पर फिल्माए ऐसे- ऐसे सुरीरे नगमे हैं, जब कभी सुनाई दे जाएं तो लोग अपने आप को गुनगुनाने से रोक नहीं पाते हैं। गीत जब मधुर होता है और लोकप्रिय भी तो लोग उसके संगीतकार और गायक कलाकारों को याद करते हैं, लेकिन राजकपूर के साथ ऐसी बात नहीं थी, वे बकायदा गाने में रुचि लेते थे और जब भी उसकी रिकॉर्डिंग होती थी, वे वहां पहुंच जाते थे और फिर चाहे पूरा दिन ही उन्हें क्यों ना देना पड़े वे एक - एक गाने को वक्त देते थे। इसलिए हर गाना उनका अपना गाना बन जाता था। फिल्म के निर्माता राजकपूर होते थे तो वे फिर क्या कहने। दरअसल इसके पीछे उनका संगीत के प्रति प्रेम ही था। वे अच्छे गायक भी थे और ठीकठाक हारमोनियम और तबला भी बजा लिया करते थे। इसलिए रिकॉर्डिंग स्टुडियो में उनकी आखिरी तक दखल रही।

फिल्म हीना का निर्देशन का जिम्मा भी उन्होंने उठाया था। इसी फिल्म एक गाने की रिकॉर्डिंग का एक वीडियो अक्सर सोशल मीडिया में दिख जाता है जिसमें राजकपूर साहब रिकार्डिंग स्टुडियो के बाहर बैठे हुए हैं और लता मंगेशकर माइक में गाना गा रही हैं-गीत 'चिट्ठीए नि दर्द फिराक वालिये'। संगीतकार रवीन्द्र जैन भी वहां पर मौजूद थे। फिल्म में एकमात्र यही गाना था जिसे नक्श लायलपुरी ने लिखा बाकी सभी गाने रवीन्द्र जैन की रचना थे। यह दूसरी फिल्म थी, जिसमें राजकपूर ने रवीन्द्र जैन को संगीत का जिम्मा सौंपा था। फिल्म के गाने सभी लोकप्रिय हुए थे। फिल्म 28 जून 1991 को रिलीज हुई थी। राजकपूर ने संगीतकार रवीन्द्र जैन ने पहली बार 1985 में राम तेरी गंगा मैली फिल्म में मौका दिया था। लता मंगेशकर टेक 6 में यह गाना शुरू करती हैं- चिट्ठी.. ना ना ना और वे दोबारा टेक 7 में गाना शुरू करती हैं। इस गाने को रिकॉर्ड करने के दौरान राजकपूर आंखे मूंदकर लता की आवाज और गाने के भाव को महसूस करते नजर आते हैं। उनके चेहर पर एक संतोषजनक मुस्कान हैं जो यह बताती हैं कि वे इस गाने को लेकर कितने संतुष्ट हैं। पर इस फिल्म का वे निर्देशन कर पाते उसके पहले ही भगवान के घर से उनका बुलावा आ गया। बाद में उनके बड़े बेटे रणधीर कपूर ने फिल्म के निर्देशन का जिम्मा उठाया।

खैर हम बात कर रहे थे राजकपूर के संगीत पक्ष की खूबियों की, तो इस महान कलाकार की एक आदत थी कि उन्हें यदि कोई धुन पसंद आ जाती थी तो वे अपनी अगली फिल्म में उसे लेकर एक गाना जरूर बनाते थे और वो गाना फिल्म का टाइटिल सॉग हुआ करता था। यही बात गाने की थी। राजकपूर को यदि कोई गाना पसंद आ जाता तो वे तत्काल उसे अपने फिल्म के लिए बुक कर लेते थे फिर उस फिल्म को बनने में कितना ही वक्त क्यों ना लगे उस दौर में गीतकारों को वाहवाही तो मिलती थी, लेकिन उन्हें मेहनताना कम मिलता था। राजकपूर ने यह ट्रैंड बदला और गीतकारों को तवज्जो भरपूर दी।

राजकपूर की फिल्मों के गाने लोगों को इसलिए भी पसंद आते हैं, क्योंकि उनमें जान हुआ करती है। उन्होंने बहुत से संगीतकारों- गीतकारों के साथ काम किया, लेकिन सबसे ज्यादा मौका शंकर-जयकिशन और गीतकार शैलेन्द्र को दिया।

आज उनके एक लोकप्रिय गीत रमैया वस्तावैया' पर हम चर्चा करते हैं। इस गाने के बनने के पीछे की एक रोचक कहानी है। दरअसल, 'वस्ता वैया' तेलुगू शब्द है। जब 1955 को श्री 420 फ़िल्म की शूटिंग चल रही थी, तो पूरी म्यूजिक टीम मस्ती करने के लिए खंडाला जाया करती थी।इस टीम में शंकर,-जयकिशन, गीतकार शैलेन्द्र और हज़रत जयपुरी शामिल थे और वो अक्सर चाय और नाश्ता के लिए रोड साइड रेस्टोरेंट में चले जाया करते थे। उसी रेस्टोरेंट में एक वेटर था जिसका नाम 'रमैया' था।

संगीतकार शंकर हमेशा अपना आर्डर उस वेटर को ही देते थे क्योंकि शंकर भी हैदराबाद से ही थे और उन्हें तेलगु भी आती थी। उस दिन भी शंकर ने ऑर्डर के लिए रमैया को आवाज़ दी, लेकिन वह किसी और काम में व्यस्त था तो उसने उन्हें इंतज़ार करने को कहा। थोड़ा इंतजार करने के बाद उन्होंने फिर कहा 'वस्तावैया?' जिसका मतलब होता है 'जल्दी आओ'। इसके बाद शंकर 'रमैया वस्तावैया' गुनगुनाने लगे जिसके साथ साथ जयकिशन टेबल बजाने लगे। लेकिन सिर्फ एक लाइन से मामला न जमते देख, शैलेन्द्र ने तुरंत जोड़ा- 'मैंने दिल तुझको दिया।' इस तरह बेहतरीन गाना बन गया। राज कपूर को भी यह गाना काफी पसंद आया और उन्होंने फिल्म में इसे शामिल किया। गाने का फिल्मांकन जरा भी बनावटी नहीं है। यह राजकपूर की अपनी सादगी थी जो लोगों को छू जाती थी।

गीतकार शैलेन्द्र के साथ उनका ऐसा अटूट रिश्ता बना कि लोग उनकी जोड़ी को कभी भूला नहीं पाए। शैलेन्द्र को इप्टा के एक कार्यक्रम में राजकपूर ने सुना था। शैलेन्द्र ने गीत पढ़ा था - 'जलता है पंजाब हमारा जलता है पंजाब.' कार्यक्रम समाप्त होने के बाद राज कपूर शैलेन्द्र के पास गए। बोले, 'मैं राज कपूर हूँ। पृथ्वीराज कपूर का बेटा। फिल्म 'आग' बना रहा हूँ. आप उसके लिए गीत लिखेंगे। ' उन दिनों शैलेन्द्र का आदर्शवाद चरम पर था। उन्होंने उत्तर दिया,'मैं साहित्य रचता हूँ फ़िल्मों - इल्मों में पैसे के लिए नहीं लिखता। 'राज कपूर उदास लौट आए। बात आई गई हो गई। इसी बीच शैलेन्द्र की पत्नी शकुंतला माँ बनने वाली ली। बंबई में शैलेन्द्र के पास घर नहीं था। पत्नी शकुन झाँसी की रहने वाली थीं। शैलेन्द्र ने सोचा उन्हें झाँसी भेज दिया जाए. कम से कम आने वाले मेहमान का स्वागत अच्छा हो जाएगा। उस वक्त शैलेन्द्र कडक़ी में थे। जेब में दो चार सौ रूपए भी नहीं थे कि शकुन को दे सकते। उन्हें तब राज कपूर की याद आई। वे राज कपूर के महालक्ष्मी दफ्तर में जा पहुंचे। राजकपूर से कहा-, 'आपको याद है। एक दिन आप मुझसे गाना मांगने आए थे। 'राजकपूर ने कहा, 'कविराज! बिलकुल याद है। 'शैलेन्द्र ने कहा,'मुझे पांच सौ रूपए अभी चाहिए। आपको जो भी काम कराना है करा लीजिए।' राज कपूर ने उन्हें पाँच सौ रूपए तुरंत दे दिए। बोले,' कविराज! आप चिंता न करें। कोई जल्दी नहीं है, मैं आपको बता दूँगा। '

शैलेन्द्र ने पाँच सौ रूपए पत्नी शकुन के हाथ में रखे और कहा ,'जाओ, अच्छी तरह झाँसी जाओ और नए मेहमान का स्वागत धूम धाम से होना चाहिए। 'इसके बाद वे पिता बने और कुछ पैसा आया तो शैलेन्द्र राज कपूर के पास गए और पाँच सौ रूपए लौटाने लगे। राज कपूर ने कहा 'कविराज ! इसे अपने पास रखो। मेरी फ़िल्म 'बरसात' के दो गीत बचे हैं। आपका मन हो तो लिख दीजिए। 'फिर शैलेन्द्र ने दो गीत दिए, जो बरसात के सुपर हिट गीत थे। एक गीत उसका टाइटल सांग था - 'बरसात में हमसे मिले तुम सनम, तुमसे मिले हम। 'इसके बाद शैलेन्द्र फ़िल्मी दुनिया के पहले टाइटल सांग राइटर बन गए।

शीर्षक गीत लिखने का यह रिकॉर्ड हमेशा शैलेन्द्र के नाम रहा। इस फ़िल्म के बाद शैलेन्द्र और राजकपूर की जोड़ी ऐसी जमी कि लोग देखते रह गए। राज कपूर उन्हें अपना पुश्किन कहते थे। जब शैलेन्द्र ने फणीश्वर नाथ रेणु की कहानी 'मारे गए गुलफ़ाम' के आधार पर फ़िल्म 'तीसरी क़सम' बनाने का फ़ैसला किया तो उसके नायक राज कपूर ही थे। हीरामन के अनूठे रोल में। दिलचस्प यह है कि एक दिन राज कपूर ने शैलेन्द्र से कहा,'मेरा मेहनताना दो। 'शैलेन्द्र के पास उन्हें देने के लिए सौ रूपए भी नहीं थे। फिर भी उन्होंने दुखी होकर पूछा,'भाई! कितना मेहनताना चाहिए तुम्हें?'



राज कपूर ने शैलेन्द्र की जेब में हाथ डाला और उसमें से एक रूपए का सिक्का निकाला। बोले, 'मुझे मेरा मेहनताना मिल गया।' तो यह था राज कपूर का सोने का दिल।

**- लेखक स्वतंत्र पत्रकार है।**

# नवाचार और बुद्धिमत्ता पर एआई का प्रभाव

> आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक सॉफ्टवेयर प्रोग्राम है जो किसी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पूरी तरह से पहले से दिए गए कंप्यूटर डेटा पर निर्भर करता है।



**एम जे वारसी**
(लेखक, एक प्रोफेसर हैं)

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक एक्स-नोवो कंप्यूटर तकनीक है जो अनिवार्य रूप से मानव व्यवहार की नकल करने में सक्षम मशीनों को विकसित करने से संबंधित है। एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका एआई को एक कंप्यूटर या रोबोट की क्षमता के रूप में परिभाषित करती है जो आमतौर पर बुद्धिमान प्राणियों से जुड़े कार्यों जैसे धारणा, आलोचनात्मक सोच और निर्णय लेने को निष्पादित करती है। जहां तक मानव मस्तिष्क का संबंध है, सबसे पहले, यह सूचना को संसाधित करता है, विभिन्न कोणों से संसाधित सूचना का विश्लेषण करता है और अंत में एक तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचता है। इसके विपरीत, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक सॉफ्टवेयर प्रोग्राम है जो किसी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पूरी तरह से पहले से दिए गए कंप्यूटर डेटा पर निर्भर करता है। पूरी प्रक्रिया में, कंप्यूटर सिस्टम मानव मस्तिष्क की तरह व्यवहार करता है। एआई आज के समय की मांग है और निश्चित रूप से, संचार, रक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कृषि में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखता है। वास्तव में, हाल ही में, जिस कार्य को मशीन के लिए भी करना असंभव माना जाता था, अब एआई एक वास्तविकता बन गया है। एआई ने कंप्यूटर को मानव मस्तिष्क की नकल करने के बहुत करीब ला दिया है, जिससे मनुष्य और मशीन के बीच का अंतर कम हो गया है। आज एआई ने शिक्षा, वित्त, रक्षा, कृषि और स्वास्थ्य सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपना अनुप्रयोग पाया है। प्रमुख चिकित्सा अनुसंधान संस्थान घातक बीमारियों के प्रयोग, निदान, उपचार और निगरानी के लिए ड्ढ का उपयोग करते हैं। ड्ढ उच्च गुणवत्ता वाले ऊतक नमूना विश्लेषण की सुविधा प्रदान करता है जो सटीक रोगनिदान का मार्ग प्रशस्त करता है। आज के समय में दवा कंपनियां दवा की खोज और रासायनिक विश्लेषण के लिए एआई का उपयोग कर रही हैं। एआई की मदद से डॉक्टर और स्वास्थ्य सेवा पेशेवर कैंसर और स्ट्रोक जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों का सटीक निदान कर सकते हैं। शिक्षा क्षेत्र में भी, एआई एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एआई अध्ययन सामग्री, छात्र मूल्यांकन, ग्रेडिंग और निगरानी विकसित करने के लिए एक अत्यंत उपयोगी उपकरण साबित हुआ है। इस प्रकार, शिक्षक अपना कीमती समय बचाते हैं जिसका उपयोग वे उत्पादक शैक्षणिक गतिविधियों में कर सकते हैं और साथ ही छात्रों के साथ सार्थक चर्चा कर सकते हैं। एआई संचालित वर्चुअल एजुकेटर रोबोट शिक्षण और सीखने के परिणामों में काफी सुधार करते हैं।

अब आइए एआई के कुछ आसन्न खतरों को देखें। एआई के लिए तस्वीर उतनी गुलाबी नहीं है जितनी दिखती है। मानव गतिविधि के लगभग हर क्षेत्र में ड्ढ का व्यापक रूप से उपयोग गोपनीयता, डेटा सुरक्षा और पारदर्शिता से संबंधित कुछ गंभीर चिंताओं को जन्म देता है। मनोवैज्ञानिक कल्याण और सामाजिक मुद्दे हमारे तत्काल ध्यान के हकदार हैं। कंपनियाँ कार्यस्थल पर विशिष्ट कार्यों को करने के लिए धीरे-धीरे मनुष्यों की जगह एआई संचालित रोबोट ले रही हैं। इससे कर्मचारियों में चिंता पैदा होती है और उनके मानसिक और भावनात्मक कल्याण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कार्यस्थल पर मनुष्यों के लिए कंप्यूटर की तकनीकी निपुणता भी एक बड़ी चुनौती है। हाल ही में एआई संचालित डीपफेक वीडियो और ऑनलाइन बॉट्स खतरनाक गति से फैल रहे हैं।

डीपफेक वीडियो और ऑनलाइन बॉट्स मनगढ़ंत आम सहमति बनाने और जनता की राय में हेरफेर करने में सक्षम हैं। फर्जी खबरें जंगल की आग की तरह फैलती हैं, जिससे शांति भंग होती है और सामाजिक अशांति पैदा होती है। ड्ढ का एक और नुकसान यह है कि यह असली और नकली के बीच अंतर करना बेहद मुश्किल बना देता है। ड्ढ द्वारा प्रेरित मानवाधिकार उल्लंघन को जल्द से जल्द रोका जाना चाहिए। ड्ढ संचालित बदलती प्रौद्योगिकी परिदृश्य ने डेटा सुरक्षा, गोपनीयता, सम्मान, रोजगार, समानता, राजनीतिक अधिकार और गोपनीयता को खतरे में डाल दिया है। विशेषज्ञों और समाजशास्त्रियों ने स्वास्थ्य सेवा, कानून, विपणन, लेखा, शिक्षा, प्रबंधन, प्रौद्योगिकी और कार्यस्थलों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एआई और मानव रोबोट पर अत्यधिक निर्भरता के हानिकारक प्रभावों के बारे में संदेह व्यक्त किया है। एआई की तकनीकी परिश्रम, अविश्वसनीय विश्लेषण शक्ति और दोहराए जाने वाले कार्यों को करने की क्षमता बड़ी छंटनी का कारण बन सकती है। नतीजतन, यह अनुपातहीन रूप से उच्च बेरोजगारी दर को जन्म देता है। कर्मचारियों और मजदूरों को भेदभाव और असमानताओं का सामना करना पड़ सकता है और उनकी पेशेवर और सामाजिक सुरक्षा दांव पर लग सकती है। एआई के दुरुपयोग को रोकने के लिए एक अच्छी तरह से परिभाषित और व्यापक तकनीकी-श्रम नीति समय की मांग है। एआई-संचालित परिदृश्य में श्रमिकों को जीवित रहने में मदद करने वाले कुछ उपाय उचित प्रशिक्षण के माध्यम से कर्मचारी कौशल का नियमित उन्नयन, तकनीकी कौशल को निखारना और सॉफ्ट स्किल विकसित करना हैं।

आइए इस तथ्य को नज़रअंदाज़ न करें कि एआई पूरी तरह से मानवीय स्वभाव, समझ और रचनात्मकता से रहित है। मानव मस्तिष्क में अनंत रचनात्मक शक्ति और उच्च क्रम की सोच कौशल का आशीर्वाद है। ये सर्वोच्च गुण मनुष्य को एक ऊंचे स्तर पर ले जाते हैं और उन्हें मशीनों से भी ऊंचे स्थान पर रखते हैं। इसके विपरीत,एआई डेटा-चालित है और एक निर्धारित प्रक्षेपवक्र का अनुसरण करता है, इस प्रकार, मानवीय भावनाओं, धारणा और किसी दिए गए वातावरण के अनुकूल कार्य करने की क्षमता को पकड़ने में विफल रहता है।

चूंकि एआई अपने प्रारंभिक चरण में है, इसलिए यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि एआई जल्द ही मनुष्यों पर हावी हो जाएगा क्योंकि मनुष्य मौलिकता और नवाचार के मूल में बने हुए हैं।

## आप की बात

### घटता परिवारवाद

**मतदाता** अब जागरूक हो गए हैं और वे पारिवारिक राजनीतिक दलों को सत्ता सौंपने में अपनी रूचि कम करते जा रहे हैं। कभी नेहरू-गांधी की कांग्रेस देश में एक छत्र राज करती थी। अब वह क्षेत्रीय दलों से अपना हाथ मिलाने को मजबूर हो रही है। अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी की दशा भी खराब है। यूपी में सालों सत्ता में रही सपा को अब सत्ता पाने के लाले लग गए हैं। ऐसी ही हालत मायावती की बहुजन समाज पार्टी की हो गई है। एनसीपी भी कमजोर हो रही है क्योंकि चाचा-भतीजे अलग हो गए हैं और ननद-भौजाई सुप्रिया सुले व सुनेत्रा पवार बारामती में आमने-सामने आ गई हैं। बाला साहेब ठाकरे की शिवसेना दो भागों में बंट कर कमजोर हो गई है। झारखण्ड में भी शिबू सोरेन की झामुमो कमजोर हो गई है। जहाँ परिवारवाद चला, वहां राजनीतिक पार्टियां टूटकर कमजोर हो रही हैं। इसके साथ ही घोटाले भी बढ़ते जा रहे हैं। ममता की तृणमूल कांग्रेस भी परिवारवाद के कारण आने वाले समय में कमजोर हो सकती है। भाजपा परिवारवाद से मुक्त है, इसलिए वह इसके खिलाफ खुलकर बोल रही है तथा राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत भी होती जा रही है। परिवारवाद कमजोर होने की परिघटना भारत में लोकतंत्र के विस्तार व मजबूती का रास्ता खोल रही है।

**- शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### भयानक गर्मी

**राजधानी** दिल्ली में बुधवार को गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। दिल्ली के मुंगेशपुर इलाके में अधिकतम तापमान 52.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह राष्ट्रीय राजधानी में अब तक दर्ज किया गया सर्वाधिक तापमान है। मुंगेशपुर में मंगलवार को अधिकतम 49.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था। मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार एक दिन बाद तापमान में और इजाफा हुआ और मौसम विज्ञान केंद्र ने शाम चार बजकर 14 मिनट पर अधिकतम तापमान 52.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। मौसम विभाग के महानिदेशक डा. एम महापात्रा के अनुसार, मौसम विभाग दिल्ली के मुंगेशपुर स्वचालित मौसम स्टेशन में लगे तापमान सेंसर की जांच कर रहा है कि वह ठीक से काम कर रहा है या नहीं। मौसम विभाग की यह सतर्कता ठीक हो सकती है, पर अब समय आ गया है कि भारत के जिम्मेदार अधिकारी सर्वोच्च स्तर पर ग्लोबल वार्मिंग की सबसे खतरनाक परिस्थितियों का आंकलन कर उसके अनुसार उपयुक्त रणनीति का रोडमैप तैयार करें। भारत सरकार को राज्य सरकारों ही नहीं स्थानीय निकायों से मिल कर जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे संभावित प्रभावों और भावी जोखिमों का लेखाजोखा रखना चाहिए।

**- जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### पाकिस्तानी धमकी

**पाक सेना** ने पहली बार ऐलान किया है कि उसके अणु बम हमले के लिए तैयार हैं ओर उसने पहले प्रयोग नहीं की रणनीति भी नहीं स्वीकार की है। इस प्रार उसने भारत को एक बार फिर धमकाया है। हाल ही में पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा था कि पाकिस्तान ने भारत के साथ किये समझौते को तोड़ा था जो उचित नहीं था। इसके बाद पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी कह रहे हैं कि परमाणु बम के मामले में उनकी कोई नो फर्स्ट नीति नहीं है। इस धमकी को देखते हुए अब भारत को अपनी नो फर्स्ट नीति वापस लेने पर विचार करना चाहिए। वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय माहौल में न केवल पाकिस्तान बल्कि चीन भी अपने परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ा कर उनको तैनात कर रहा है। ऐसे में भारत को भी अपनी नाभिकीय आयुध व मिसाइल क्षमता का विस्तार कर उनको अद्यतन बनाने के प्रयास तेज करने चाहिए। भारत को अपना रक्षा खर्च भी बढ़ाना चाहिए जो चीन की तुलना में बहुत कम है। पाकिस्तान अब पूरी तरह चीन का मुहरा बन चुका है, इस प्रकार भारत को दो मोर्चों पर युद्ध की तैयारी करनी होगी। इस स्थिति में राहुल गांधी द्वारा सेना की अग्निवीर योजना की निरर्थक व अतार्किक आलोचना देश के लिए आत्मघाती सिद्ध हो सकती है।

**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### जजों की छुट्टियां

**भारत** में न्यायाधीशों पर काम का बोझ बहुत अधिक है। ऐसे में उनकी छुट्टियों को लेकर उठाए गए सवालों का गहन विश्लेषण जरूरी है। भारतीय न्यायपालिका अधिकांश दिना सक्रिय रहती है, फिर भी लंबित मामलों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसका मुख्य कारण न्यायाधीशों की कमी और बुनियादी ढांचे का अभाव है। कार्यदिवस के बाद भी जज अपना काम जारी रखते हैं, फाइलें पढ़ते हैं और फैसले लिखते हैं। स्पष्ट है कि न्यायाधीशों की छुट्टियां मानसिक और शारीरिक आराम के लिए आवश्यक होती हैं। लंबित मामलों की समस्या का समाधान जजों की छुट्टियां कम करने के बजाय न्यायपालिका को पर्याप्त संसाधन और बुनियादी ढांचे की जरूरत है। सरकार को न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि वर्तमान में प्रति 10 लाख जनसंख्या पर केवल 21 न्यायाधीश हैं, जबकि विधि आयोग ने 1987 में ही प्रति 10 लाख नागरिकों पर 50 जजों का सुझाव दिया था। इसके अलावा अदालतों में सुविधाओं का विस्तार और तकनीकी साधनों का उपयोग करके न्यायिक प्रक्रिया को तेज किया जा सकता है।

**- अवनीश गुप्ता,** आजमगढ़

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# सीएम विष्णु देव साय ने सेमरहा में दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि, कहा सरकार परिवारजनों के साथ है

## सेमरहा में हुई घटना की पीड़ा आज भी है, बच्चों का भविष्य संवारने पूरी जिम्मेदारी से प्रयास करूँगी : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com



पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्र कुकदुर अंतर्गत ग्राम सेमरहा में तेंदुपत्ता संग्राहकों के सड़क दुर्घटना में दिवंगत 19 लोगों के दशगात्र कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय और पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सम्मिलित होकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने परिवारजनों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान दशगात्र कार्यक्रम में लगभग 10,000 से 12,000 की बड़ी संख्या में ग्रामवासी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है और राज्य सरकार इस हादसे में हताहत परिवारों के आर्थिक सहायता से लेकर हर संभव सहयता के लिए तत्पर है। अपने परिवारजनों को खोने का जो दुःख है उसे मैं समझ सकता हूँ। सीएम विष्णु देव साय ने दशगात्र में श्रद्धांजलि देते हुए कहा यह समय बहुत पीड़ा दायक है ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कही भी और कभी भी ऐसा घटना न हो। उन्होंने कहा इस दुर्घटना में सर्वाधिक माताओं का देहावसान हो गया पूरे गाँव में सबने अपना कोई नजदीकी खोया है। मैं बूढ़ा देव से प्रार्थना करता हूँ इस दुःख की घड़ी से निकलने के लिए ईश्वर संबल प्रदान करें। उन्होंने कहा इस घटना ने न केवल छत्तीसगढ़वासियों बल्कि पूरे देश ने अपनी संवेदना व्यक्त की। इस हादसे का दुःख मुझे भी है इसलिए आज उन सभी दिवंगतों को श्रद्धांजलि देने और परिवारजनों से उनका हालचाल जानने व उनका दुःख बाँटने के लिए आया हूँ। राज्य सरकार हताहत परिवारजनों के प्रति हर संभव मदद करने के लिए तत्पर है और राज्य शासन द्वारा परिवारजनों हेतु घोषित आर्थिक सहयता राशि जल्द ही उनके खतों में हस्तांतरित कर दी जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप एवं राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय ने भी परिवारजनों से भेंट कर संवेदना व्यक्त की एवं संबोधित कर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने भी श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवारजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि पंडरिया विधानसभा का हर व्यक्ति मेरे परिवार का सदस्य है। उन्होंने मुझे हर समय अपना आशीर्वाद और प्रोत्साहन दिया है और एक जनप्रतिनिधि के रूप में मुझे अपनी सेवा करने का अवसर प्रदान किया है। कुकदुर क्षेत्र में जो हृदयविदारक घटना हुई और उसमें 19 लोगों के निधन होने की खबर ने मुझे अंदर से झकझोर कर रख दिया। जब उन परिवारों से मैनें मुलाकात की और उनका दुःख देखा मैं भी भावुक हो गई। उनका दुःख देखकर खासकर उन 24 बच्चों को देखकर मन को बहुत ही पीड़ा हुई। भावना बोहरा ने आगे कहा कि आज भी उन सभी बच्चों एवं परिवारजनों से भेंट के दौरान मन बहुत ही भावुक है। उन बच्चों के सामने अभी पूरा भविष्य है और उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के साथ ही परिजन का हाथ सर से उठ जाना बहुत ही दुखद है। इसलिए मैंने उन बच्चों की पीड़ा कम करने, उन्हें अच्छी शिक्षा मिल सके, उन्हें रोजगार मिल सके ताकि वे अपने उज्ज्वल भविष्य के साथ-साथ अपने परिजनों को भी आर्थिक रूप से सहयता कर सकें वहीं बेटियों का विवाह कर उन्हें एक खुशहाल जीवन देने के लिए यह प्रयास किया है। आज मैं पंडरिया विधानसभा के जिस भी क्षेत्र में जाती हूँ मुझे एक परिवार की भांति प्यार मिलता है और क्षेत्रवासियों ने मुझे जितना स्नेह, समर्थन और मार्गदर्शन दिया है, मुझे लगता मैं जितना भी उनके लिए कुछ कर सकूँ उनके सुख दुःख में साथी बन सकूँ वह कम है। इस हादसे के प्रति मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदना के लिए भी आभार व्यक्त करती हूँ साथ ही उनके द्वारा सरकार की ओर से जो आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है वह जनता के प्रति उनकी संवेदना को व्यक्त करती है। इस दौरान भावना बोहरा ने यह भी बताया कि दशगात्र व अन्य कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद एक दिन उन सभी 24 बच्चों के साथ बैठकर सीधे संवाद कर उनके मन की बात जानने का प्रयास करुँगी। सभी बच्चों में कहीं न कहीं अपने उज्ज्वल भविष्य को लेकर एक दिशा व अलग-अलग क्षेत्रों में रूचि होगी उसे जानने के लिए संवाद एक सबसे अच्छा माध्यम होगा और उनके विचार प्राप्त कर उनकी शिक्षा व रोजगार हेतु आगे की रुपरेखा तय करने के लिए मैं पूरी जिम्मेदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करुँगी। इसके साथ ही समय-समय पर उनके साथ रहकर, समय बिताकर उन्हें प्रोत्साहन देने व शिक्षा, कौशल विकास एवं उनके हुनर को प्रोत्साहन देने के लिए एक अभिभावक की तरह निरंतर कार्य करती रहूंगी।

# चार दिवसीय गायत्री यज्ञ उपासना का कार्यक्रम संपन्न



पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में विश्व कल्याण हेतु पूरे विश्व में इस वर्ष एक साथ एक समय घर-घर में गायत्री हवन जिसमें गायत्री मंत्र की 24 और महामृत्युंजय मंत्र की पांच आहुति देनी है । यह कार्यक्रम विश्व के अनेक देशों के 25 लाख घरों में गायत्री यज्ञ द्वारा संपन्न कराया गया। इस वर्ष 23 मई 2024 गुरुवार से चार दिवसीय गृहै गृहै गायत्री यज्ञ उपासना का कार्यक्रम सुबह 9:00 बजे से 12:00 तक रखा गया था। गायत्री यज्ञ हवन विधि पवित्रीकरणम आजमानम शिखावंदनाम प्राणायामः, न्यासः पृथ्वीपूजन्म, चंदनधारनम देववाहनम गायत्रीमंत्रहूती महामृत्युंजय मंत्रहूती, साष्टांगनमस्कारः शांति अभिसिचवनम मंत्रों के माध्यम से संपन्न हुआ। दल्ली राजहरा क्षेत्र को तीन ब्लॉकों में बांटा गया था। जिसमें दल्ली राजहरा ब्लॉक, कुसुमकसा चिपरा ब्लॉक एवं डौंडी ब्लॉक शामिल हैं।गायत्री परिवार के बंसीलाल रावटे, पिस्दा, संतोष कोरटिया, एस एस लटियारे, जमयंती पवार, हीरालाल पवार, अर्चना देशमुख, सावित्री सोनी, रेणुका गंजीर और अर्चना देशमुख सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने मिलकर गृहे गृहे यज्ञ को संपन्न कराया। हीरालाल पवार ने बताया कि उन्होंने स्वयं 17 घरों में गृहे गृहे गायत्री यज्ञ उपासना करवाया है।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर निःशुल्क विधिक जागरूकता शिविर का किया आयोजन



पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नालसा द्वारा दिये गये स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन कलैंडर 2024 के अनुसार माह मई, 2024 को अध्यक्ष / प्रधान जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा ग्राम चोरभट्ठी बेमेतरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए तम्बाकू सेवन से होने वाले आसाद्धयरोग कैंसर जैसे खतरनाक जानलेवा बीमारी भी हो सकता है जिसका उपचार अत्यधिक महंगा साबित होता है तथा परिवारजनों को उससे काफी तकलीफ मिलती है। उक्त शिविर में तम्बाकू से होने वाले नुकसान एवं उससे जुड़े खतरों के संबंध में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई। प्रतिवर्ष 31 मई को तम्बाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। साथ ही इस दिवस के अवसर पर नालसा की योजनाओं जैसे महिलाओं के अधिकार, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, वाहन चालन अधिनियम, घेरलू हिंसा अधिनियम, हमर अंगना योजना एवं निःशुल्क विधिक सलाह व सहायता का विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सहायता हेतु टोल फ्री नंबर 15100 के माध्यम से निःशुल्क विधिक सलाह प्राप्त किया जा सकता है। उक्त कार्यक्रम में उपरोक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के पैरालीगल वॉलिंटियर्स सुश्री सोनिया राजपूत, चेतन सिंह टुवेन्द्र सिंह वर्मा, पंकज घृतलहरे, पवन कुमार साहू, देवेन्द्र यादव, स्वाति कुंजाम द्वारा पृथक पृथक जानकारी दिया गया।

# ग्राम रणवीरपुर में विधायक भावना बोहरा ने किया जनसेवा ही भावना केंद्र का शुभारंभ

## संवाद, सुझाव और समाधान से हम मिलकर पंडरिया को समृद्ध बनाएंगे, जनसेवा ही भावना केंद्र इसकी महत्वपूर्ण कड़ी है : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com



अपने जनसेवा के कार्यों एवं जनता की समस्यों का निराकरण कर उनकी सुविधाओं हेतु तत्पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने ग्राम रणवीरपुर में जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र (विधायक कार्यालय) का शुभारम्भ किया। विधानसभा चुनाव में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने अपने घोषणा पत्र भावना दीदी की गारंटी में क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए विधायक कार्यालय जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की शुरुआत करने की घोषणा की थी। जनता से अपने वादे को पूरा करते हुए भावना बोहरा ने पूर्व में वनांचल क्षेत्र कुकदुर, पंडरिया एवं पांडातराई क्षेत्र में केंद्र का शुभारंभ किया इसी कड़ी में आज रणवीरपुर में भी इस केंद्र का शुभारंभ उनके द्वारा किया गया। इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि संवाद, सुझाव और समाधान इन तीन महत्वपूर्ण विषयों के साथ हम मिलकर पंडरिया विधानसभा को समृद्ध बनाएंगे और जनसेवा ही भावना केंद्र हमारे इस संकल्प की एक महत्वपूर्ण कड़ी होगी। इस केंद्र में सभी शासकीय योजनाओं के लाभ उनका क्रियान्वयन के साथ ही क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं, जन आकाँक्षाओं एवं पंडरिया व अपने क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए आमजनों के सुझाव भी यहां सुने जाएंगे। पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों की सेवा, सुविधा एवं आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु मैनें जो संकल्प किए हैं उसे पूरा करने के लिए मैं हमेशा प्रतिबद्ध हूँ। इसी कड़ी में आज रणवीरपुर में जनसेवा ही भावना, सेवा सुविधा केंद्र का उद्घाटन होने से क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिलेगा। जन समस्याओं के त्वरित निवारण और आपके सुझाव तथा शासकीय कार्यो से संबंधित सभी समाधान इस केंद्र के माध्यम से किये जायेंगे। आमजनों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस केंद्र की शुरुआत की गई है, ताकि आपको अपनी समस्याओं, क्षेत्र के विकास से जुड़े विषय और किसी भी कार्य के लिए एक ही स्थान पर हर समाधान मिल सके यही हमारा लक्ष्य और प्रयास है। उन्होंने कहा की हमने विधानसभा चुनाव में आप सभी से इस केंद्र की स्थापना करने का वादा किया और मुझे बताते हुए हर्ष हो रहा है कि हमने 4 प्रमुख क्षेत्रों में इस केंद्र की शुरुआत कर दी है और जल्द ही आने वाले समय में अन्य तीन स्थानों में इस केंद्र की स्थापना की जाएगी। भावना बोहरा ने आगे कहा कि यह केंद्र जनता और एक जनप्रतिनिधि के बीच आपसी सामंजस्य एवं संवाद का एक बेहतर माध्यम बनेगा। पहले अपनी समस्याओं के निराकरण व अन्य कार्यों के लिए क्षेत्र को जनता को तहसील व जिला में जाना पड़ता था लेकिन इस केंद्र की स्थापना से अब विधानसभा की जनता को उनके गाँव व घर के समीप ही उन सभी समस्याओं के निराकरण, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार से लेकर शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं उसका लाभ मिलने की सुविधा से उन्हें आर्थिक व मानसिक रूप से संबल मिलेगा। भावना बोहरा ने कहा कि जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं का समाधान करना ही हमारी प्राथमिकता है। यह कार्यालय जनता और हमारे बीच क्षेत्र के विकास के लिए एक सार्थक माध्यम बनेगा। यहां आकर क्षेत्रवासी किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान या प्रशासन से संबंधित कार्यों के लिए आवेदन जमा करा सकेंगे।

# मार्शल आर्ट क्लब दल्लीराजहरा में प्रशिक्षण का आयोजन







पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

मार्शल आर्ट क्लब दल्लीराजहरा द्वारा विभिन्न मार्शल आर्ट गेम कलरीपयट्टू, जूडो, कराटे, म्यूथाई, मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण शिविर मार्शल आर्ट क्लब दल्ली राजहरा के प्राथमिक शाला क्रमांक 6 के प्रांगण में आयोजित किया गया है। यह प्रशिक्षण शिविर लगातार 25 वर्षों से चल रहा है। प्रशिक्षण प्रातः 6:30 बजे से 8:00 बजे तक एवं शाम 5:30 से 7:30 बजे तक दिया जाता है। मार्शल आर्ट क्लब के अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े ने बताया कि ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को मार्शल आर्ट की विधाओं से प्रशिक्षित करना, आत्मरक्षा के साथ-साथ स्कूल गेम, ओपन गेम, खेलो इंडिया, नेशनल गेम्स में खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करना एवं खेल के स्किल एवं बारीकियां को सिखाना है ताकि खिलाड़ी जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक अपना प्रतिनिधित्व कर सके।इन सभी खेलों के खिलाड़ियों को कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है जैसे जूडो में कोच प्रणव शंकर साहू एवं गगन सोनी, कराते में कोच लखन कुमार साहू, ब्लैक बेल्ट थर्ड डान कलारीपयट्टू में कोच कुमारी हरबंस कौर, म्यूथाई में कोच कुमारी हरबंस कौर, बॉक्सिंग में कोच किशोर नाथ योगी के द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 25 मई से लेकर 10 जून तक दिया जाएगा । इसके पश्चात प्रतिदिन सुबह 5.30 बजे से 7:30 बजे तक नियमित क्लास जारी रहेगी। मार्शल आर्ट के सभी खेल संघों एवं खिलाड़ियों को समय-समय पर छत्तीसगढ़ शासन, बालोद जिला प्रशासन एवं बीएसपी प्रबंधन राजहरा माइंस द्वारा सहयोग एवं मार्गदर्शन मिलता रहता है।

# डीबी ग्रुप का मानव सेवा के साथ पशु सेवा में भी कदम, बेजुबान पशुओं के लिए रखे कोटना

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





तेज गर्मी को ध्यान में रखते हुए शहर के डीबी ग्रुप के सेवक जो मानव सेवा के साथ साथ अब बेजुबान पशु की सेवा भी कर रहे है। जरूरतमंद लोगों को रक्तदान कर के नव जीवन देते है और अब इनके द्वारा बेजुबान के लिए पानी का व्यवस्था किया जा रहा है। डोनेट ब्लड वेलफेयर फाउंडेशन डीबी ग्रुप के द्वारा शहर में जहां पर बेजुबान को पानी की जरूरत है। टीम के द्वारा पानी का पात्र कोटना का व्यवस्था किया गया है। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष दीपक साहू ने बताया डीबी स्टार महिला टीम का गठन किया गया है। महिलाओं के सम्मान और समाज में उनकी महत्व को ध्यान में रख कर महिला टीम बनाया गया है द्य आज वे हमारे साथ मिल कर नेक कार्य में अपना पूरा सहयोग देते है। पानी पात्र कोटना महिला टीम के सहयोग से ही इसका खर्चा उठाया गया है। अभी शहर में 20 कोटना बांटा गया है आने वाले समय में जरूरत के हिसाब से और बढ़ाया जा सकता है। महिला टीम के द्वारा पौधा रोपण भी किया गया था द्य जिसकी देख रेख महिला टीम अपनी जिम्मेदारी से निभा रहे है। अगले कुछ दिनों में डॉग फीडिंग बॉक्स लगाया जाएगा ताकि डॉग को एक जगह पर भोजन प्राप्त हो सके। जिससे डॉग अपना व अपने बच्चे का जीवन बचा सके। संस्था के उपाध्यक्ष हेमन्त गौतम व भरत देवांगन ने कहा डीबी ग्रुप के द्वारा लगतार रक्त की कमी को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर के मध्यम से रक्तदान के लिए लोगो को जागरूक किया जाता है द्य संस्था का उद्देश मानव सेवा और जन जागरूकता करना है। महिला टीम की सदस्य नाज मेमन ममता मानकर अनुराधा सिंग ने बताया हमारे टीम के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जिसमे शहर की बाकी महिलाए भी जुड़ें और अच्छे कार्य का हिस्सा बने। मानव सेवा के साथ अब बेजुबान जानवरो का सेवा कर सके उसी उद्देश के साथ हर वर्ग के लोगों को जोड़ना होगा।

**पानी पात्र कोटना वितरण में**

महिलाओं के साथ सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जिनमे राजेश्वरी साहू, देवांतिन पारकर, रेणुका साहू, शिवानी मानिकपुरी, सावित्री सोनी, सुनीता कडपति ,दामिनी साहू पम्मी सलामे, माधुरी करपाल, अनिता साहू, सुषमा साहू, द्रोपति साहू ,पुष्पा शंडियाल, सूरज गुप्ता, शिवा सूर्यवंशी लक्ष्मण देवांगन, नियाज़ खान, कोमल ठाकुर, क्षितिज हुमने, संतोष रात्रे, सुमित जैन,पवन सोनी, ऋषि ठाकुर, अरविंद सौरभ और दानेश आर्य आदि लोग थे।

# 50520 मी.टन के विरूद्ध अब तक 34717 मी. टन उर्वरक प्राप्त हो चुका

## अब तक 23084 मी.टन खाद व 11145 क्विंटल बीज का वितरण कृषकों को किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आगामी ख़रीफ फसल हेतु जिले के खाद भण्डारण के कुल लक्ष्य 50520 मी.टन के विरूद्ध 34717 मी.टन का भण्डारण समितियों में किया गया है। जो लक्ष्य का 68.71 प्रतिशत भंडारण है जबकि पिछले साल तक 65.38 प्रतिशत खाद का भंडारण हुआ था। इस प्रकार पिछले साल से 3.33 प्रतिशत अधिक खाद ज़िले को प्राप्त हो चुका है, तथा 23084 मी.टन खाद का वितरण कृषकों को किया जा चुका है। डाई अमोनियम फास्फेट का कुल लक्ष्य 15360 मेट्रिक टन के विरुद्ध 9294 मेट्रिक टन डीएपी का भंडारण समितियों में किया जा चुका है। इस प्रकार अभी तक 60.50 प्रतिशत डीएपी खाद ज़िले को प्राप्त हो गया है। वही जिले के कृषकों को विभिन्न फसलों की कुल बीज माँग 23252 क्विंटल के विरुद्ध 16788 क्विंटल बीज का भंडारण समितियों में हो चुका है तथा 11145 क्विंटल बीज समितियों के माध्यम से वितरण किया जा चुका है। समितियों में अभी भी 5643 क्विंटल बीज उपलब्ध है। कृषक बंधुओं से अपील है कि समितियों में भंडारित खाद बीज का शीघ्र उठाव करें। कुल ऋण वितरण लक्ष्य 500 करोड़ रू के विरुद्ध 225.73 करोड़ रू ऋण वितरण सहकारी बैंक के माध्यम से किया जा चुका है। पिछले साल मई माह तक 300 करोड़ रू का ऋण वितरण किया जा चुका था जिले के किसान अब अपनी खेती-बाड़ी में जुट गए है। जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा के द्वारा खरीफ सीजन वर्ष 2024-25 की तैयारियों की नियमित समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर ने जिले को मिले खाद-बीज आंबटन और उनके भण्डारण तथा समितियों के माध्यम से किसानो तक वितरण व्यवस्था की पूरी गहनता से समीक्षा की। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने किसानों के खेती-किसानी की तैयारियों को विशेष ध्यान में रखते हुए कहा कि जिले को मिले खाद-बीज के आबंटन के आधार पर उपलब्ध खाद एवं बीज समितियों के माध्यम से पंजीकृत किसानों को वितरण सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी बाताया गया कि जिले में डीएपी खाद की मांग अधिक है, लेकिन इस खाद की उपलब्धता मांग के तुलना में कम है। डीएपी खाद के विकल्प में सिंगल सुपर फास्फेट खाद खेती-किसानी के लिए बहुत ज्यादा उपयोगी और गुणकारी है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि डीएपी खाद के विकल्प के रूप में खेती-किसानी के लिए सिंगल सुपर फास्फेट खाद की महत्व को किसानों को बताने की जरूरत है। कृषि विभाग के अधिकारी अपने अमलो के माध्यम से किसानों को खेती-किसानी के लिए समसमायिक उचित और सही सलाह दे, ताकि किसान भाई अपनी बेहतर खेती-किसानी कर सके। कलेक्टर ने कहा कि खाद-बीज की उपलब्धता, भण्डारण एवं वितरण की नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी। जिले के खाद भण्डारण का कुल लक्ष्य 50520 मी.टन के विरूद्ध 34717 मी.टन का भण्डारण समितियों में किया गया है जो लक्ष्य का 68.71प्रतिशत भंडारण है जबकि पिछले साल आज दिनांक तक 65.38 प्रतिशत खाद का भंडारण हुआ था। इस प्रकार पिछले साल से 3.33 प्रतिशत अधिक खाद ज़िले को प्राप्त हो चुकी है तथा 23084 मी.टन खाद का वितरण कृषकों को किया जा चुका है। डीएपी का कुल लक्ष्य 15360 मेट्रिक टन के विरुद्ध 9294 मेट्रिक टन डीएपी का भंडारण समितियों में किया जा चुका है इस प्रकार अभी तक 60.50 प्रतिशत डीएपी खाद ज़िले को प्राप्त हो गई है। कृषक बंधुओं से अपील है कि समितियों में भंडारित खाद बीज का शीघ्र उठाव करें।

### डीएपी के विकल्प में सिंगल सुपर फास्फेट बहुत ज्यादा उपयोगी और गुणकारी

कृषि विभाग कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह देते हुए बताया कि जिले के किसान उन्नत और स्वस्थ्य खेती करने के लिए डीएपी खाद के विकल्प में सुपर फास्फेट एस.एस.पी खाद का उपयोग कर बेहतर पैदावार पा सकते है। यहा बताया गया कि जिले में वर्तमान में 1888 मी.टन सिंगल सुपर फास्फेट खाद उपलब्ध है। सिंगल सुपर फास्फेट में फास्फोरस 16 प्रतिशत और 11 प्रतिशत सल्फर पाया जाता है। इसलिए जिले के किसान भाई डी.ए.पी. के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट उपयोग कर सकते है।

# पीएचई विभाग के ठेकेदार ने नल कनेक्शन का काम किया अधूरा, लोगों को हो रही पानी की किल्लत










पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com

चांपा तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सिवनी में इन दिनों जल जीवन मिशन के तहत हर घर मुफ्त नल कनेक्शन देने की सरकार की योजना ठेकेदार एवं अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के कारण साकार नहीं हो पा रही है। आलम यह है कि जिन घरों में नल कनेक्शन लगाए गए हैं उनमें अधिकांश में पानी आना तो दूर पानी की बूंद तक नहीं टपक रही है और जिनमें पानी आ भी रहा है तो उसकी धार इतनी कम है कि बाल्टी भरने में काफी समय लग रहा है। पानी की यह समस्या चिलचिलाती धूप एवं लू के बीच और भी ज्यादा विकराल हो गई है। इसे लेकर ग्रामवासी परेशान है तथा उन्हें पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामवासी पूछ रहे हैं कि सरकार ने मुफ्त का नल तो लगवा दिया है पर इस नल में जल कब आएगा। बलौदा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम सिवनी में ग्रामीण जल जीवन मिशन की स्थिति काफी चिंताजनक है। यहां पौने 2 साल बाद भी नल लगाने का काम पूरा नहीं हो पाया है। इस दौरान एक ठेकेदार काम छोड़कर भाग गया है। दूसरा ठेकेदार जांजगीर का है जिसने अभी तक अपना काम अधूरा छोड़ रखा है। इस मामले में संबंधित विभाग के अधिकारी भी किसी तरह की संज्ञान नहीं ले रहे हैं । इस मामले की शिकायत कई बार पीएच विभाग के अधिकारियों से की गई लेकिन किसी तरह का उन्होंने संज्ञान नहीं लिया। ठेकेदार समय में अपना कार्य नहीं किया और कई घरों में तो कनेक्शन तक ही नहीं लगाया गया, इसके लिए तो जिला प्रशासन को ऐसे ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर देना चाहिए। जिन घरों में नल लगाए गए हैं, उनमें आधिकांश की टोटियां सूखी पड़ी हैं। यहां ठेकेदार ने पीएचई से बिल पास कराने लोगों से आधार कार्ड लेकर उनके घरों के सामने आनन-फानन में प्लेटफार्म बनवाकर नल लगवा दिया है तो कई घरों के सामने में सिर्फ कनेक्शन पाइप लाकर छोड़ दिया है।

पाइपलाइन विस्तार का टेस्टिंग किया जा रही इस वजह से देर हुई है जिन घरों में कनेक्शन नहीं लगे हैं वहां लगाए जाएंगे।

**-पवन अग्रवाल**
**इंजीनियर पीएचई विभाग**

नल कलेक्शन को लेकर विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी गई है, लेकिन उनके द्वारा इसमें किसी तरह का संज्ञान नहीं लिया गया।

**-लखेकुमारी राठौर, सरपंच**
**ग्राम पंचायत सिवनी (चांपा)**

# दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ मथुरा के संयोजक बने सलूजा

पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com



पत्रकारिता के सर्वोच्च शिखर पर विराजमान प्रेस क्लब चांपा के अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा को पण्डित दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ के राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया गया है। एकात्म मानववाद के प्रवर्तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर संचालित संस्था पं दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ वृंदावन, मथुरा की ओर से जारी पत्रक में सलूजा को समाजसेवा, साहित्य, कला, संस्कृति, पत्रकारिता, पर्यटन, विज्ञान और अन्य क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि व सेवा का सम्मान करते हुए उन्हें संयोजक बनाया गया हैं। उन्हें संयोजक बनाने का निर्णय विद्यापीठ मथुरा में आयोजित साधारण सभा की बैठक में कार्यकारिणी द्वारा लिया गया। नगर में उनकी संयोजक पद पर नियुक्ति की खबर लगते ही बधाईयों का तांता लग गया हैं। प्रेस क्लब के संरक्षक भृगुनंदन शर्मा, सदस्यता प्रभारी शैलेष शर्मा, सचिव डां. मूलचंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष विक्रम तिवारी, संतोष देवांगन, गौरव गुप्ता, विवेक शर्मा, आशीष अग्रवाल, अनिल मोदी, राजेश तिवारी, हरीश पांडेय, बलराम पटेल, सीताराम नायक, जतिन्दर पाल छाबड़ा, करण सिंह भाटिया, संतोष प्रधान, नर्मदा घोंसले,योगेश दूबे,भीम देवांगन, पत्रकार संघ के अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार राजीव मिश्रा, राम खिलावन यादव, कुणाल गुप्ता, पवन अग्रवाल, कन्हैया गोयल, पत्रकार अशोक कुमार अग्रवाल सक्ति, शशिभूषण सोनी, शिक्षक व साहित्यकार रविंद्र द्विवेदी, न्यूज क्रिएशन के संपादक ईश्वर दुबे, इंडिया न्यूज़ अरविंद तिवारी, शनि कुमार लहरें, प्रोफेसर अश्विनी केशवानी, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, नागेंद्र गुप्ता, सुनील साधवानी, भागवताचार्य पंडित राजेंद्र शर्मा टेमर, चंद्रशेखर बिल्हा, दिनेश दुबे पुरगांव, डां अमृता सोनी, डां लक्ष्मींकांत, दंत रोग विशेषज्ञ डां अमीत स्वर्णकार, डां राधेश्याम सोनी, डां कांता मीना सहित नगरवासियों ने उनकी इस नियुक्ति पर बधाई दिया है। ज्ञातव्य हैं कि कीर्ति और ज्ञान फैलाने के लिए ख्याति प्राप्त यह संस्था पूर्णतः गैर राजनैतिक और शिक्षा जगत में आदर्श संस्था हैं। इस संस्था में प्रदेश से चांपा नगर के ऊर्जावान पत्रकार और प्रेस क्लब चांपा के अध्यक्ष सलूजा का चयन किया गया हैं। शासकीय महाविद्यालय चांपा के पूर्व सहायक प्राध्यापक रह चुके शशिभूषण सोनी ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक विलक्षण महापुरुष थे। आधुनिक भारत को मौलिक दिशा और दृष्टि देने वाले श्रेष्ठ चिंतक के साथ-साथ कर्मयोगी और महान देशभक्त थे।

भारतवर्ष को राजनैतिक दृष्टि से सशक्त, सामाजिक दृष्टि से उन्नत और आर्थिक दृष्टि से समृद्ध करना ही उनके जीवन का लक्ष्य था। विद्यापीठ की प्रतिकृति अपने पूर्ण वैभव के साथ एकात्म मानववाद के प्रवर्तक पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और चिंतन को जन-जन तक पहुंचाना हैं। इस दृष्टि से सलूजा की नियुक्ति जन-भावनाओं का आदर और सम्मान हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर नगर पंचायत अड़भार में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com





पूरे विश्व में जहां 31 मई को लोगों को धूम्रपान से बचाने की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है,तो वहीं शक्ति जिले के नगर पंचायत अड़भार में भी जिला प्रशासन के निर्देश पर 31 मई को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, तथा इस संबंध में नगर पंचायत प्रशासन ने कार्यक्रम दिनांक से पूर्व ही सूचना जारी कर दी थी, जिसके तहत कार्यालय कलेक्टर (सामाज कल्याण) जिला-सक्ती (छ.ग.) के पत्र क्रमांक /स.क./ 2024/236 दिनांक 16.05.2024 के अनुसार धुम्रपान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जनचेतना विकसित करने हेतु 31 मई 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस का आयोजन एवं जन सामान्य में धुम्रपान के विरूद्ध सकारात्मक वातावरण निर्मित हो सके, तम्बाकू या तम्बाकूयुक्त निर्मित विभिन्न उत्पादों के सेवन से सभी वर्गों में जागरूक्ता लाना निकाय क्षेत्र में निम्नलिखित कार्यक्रम किया जाना है, 1. तम्बांकू सेवन के दुष्प्रभाव पर चर्चा व उसके दुष्प्रभाव की जानकारी सभी तक पहुंचाना, 2. सोशल मिडिया में नशापान के दुष्प्रभावों का प्रचार, 3. नशामुक्ति हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं, 4. विषयांतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम, 5. नशामुक्ति साहित्य का वितरण, 6. नशामुक्ति प्रदर्शनी का आयोजन, 7. आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से विषयांतर्गत प्रेरक नाटक, गीत, परिचर्चा, का जनहित में निःशुल्क प्रसारण, 8. यथासंभावित योगाचार्यों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास का प्रदर्शन तथा योगाभ्यास से नशामुक्त होने हेतु प्रेरक व्याख्यान प्रमुख है, तथा 31.05.2024 को कार्यालय के सभाकक्ष में निकाय क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों, आम नागरिकों एवं कर्मचारीगण की उपस्थिति में संकल्प कार्यक्रम भी हुआ, एवं सभी ने अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस के मौके पर धूम्रपान नहीं करने एवं अन्य लोगों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया, इस अवसर पर नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे तथा नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने भी इस अवसर पर नगर पंचायत की इस पहल का स्वागत किया।

# मतगणना दलों को मिला दूसरे चरण का प्रशिक्षण

## कलेक्टर ने मतगणना कर्मियों से पूछे सवाल, दिए उपयोगी टिप्स

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव 2024 के तहत 4 जून को होने वाले मतगणना कार्य के लिए नियुक्त मतगणना सुपरवाईजर, मतगणना सहायक और माईक्रो ऑब्जर्वर को दूसरे चरण का प्रशिक्षण दो पालियों में जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा भवन में दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण भी शामिल हुए। उन्होंने अब तक लिये गये प्रशिक्षण के संबंध में कई प्रश्न पूछे। उन्होंने मतगणना दलों से चर्चा करते हुए कहा कि मतगणना का कार्य पूरे धैर्य और संयम से करें। प्रशिक्षण में दी जा रही मतगणना संबंधी आवश्यक बातों और क्रमबद्ध प्रक्रिया का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने निष्पक्ष एवं पारदर्शितापूर्ण मतगणना के लिए उपयोगी टिप्स भी दिए। प्रशिक्षण में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरपी चौहान एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी ने भी प्रशिक्षण के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। प्रार्थना सभा भवन में सैद्धांतिक नियम कायदों के अलावा मतगणना कक्ष का मॉडल बनाकर व्यावहारिक प्रशिक्षण मतगणना दलों को दिया गया। प्रशिक्षण में मतगणना दलों को बताया गया कि सवेरे 8 बजे पहले पोस्टल बैलेट की मतों की गणना की जायेगी। इसके आधे घण्टे बाद राउण्ड वाइस इव्हीएम मशीनों में दर्ज मतों की काउंटिंग शुरू होगी। इसके लिए स्ट्रांग रूम से आने वाली हर इव्हीएम मशीनों की सील, साइन की जांच की जाएगी।

### अड़भार नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता अभियान जोरों से, बारिश पूर्व नालियों की हो रही सफाई

**सक्ती।** नगर पंचायत अड़भार में आने वाले मानसून को देखते हुए स्वच्छता का अभियान जोरों से चल रहा है,बड़ी नालियों की जहां वृहद रूप से साफ सफाई हो रही है, तो वहीं सुबह से देर शाम तक नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय के दिशा- निर्देशन में सफाई प्रभारी विकास देवांगन जोर-जोर से स्वच्छता कर्मचारियों के साथ जुटे हुए हैं, एवं शहर के प्रत्येक वार्डों में जहां सफाई के कार्य को गति दी जा रही है, तो वहीं शहर के जनप्रतिनिधि भी स्वच्छता अभियान में अपना मूल्य योगदान दे रहे हैं।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर छात्रों ने निकाली जन जागरूकता रैली




पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर डीपी विप्र महाविद्यालय के एनसीसी छात्रों ने महाविद्यालय प्रांगण से गांधी चौक तक जन जागरूकता रैली निकाली। रैली में एनसीसी कैडेट एवं शहरी मितानीनों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली के समापन उपरांत महाविद्यालय परिसर में एनसीसी विंग अधिकारी द्वारा तंबाकू के किसी भी प्रकार का सेवन न करने हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी डॉ. बी.के. वैष्णव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक पियुली मजुमदार, एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# आवासीय खेल अकादमी में प्रवेश के लिए चयन ट्रायल 5 से

■ हॉकी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स जैसे विभिन्न विधाओं का मिलेगा प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले में खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक्स की अकादमी संचालित है तथा राज्य शासन द्वारा बालिका आवासीय कबड्डी अकादमी संचालित है। आवासीय अकादमियों में प्रवेश हेतु तीरंदाजी, हॉकी, एथलेटिक्स एवं बालिका कबड्डी खेलों में चयन ट्रायल का आयोजन 05 से 08 जून 2024 तक स्व. बी. आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई में प्रवेश हेतु चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। चयन ट्रायल में 13 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं भाग ले सकेंगे। हॉकी एवं तीरंदाजी हेतु चयन ट्रायल 05 से 06 जून को तथा एथलेटिक व कबड्डी का चयन ट्रायल 07 से 08 जून को सवेरे 8 बजे से प्रारंभ होगी। चयन ट्रायल में उपरोक्त खेलों के समस्त खेलो इंडिया लघु केन्द्रों से 10-10 बालक-बालिकाओं, आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित समस्त क्रीड़ा परिसरों से 5-5 बालक-बालिकाओं तथा जिले के प्रत्येक खेल के 4-4 उत्कृष्ट बालक-बालिका खिलाड़ियों को सम्मिलित कराने हेतु जिला खेल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, तथापि ऐसे जिले जहाँ नैसर्गिक खेल प्रतिभाएं विद्यमान हैं, तथा भविष्य में ये अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, उन जिलों से खिलाड़ियों की संख्या में वृद्धि किया जा सकता है। चयन ट्रायल में खिलाड़ियों का मोटर एबिलिटी टेस्ट, स्किल टेस्ट, गेम अवेयरनेस टेस्ट (मेंटल एबिलिटी टेस्ट) लिया जाएगा, तदोपरांत अकादमी में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के दोगुनी संख्या में खिलाड़ियों को चिन्हित कर उनका 06 दिवसीय असेसमेंट कैम्प लिया जाएगा, जिस दौरान उनका एमएसके टेस्ट फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा लिया जाएगा। असेसमेंट कैम्प के पश्चात योग्य खिलाड़ियों को रिक्त सीटों की संख्या अनुसार अकादमी में प्रवेश हेतु अंतिम रूप से चयनित किया जा सकेगा।

# एसईसीएल मुख्यालय के सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गयी



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से 31 मई को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में उन्हें शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। मुख्यालय प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हाल में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य व विभिन्न विभागाध्यक्षगण, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में पीएस गाडगीकर महाप्रबंधक (आईईडी), पी. सत्यनारायण मूर्ति मुख्य प्रबंधक (सिविल) योजना परियोजना विभाग, हरीशचन्द्र यादव प्रबंधक (कार्मिक) कल्याण विभाग, के. मधुसूदन राव सहायक प्रबंधक (सचिवीय) उत्खनन विभाग, दारा सिंह सहायक सुरक्षा उप निरीक्षक सुरक्षा विभाग, अजय कुमार गर्ग सहायक सुरक्षा उप निरीक्षक सुरक्षा विभाग को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी। राजीव कुमार शुक्ला महाप्रबंधक (एमएण्डएस) भी 31 मई को सेवानिवृत्त हुए हैं। इस अवसर पर शीर्ष प्रबंधन ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी के योगदान, कार्यकौशल से ही कम्पनी सफलता के मुकाम पर पहुँची है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों के सपरिवार उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना की गयी। सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों ने कम्पनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यहां के कर्मचारियों में कार्य के प्रति बहुत ही निष्ठा है। यहाँ की कार्यसंस्कृति उत्कृष्ठ है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों का परिचय पढ़ते हुए सफलतापूर्वक उद्घोषणा का दायित्व उप प्रबंधक (राजभाषा) सविता निर्मलकर ने निभाया।

### भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग का ग्रीष्मकालीन समर कैंप स्थगित

**सक्ती।** पूरे छत्तीसगढ़ में पड़ रही भयंकर गर्मी को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने विगत दिनों प्रत्येक विकासखंडों के स्कूलों में प्रारंभ किए गए ग्रीष्मकालीन समर कैंप को स्थगित कर दिया है, उपरोक्त आदेश 30 मई 2024 को जारी किए गए हैं, तथा अब किसी भी सरकारी स्कूल में ग्रीष्मकालीन समर कैंप नहीं लगाया जाएगा जिला शिक्षा अधिकारी शक्ति नरेंद्र कुमार चंद्रा ने भी शक्ति जिले में उपरोक्त आदेश का परिपालन करने के निर्देश दिए हैं

# जेल निरीक्षण समिति ने जिला जेल खोखरा और उपजेल सक्ती का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




सर्वोच्च न्यायालय के मार्ग दर्शन के अनक्रम में जेलों में निरूद्ध बच्चों के सत्यापन के लिए जिला जेल खोखरा एवं उप जेल सक्ती का निरीक्षण किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि सभी बैरकों में समस्त बंदियों से उम्र संबंधी जानकारी लिये गये। सभी बैरकों में समस्त बंदियों से उम्र संबंधी जानकारी लिये गये, जहां विधि के उल्लंघन करने वाले किशोर नही पाये गये। कुछ बंदियों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके निवास स्थान में बच्चों का पालन-पोषण एवं देखरेख करने हेतु कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है। वह स्वयं व उसकी परिवार जेल में निरूद्ध है। ऐसे बंदियों के बच्चों की सूची तैयार की गई, जिसे बाल कल्याण समिति के माध्यम से संस्थागत संरक्षण प्रदान किया जावेगा। जेल के कर्मचारीयों को निरीक्षण समिति द्वारा अवगत कराया गया कि जेलों में प्रवेश देते समय यदि बंदी 18 वर्ष से कम के प्रतीत होने की स्थिति में या उम्र के प्रति संदेहास्पद होने के स्थिति में समिति के सदस्यों को तत्काल सूचना दी जावे ताकि समिति द्वारा उम्र सत्यापन के पश्चात किशोरों को संप्रेषण गृह में संरक्षण की प्रांरभिक कार्यवाही की जा सके निरीक्षण के दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल, संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख) पूजा तिवारी, विधिक सह परीविक्षा अधिकारी सम्मेसिंह कवंर, सामाजिक कार्यकर्ता संतोषी वैष्णव एवं सदस्य हर्षवर्धन सिंह सामाजिक कार्यकर्ता तथा जेल अधीक्षक, टोडर एवं सतीश चन्द्र भार्गव एवं जेलों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सक्ती जिले में मतगणना की तैयारियां अंतिम चरण में, प्रशिक्षण का चल रहा दौर

# मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक और माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया द्वितीय चरण का मतगणना प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के दिशा-निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण सोम द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतगणना कार्य के लिए नियोजित सभी काऊंटिंग पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक और माइक्रो आब्जर्वर को जिला कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में द्वितीय मतगणना प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत पूरी सतर्कता से त्रुटिरहित कार्य करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में मतगणना दिवस के दिन स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष में अपेक्षित नियमों के पालन के बारे में भी बताया गया,प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण सोम ने कहा की द्वितीय मतगणना प्रशिक्षण में आज सभी अधिकारी कर्मचारी मतगणना से सम्बंधित सभी जरुरी प्रक्रियाओं तथा महत्वपूर्ण बिंदुओं को पुनः अच्छी तरह से समझ लें तथा किसी भी प्रकार की शंका होने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में ही उसका उपाय समझे। ताकि मतगणना करते समय किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान दिवस के तरह ही मतगणना दिवस भी बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। इसलिए मतगणना कार्य के लिए नियुक्त सभी अधिकारी कर्मचारी अपने-अपने दायित्वो का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि 04 जून को कृषि उपज मंडी परिसर, नंदेली भांठा में मतगणना कार्य की जाएगी। गौरतलब है कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सक्ती-35, चंद्रपुर- 36 और जैजैपुर-37 के इव्हीएम मतों की गणना के लिए 14-14 टेबल लगाए जाने हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा सक्ती-35 में 17 राउंड, विधानसभा चन्द्रपुर-36 में 19 राउंड, विधानसभा जैजैपुर-37 में 20 राउंड में ईव्हीएम मशीनों की गणना की जायेगी,प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतगणना के दौरान अपनाई जाने वाली सभी प्रक्रियाओं और आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। उन्होंने मतगणना से संबंधित व्यवस्थाओं के अलावा आयोग के दिशा निर्देशों के संबंध में भी विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने मतगणना के पूर्व की तैयारी, मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, ईव्हीएम से मतगणना की प्रक्रिया सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण में मतगणना कर्मियों के शंकाओं का समाधान भी किया गया। प्रशिक्षण में कण्ट्रोल यूनिट के मतों की गणना की संपूर्ण प्रक्रिया को सरलता से समझाया गया। इसके साथ ही प्रशिक्षण में सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समन्वय एवं तालमेल के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण मतगणना के लिए उपयोगी सुझाव एवं निर्देश भी दिए गए। मतगणना के द्वितीय प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार सोम, डाक मतपत्र नोडल अधिकारी विश्वास कुमार, निर्वाचन पर्यवेक्षक राधेश्याम साहू, निर्वाचन कार्यालय के श्रवण गभेल, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, मतगणना कार्य के लिए नियुक्त सभी मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माइक्रो आब्जर्वर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-6 क्रमांक 4 परिशिष्ट 'एक' प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम छपोरा निवासी मृतक स्वर्गीय जैन कुमार यादव की तालाब के पानी मे डुबने के कारण मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस मृतक के पत्नी कौशिल्या बाई को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# समाजसेवी अमरलाल अग्रवाल के जन्मदिन पर लोगों ने दी बधाई



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर सहित जिला प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक, धार्मिक तथा विभिन्न संस्थाओं में महत्वपूर्ण पदों का निर्वहन करने वाले समाजसेवी अमरलाल अग्रवाल (ठेकेदार) का जन्मदिन एवं उनकी वैवाहिक वर्षगांठ 30 मई 2024 को मनाई गई, इस अवसर पर शक्ति शहर के स्टेशन रोड स्थित होटल गिरिराज रेन बसेरा में रात्रि समय विभिन्न संस्थाओं के लोगों ने उपस्थित होकर जन्मदिन मनाया ,तो वहीं रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर ट्रस्ट के वरिष्ठ पुजारी, सुप्रसिद्ध ज्योतिषी पंडित राधेश्याम शर्मा एवं विद्धवान पंडित महेश शर्मा ने मंत्रोच्चार के साथ उन्हें जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी, तथा केक काटा गया, एवं आगंतुक सभी नागरिकों को गिरिराज रैन बसेरा की ओर से स्वल्पाहार भी कराया गया,इस अवसर पर अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार ने कहा कि आज का दिन उनके लिए महत्वपूर्ण दिन है, तथा वे सभी से आशीर्वाद प्राप्त कर सदैव ही इस क्षेत्र की सुख- शांति- समृद्धि की कामना करते हैं, तथा अमरलाल अग्रवाल ने कहा कि सभी का स्नेह, आशीर्वाद एवं प्यार हमेशा से उन्हें मिलता रहा है।

# आरएसएस एवं बजरंग दल ने नेताम का पुतला दहन कर लाई राजनीति भूचाल



**बलरामपुर जिले में दोहरे हत्याकांड का मामला**

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

बजरंग दल के जिला सहसंयोजक सुजीत सोनी व शादीशुदा युवती किरण काशी की लाश 27 मई की सुबह एनएच 343 के किनारे डुमरखी के जंगल में मिली थी। और पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना क्रम का जांच करते हुए मौके पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया था। इसी बीच हत्या की सूचना जब बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को मिली तो व्यापारी संघ के साथ मिलकर लोग सड़क पर उतर आए और चक्का जाम कर दिया। भीषण गर्मी में चक्का जाम को खुलवाने के लिए पुलिस ने जब पहल की तो उक्त आंदोलनकारी आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को और तेज कर दी गई। पुलिस ने इसके लिए 72 घंटे का समय मांगा तत्पश्चात एडिशनल एसपी नक्सली शैलेंद्र पांडे व एसडीओपी अमित श्रीवास्तव ने लिखित आश्वासन दी इसके बाद आंदोलनकारियों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया। पुलिस की कार्रवाई चल ही रही थी कि इसी बीच यह खबर आई कि जंगली सूअर को मारने के लिए तीन ग्रामीणों ने बिजली के तार बिछाए हुए थे जिसमें बजरंग दल के जिला सहसंयोजक सुजीत सोनी व शादीशुदा युवती किरण काशी उस तरंगी तार के चपेट में आ गए और उन लोगों की मौत हो गई। यह बात जब सामने आई तो बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर यह आरोप लगाया कि मामले में लीपापोती की जा रही है। और इन्हीं सब आरोप को लेकर 30 मई 2024 को जिला मुख्यालय बलरामपुर में आरएसएस एवं बजरंग दल के लोग पूरे सरगुजा सभाग शामिल हुए और पुनः एक बार एन एच 343 पर चक्का जाम कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इसी दरमियान रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 7 के विधायक एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम पर उक्त मामले में निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए उनका पुतला दहन किया गया। सूत्र बताते हैं कि उक्त पुतला दहन का कार्यक्रम की रूपरेखा रामानुजगंज के एक भाजपा नेता के घर में ही रची गई थी उसके बाद गुमराह करने के लिए नगर के चांदनी चौक पर स्थित भारत माता के प्रतिमा के सामने श्रद्धा सुमन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था जहां पर यह नारा लगाया जा रहा था कि कल बलरामपुर में धरना प्रदर्शन करना है और बखूबी धरना प्रदर्शन के दौरान सुनयोजित तरीके से पुतला दहन को अंजाम भीं दिया गया।

### उक्त मामले में नेताम की क्या रही भूमिका

सूत्र बताते हैं कि उक्त घटना की जानकारी जैसे ही रामविचार नेताम को मिली तो उन्होंने जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह से चर्चा करते हुए उक्त मामले में तत्काल कार्रवाई कर वस्तु स्थिति को सामने लाने विषयक पर चर्चा हुई तब से लेकर मामले का खुलासा होने तक राम विचार नेताम संपर्क में बने रहे। इस बात की पुष्टि मृतक परिजनों के द्वारा भी की गई है।

### पुतला दहन के बाद आग बबुला हुए समर्थक

जिला मुख्यालय बलरामपुर में जैसे ही बजरंग दल एवं आरएसएस के लोगों के द्वारा राम विचार नेताम पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए नारेबाजी के साथ जब पुतला दहन किया गया और मीडिया में खबर आने के बाद उनके समर्थक आग बाबूलाल हो गए। और राम विचार नेताम के द्वारा पीड़ित परिवार के पक्ष में किए गए प्रयासों का हवाला देते हुए उनके समर्थक सोशल मीडिया में अपना पक्ष रखना प्रारंभ कर दिया।

### जारी बयान में रामविचार नेताम दी अपनी सफाई

उक्त घटना के संबंध में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने अपना सफाई बयान जारी करते हुए कहा कि उक्त घटना के बाद जो भी आंदोलन हुआ वह आंदोलन किसी की बहकावे में आकार की गई है सभी अपने लोग ही हैं और पुलिस ने 72 घंटे का समय मांगा था और रिपोर्ट के आधार पर जो मामला खुलकर सामने आया है यदि उससे परिजन संतुष्ट नहीं है तो उनकी संतुष्टि के लिए उच्च स्तरीय जांच भी कराई जाएगी ताकि उनको संतुष्टि मिल सके। तब तक के लिए जिले में अमन शांति बनाए रखें।

### जिम्मेदारों ने नहीं निभाई जिम्मेदारी और हो गया पुतला दहन

रामानुजगंज विधानसभा फतह करने के बाद राम विचार नेताम ने जिन लोगों के कंधे पर जिम्मेदारी सौंपी थी उन्होंने अपनी भूमिका ठीक से निभाई होती तो शायद पुतला दहन का नौबत ही नहीं आती लेकिन वह लोग निष्क्रिय नजर आए। जब भारतीय जनता पार्टी का अभिन्न अंग आरएसएस एवं बजरंग दल उक्त मामले को लेकर आंदोलित थे तो उनकी प्रत्येक गतिविधियों पर पैनी नजर क्यों नहीं बनाए रखी। यदि रखी होती तो शायद पुतला दहन जैसा नौबत ही नहीं आता इस बात से यह स्पष्ट हो जाता है कि जिनको जिम्मेदारी दी गई है वह शायद जिम्मेदारी निभाने के लायक ही नहीं है यदि लायक होते तो आज उनको प्रेस विज्ञप्ति जारी करने का कोई आवश्यकता नहीं पड़ती और अपने नेता का मान सम्मान भी बच जाता।

# गॉस मेमोरियल ग्राउंड में फन एण्ड फिश वर्ल्ड उद्घाटित



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

काली मंदिर के पास स्थित गॉस मेमोरियल ग्राउंड में फन एण्ड फिश वर्ल्ड का विधिवत शुभारंभ बृजमोहन अग्रवाल के कर कमलों से कल गुरुवार को किया गया। इस अवसर पर मेले के संचालकगण के अलावा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। संचालक ने बताया कि मेले में इस बार का प्रमुख आकर्षण फिश टनल है। इस आयोजन में दुबई फिश टनल पहली बार लाया गया है, जिसमे छोटी-बड़ी, रंग-बिरंगी विविध मछलियों से भरे टनल के अलावा कई एक्वेरियम भी हैं। जिसे देखने लोगों की भीड़ पहुंच रही है। एक्वेरियम में 40 प्रकार की हज़ारों मछलियां मौजूद है। इसके अलावा मेले में बच्चों और युवाओं को अट्रैक्ट करने के लिए नए झूले लगाए गए हैं। इनमे फ्रिस्बी, जाइंट फ्रिस्बी, रेंजर, ब्रेक डांस झूला, कोलंबस झूला, जाइंट व्हील, और ड्रैगन झूला समेत एरो प्लेन, मिनी ट्रेन, कार झूला, मिकी माउस आदि प्रमुख हैं। ज्ञात हो कि काफी ऊंचाई तक जाने वाला कलरफुल जायंट व्हील आकर्षण का केंद्र है। इससे लोगों को मनोरंजन के साथ रोमांच भी मिल रहा है। डबल डिस्क झूला का छोटे बड़े सभी पसंद कर रहे हैं। इसके साथ ही बच्चों के लिए कई आकर्षक झूले मौजूद है। मेले में परिजनों के साथ लोग देर रात तक झूमते नज़र आते हैं। यहाँ 30 से अधिक प्रकार के झूले लगाये गये हैं जिनकी कीमत 50 से 120 रु तक रखी गयी है। उल्लेखनीय है कि और यहाँ देश भर के बुनकरों के हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, लाइफ स्टाइल, होम डेकोर, फर्नीचर व एसेसरीज की विशाल श्रृंखला किफायती दरों में उपलब्ध है। संचालक ने आगे बताया कि इस मनोरंजन पार्क में 50 से अधिक स्टॉल लगे हुए है जिसमे महिलाओं के लिए ज्वेलरी और साड़ी की दुकान सजाई गई है। महिलाओं की पहली पसंद ज्वेलरी व अन्य राज्यों की हैंडमेड साड़ियां है।

# प्रदेश सरकार ने गोबर खरीदी बंद कर दी कृषकों को नहीं मिल पा रहा वर्मी कंपोस्ट खाद

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश सरकार ने विगत 5 माह से गोबर खरीदी बंद कर दी है, जिससे चालू वित्तीय वर्ष में कृषकों को वर्मी कंपोस्ट खाद नहीं मिल पा रहा है जबकि इन्ही माहों में खाद का निर्माण एवं संग्रहण किया जाता है, नरवा गरुवा घुरूवा बारी यह योजना ना केवल प्रदेश अपितु पूरे भारत में हितकारी है गोबर से बनने वाला खाद विषरहित कृषि में सस्ता सुलभ है। इस योजना के अंतर्गत गोबर से अधोउद्योग, विद्युत उत्पादन, प्रदूषण रहित व्हाईट पेंट एवं अन्य खाद का भी निर्माण होता है यह योजना आज की नहीं हजारो वर्ष पुरानी कृषि परंपरा के अंतर्गत है। अतः प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से कृषक एवं सामाजिक कार्यकर्ता बृजलाल अग्रवाल ने अनुरोध किया है कि वर्मी खाद निर्माण हेतु गठन समीक्षा का पुनः विचार करें व यह योजना किसान की खेती की रीढ़ है। भारत के आजाद होते ही सन् 1960 दशक में जब यंहा विदेशियों द्वारा रासायनिक खाद का लाभ बताकर किसानों को प्रोत्साहन कर रहे थे तब हमारे देश में हृदय सम्राट स्वामी करपात्री महाराज ने रासायनिक खाद के विरोध मुहिम में चला रहे थे हर जगह किसानों को आवहन कर कहा करते थे कि रासायनिक खाद से जमीन की उर्वरा शक्ति कम होगी जिस प्रकार एक घोड़े को चाबुक मारकर उत्तेजित किया जा सकता है किन्तु ताकत नहीं दी जा सकती इसी प्रकार रासायनिक खाद से कृषि भूमि को क्षति पहुचेगी। अतः गौ वंश का पालन करे ताकि गाय की गोबर से विषरहित उत्तम खेती की जा सके एवं बछड़े से खेत की जोताई होगी व गाय के दूध, दही, घी से परिवार बलिष्ठ होंगे। अन्यथा लोग बीमार होंगे व उनकी संतान अस्पताल में पैदा होंगे एवं अस्पताल में ही मरेंगे इसके अलावा गाय पालन में कोई विशेष खर्च नहीं है इसके बावजूद भी तब की सरकार ने स्वामी करपात्री को इस मुहिम को रोकने के लिए काफी यातनायें दी। देश में यह स्थिति है विषैले खेती से पूरे देश में अनेकों प्रकार की बीमारियां आ रही है।

# आईआईएफएल समस्ता द्वारा बॉन्ड्स की मदद से 1,000 करोड़ रुपये एकत्रित किए जाएंगे

**प्रतिवर्ष 10.50 प्रतिशत तक का रिटर्न प्रस्तुत किया**

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग फाईनेंस कंपनियों (एनबीएफसी-एमएफआई) में से एक, आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस द्वारा पूंजी संवर्धन और व्यवसायिक वृद्धि के लिए सिक्योर्ड बॉन्ड्स के पब्लिक इश्यू द्वारा 1,000 करोड़ रुपये एकत्रित किए जाएंगे। इन बॉन्ड्स पर उच्च सुरक्षा के साथ 10.50 प्रतिशत तक का रिटर्न दिया जा रहा है। यह इश्यू सोमवार, 3 जून, 2024 को शुरू होगा और शुक्रवार, 14 जून, 2024 को बंद होगा। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस द्वारा 200 करोड़ रुपये के बॉन्ड जारी किए जाएंगे, तथा 800 करोड़ रुपये तक की ओवर-सब्सक्रिप्शन बनाए रखने के लिए ग्रीन शू विकल्प होगा (जो मिलकर 1000 करोड़ रुपये के बराबर हो जाएगा)। आईआईएफएल समस्ता बॉन्ड्स द्वारा 60 महीने की अवधि के लिए 10.50 प्रतिशत प्रतिवर्ष की सर्वाधिक कूपन दर प्रदान की जा रही है। यह एनसीडी 24 महीने, 36 महीने, और 60 महीने की अवधि के लिए उपलब्ध है। ब्याज के भुगतान की आवृत्ति हर सीरीज़ के लिए मासिक और वार्षिक आधार पर उपलब्ध है। इसे क्रिसिल रेटिंग्स लिमिटेड की ओर से 'क्रिसिल एए-/वॉच डेवलपिंग'' की क्रेडिट रेटिंग और एक्विटे रेटिंग्स एंड रिसर्च लिमिटेड द्वारा 'एक्विटे एए। रेटिंग वॉच नैगेटिव इंप्लिकेशन' की क्रेडिट रेटिंग दी गई है। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस के एमडी एवं सीईओ, वेंकटेश एन ने कहा, 'आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस अपनी 1,500 शाखाओं के साथ पूरे भारत में मजबूत पहुँच रखता है। यह अपने विविधीकृत पोर्टफोलियो द्वारा सेवाओं की कमी वाली और वंचित आबादी, खासकर वंचित पृष्ठभूमि की महिला उद्यमियों की क्रेडिट आवश्यकताओं को पूरा करता है।

# उदयाचल को हर साल मिलेंगे एक करोड़

**हीरा ग्रुप रायपुर के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद अग्रवाल ने की घोषणा**

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



समाजसेवी संस्था उदयाचल का 56वां वार्षिक उत्सव रविवार 26 मई को धूमधाम से संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर के हीरा ग्रुप के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद अग्रवाल ने अपने नागरिक अभिनंदन के बाद उदयाचल के सेवा कार्यों से खुश होकर हर साल एक करोड रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जिस तरह उदयाचल संस्था निस्वार्थ भाव से सेवा के कार्यों को अंजाम दे रहा है उससे वह काफी प्रभावित हैं। सुदूर वनांचलों में भी उदयाचल के लोग पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर लगा रहे हैं और गरीब आदिवासियों का उपचार कर रहे हैं। संस्था के 56 वर्ष पूर्ण होने पर वे संस्थासे जुड़े लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं और कामना करते हैं कि यह संस्था उत्तरोत्तर प्रगति करती रहे तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक मिसाल बने। इससे पूर्व अतिथियों ने नेत्र नारायण भगवान की पूजा कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर एकम का शुभारंभ किया। उदयाचल के 56वें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन बजरंग लाल अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर (हीरा ग्रुप) द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उदयाचल संस्था द्वारा वनांचल के लोगों के लिए की जा रही निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा की निःस्वार्थ भाव से की गई मानव सेवा ईश्वरसेवा के सामान है, संस्था के 56 वर्ष पूर्ण होने पर उन्होंने सभी सदस्यों को बधाई देते हुए संस्था को हर संभव मदद उपलब्ध कराने और मानवता की सेवा के इस पवित्र कार्य को आगे बढाने में हर कदम साथ खड़े रहने का वचन दिया। संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र बाफना ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद पद्मश्री डॉक्टर पुखराज बना ने संस्था का परिचय देते हुए पूरे वर्ष भर का लेखा जोखा रखा। संस्था के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी ने अतिथियों का प्रतीक देकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुरेश गोयल (अध्यक्ष, आईबीसी 24 रायपुर), दुर्गा प्रसाद अग्रवाल (अध्यक्ष, एंबिएंस ग्रुप ,रायपुर), सीताराम अग्रवाल (चेयरमैन, स्टार ऑर्गेनिक फुड, रायपुर), वीरेंद्र गोयल (अध्यक्ष, नाकोड़ा इस्पात, रायपुर) आदि ने संस्था के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहां की उनके सदस्यों के मेहनत का ही परिणाम है कि संस्था आदि इस मुकाम तक पहुंची है वह इस संस्था और उसके सदस्यों के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हैं। समारोह की अध्यक्षता कर रहे चतुर्भुज अग्रवाल अध्यक्ष वंदना ग्रुप (रायपुर) मैं भी संस्था के कार्यों को सराहा। इसके पश्चात अतिथियों ने उदयाचल की नई कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराया और उदयाचल अवार्ड वितरित किया गया। नगर गौरव पुरस्कार अरिहंत सिंगी (डिप्टी कमिश्नर इनकम टैक्स) को दिया गया। साहित्य सृजन अवार्ड जय प्रकाश साहू को दिया गया। नेत्र चिकित्सा के कार्यों में विशिष्ट योगदान के लिए संजय चोपड़ा को पुरस्कृत किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं में विशिष्ट योगदान के लिए डॉक्टर अमृता तिवारी को पुरस्कृत किया गया। कीड़ा के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि के लिए कुमारी अनीशा साहू को प्रस्तुत किया गया। समर्पित सेवा का पुरस्कार किशन जोशी को दिया गया।

# सर्व ब्राह्मण समाज ने घरों में जाकर किया सकोरा तथा चिड़िया के दाने का वितरण



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

शहर में भीषण गर्मी से त्रस्त पक्षियों व घर में विचरण करने वाले जीव जंतुओं के सुरक्षा हेतु दाना पानी रखने के लिए समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा महिला मंच पदाधिकारियो ने सकोरा तथा चिड़िया दाना का वितरण किया। सुंदर नगर मैत्री नगर डगनिया क्षेत्र के रहवासियों के घरों में जाकर अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा महिला मंच के शहर व विप्र नगर क्षेत्र के पदाधिकारी कविता शर्मा, सोनिया शर्मा, ममता पांडे, श्रद्धा उपाध्याय, ज्योति त्रिपाठी, रश्मि दीवान, पूजा चौबे तथा रंजना तिवारी ने घरों के गृह गार्डन में रखने के लिए सकोरा तथा चिड़िया दाना का वितरण किया।

# विशाल रक्तदान,स्वास्थ्य व नेत्र परिक्षण का होगा आयोजन

Bilasa Blood Centre
बिलासा
सुरक्षित रक्त किसी भी वक़्त

**सरायपाली।** श्री अग्र शिरोमणि संस्था सरायपाली, फुलझर डिफेंस एकेडमी व सरस्वती शिशु मंदिर बालसी के सयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान, निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र परिक्षण का होगा आयोजन 02 जून को श्री अग्रसेन चौक एवं अग्रवाल धर्मशाला सरायपाली में किया जा रहा हैं। बिलासा ब्लड सेंटर, एएसजी हॉस्पिटल, अग्रवाल नर्सिंग होम बसना एवं होरिजन हॉस्पिटल के सहयोग से यह आयोजन आयोजित किया जावेगा।

# फिल्टरप्लांट परिसर में रिसर्क्युलेशन सिस्टम प्रारम्भ

**व्यर्थ बह रहे बैकवाश वाटर को पुनः संयन्त्र में भेजा जा रहा**



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रतिदिन 12 एमएलडी बैकवाश वाटर को संरक्षित करने की क्षमता, जीरो वेस्टेज वाटर संयन्त्र रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग एवं रायपुर जिला प्रशासन की लोकहितकारी मंशा के अनुरूप अमृत मिशन योजना के अंतर्गत 150 एमएलडी एवं 80 एमएलडी क्षमता के जल शुद्धिकरण संयंत्रों हेतु भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट परिसर में निर्मित रिसर्क्युलेशन सिस्टम का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। इस अवसर पर नगर पालिक निगम रायपुर के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता अमृत मिशन अंशुल शर्मा, कार्यपालन अभियंता फिल्टर प्लांट नरसिंग फरेन्द्र के साथ एजेंसी मेसर्स इंडियन ह्यूम पाईप कंपनी लिमिटेड के अधिकारीगण उपस्थित थे। जल शुद्धिकरण संयंत्रों के फिल्टर बेड की बैक वाशिंग एक निरंतर प्रक्रिया है, जिससे फिल्टर बेड को प्रतिदिन नियमित रूप से साफ किया जाता है। फिल्टर बेड को साफ करने में उपयुक्त होने वाले जल को बैक वाशिंग की प्रक्रिया उपरांत भूमिगत ड्रेन पाइप के माध्यम से ड्रेन आउट कर दिया जाता था। यह बैकवाश वाटर भाठागांव स्थित फिल्टरप्लांट परिसर से बाहर प्रोफेसर कॉलोनी नाले में सम्मिलित होता था। वर्षा ऋतु में नदी का पानी मटमैला होने के कारण जल शुद्धिकरण संयंत्रों के फिल्टर बेड की बैक वाशिंग प्रक्रिया को एक से अधिक बार दोहराये जाने की आवश्यकता पड़ती है, जिसके कारण अत्यधिक मात्रा में बैकवाश वाटर फिल्टर प्लांट परिसर से बाहर ड्रेन आउट होता है। रिसर्क्युलेशन सिस्टम का संचालन प्रारंभ होने से 150 एमएलडी एवं 80 एमएलडी क्षमता के दोनों जल शुद्धिकरण संयंत्रों से निकलने वाले बैकवाश वाटर को पुनः संयंत्र में भेजा जा रहा है, जिससे कि व्यर्थ बह रहे बैकवाश वाटर का पुर्नचक्रण किया जा रहा है।

# इनोवेटर्स की अगली पीढ़ी के लिए सैमसंग 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' को डिकोड करना

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

सैमसंग का 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' एक ऐसे मंच के रूप में कार्य करता है जो नवीन अवधारणाओं के अभिसरण को सक्षम बनाता है जो कुछ सबसे गंभीर वैश्विक मुद्दों के समाधान खोजने में मदद करता है। यह पहल सिद्धांत से परे है, युवा नवप्रवर्तकों को एक स्थायी भविष्य के निर्माण में नेतृत्व और सहयोग करने का निमंत्रण देती है। 'सॉल्व फॉर टुमारो' प्लेटफॉर्म प्रगति लाने के लिए नवाचार का उपयोग करने के महत्व को पहचानता है। संभावनाओं की दुनियाः एक ऐसे क्षेत्र की कल्पना करें जहां हर विचार, बड़ा या छोटा, समुदायों को सशक्त बनाते हुए एक हरित, अधिक टिकाऊ और समावेशी भविष्य को आकार देने की क्षमता रखता है। दो अलग-अलग ट्रैक, स्कूल ट्रैक और यूथ ट्रैक, प्रत्येक एक विशिष्ट विषय को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं और विभिन्न आयु समूहों के लिए लक्षित हैं। दोनों ट्रैक एक साथ चलेंगे, जिससे सभी छात्रों के लिए समान अवसर और समान अवसर सुनिश्चित होंगे। सैमसंग के 'सॉल्व फॉर टुमारो' में प्रवेश करें, एक ऐसा मंच जहां नवाचार वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का सामना करता है। जहां नवाचार कार्रवाई से मिलता हैः 'कल के लिए समाधान' सिर्फ सपने देखने के बारे में नहीं है; यह उन सपनों को हकीकत में बदलने के बारे में है। युवा दिमागों को बेहतर कल के लिए नवीन अवधारणाओं को व्यावहारिक समाधानों में बदलने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

हर वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप से मनाया जाता है। इस अवसर पर, संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन ने तंबाकू के उपयोग के हानिकारक और घातक प्रभावों और सेकेंड हैंड स्मोक एक्सपोजर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ किसी भी रूप में तंबाकू के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन के फाउंडर एवं सीनियर कैंसर सर्जन डॉ यूसुफ मेमन, रक्त रोग एवं ब्लड कैंसर विशेषज्ञ डॉ विकास गोयल, क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ अनिकेत ठोके, सीनियर कैंसर सर्जन डॉ अर्पण चतुर्मोहता व डॉ दिवाकर पांडेय, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ राकेश मिश्रा, रेडियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ रमेश कोठारी एवं डॉ सतीष देवांगन, पेन एवं पैलिएटिव मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ अविनाश तिवारी ने लोगों को तंबाकू सेवन के गंभीर हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए अपनी अंतर्दृष्टि साझा की। डॉ. युसूफ मेमन ने बताया कि तंबाकू के सेवन से भारत में हर साल 13 लाख से अधिक मौतें होती हैं, जो प्रति दिन 3500 मौतों के बराबर है। तम्बाकू से होने वाली मौतों और बीमारियों के अलावा देश के आर्थिक और सामाजिक विकास पर भी प्रभाव पड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि न केवल तंबाकू का उपयोग कई प्रकार के कैंसर और बीमारियों के लिए एक प्रमुख जोखिम कारक है, बल्कि धूम्रपान करने वाले स्वयं अकेले नहीं हैं जिन्हें तंबाकू के धुएं से कैंसर हो सकता है। उनके आसपास के लोग, जिनमें उनके बच्चे, साथी, दोस्त, सहकर्मी और अन्य लोग शामिल हैं, सेकेंड हैंड धूम्रपान के शिकार हो जाते हैं। डॉ. अर्पण चतुरमोहता एवं डॉ दिवाकर पांडेय ने तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों पर विस्तार से बताते हुए कहा कि जब तंबाकू के हानिकारक प्रभावों पर आमतया लोग केवल फेफड़ों के कैंसर के बारे में सोचते हैं। हालांकि तंबाकू का सेवन (सिगरेट और सिगार सहित) फेफड़ों के कैंसर के दस में से नौ मामलों का कारण बनता है, इस बात की जागरूकता जरूरी है कि तम्बाकू का उपयोग आपके शरीर में लगभग कहीं भी, मूत्राशय (ब्लैडर), रक्त और फेफड़े (एक्यूट मायलोइड ल्यूकेमिया) सहित कैंसर का कारण बन सकता है। गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स), बृहदान्त्र (कोलोन) और मलाशय (रेक्टम), अन्नप्रणाली (इसोफेगस), गुर्दे(ब्लैडर) और रेनल पेल्विस, यकृत (लिवर), फेफड़े, ब्रांकाई और श्वासनली, मुंह और गले, अग्न्याशय(पैंक्रियाज), पेट और आवाज बॉक्स(लैरिंक्स) मानव शरीर के सभी भाग हैं जिनमें टोबैको की वजह से कैंसर हो सकता है। डॉ विकास गोयल एवं डॉ अनिकेत ठोके ने साझा किया कि सिगरेट, सिगार और पाइप से निकलने वाले धुएं में कम से कम 70 रसायन कैंसर का कारण बन सकते हैं। जब कोई व्यक्ति उस धुएं में सांस लेता है, तो रसायन उनके ब्लड स्ट्रीम में प्रवेश करते हैं, जहां वे अपने शरीर के सभी हिस्सों में जाते हैं। इनमें से कई रसायन आपके डीएनए को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 900वें बैंकिंग आउटलेट का किया भव्य उद्घाटन



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने खुंटी, रांची, झारखंड में बैंक के 900वें आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। यह मील का पत्थर व्यापक विस्तार का हिस्सा है, जिसमें आज बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में 7 नए आउटलेट खोले गए हैं। इसके साथ ही, अब बैंक झारखंड में 81 बैंकिंग आउटलेट्स और पूरे देश में कुल 903 आउटलेट्स का संचालन करता है। अब खुंटी, रांची के ग्राहक बैंक के विभिन्न उत्पादों और सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इनमें बचत खाता, चालू खाता, फिक्स्ड डिपॉजिट, रिकरिंग डिपॉजिट और विभिन्न ऋण उत्पाद जैसे आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, क्रेडिट, बीमा, और निवेश उत्पाद शामिल हैं। बैंक की विस्तृत अवसंरचना, डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं और एटीएम नेटवर्क समग्र ग्राहक सेवा प्रदान करने का उद्देश्य रखता है। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा, हमारे लिए एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि हमने झारखंड के खुंटी, रांची में बैंक के 900वें बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन किया। झारखंड हमारे लिए एक महत्वपूर्ण राज्य है, और बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में हमारे 7 नए बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन इन क्षेत्रों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। हमारे नए बैंकिंग आउटलेट्स न केवल स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देंगे बल्कि इन उद्यमियों और व्यक्तियों की वित्तीय स्थिरता को मजबूत करने के लिए आवश्यक संसाधन भी प्रदान करेंगे।

**फॉर्म जी**
**मेसर्स सिद्धि एग्रोफूड्स प्राइवेट लिमिटेड**
**के लिए रुचि की अभिव्यक्ति के लिए निमंत्रण**
कच्चे और उबले चावल का विनिर्माण और प्रसंस्करण (चावल मिल)
(भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियमन 36ए(1) के तहत)

| SI | प्रासंगिक विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | कॉर्पोरेट देनदार का नाम पैन और सीआईएन/एलएलपी नंबर के साथ | मेसर्स सिद्धि एग्रोफूड्स प्राइवेट लिमिटेड CIN: U15142CT2004PTC016884<br>पैन: AAICS6204K |
| 2 | पंजीकृत कार्यालय का पता | 9, अन्नपूर्णा कॉम्प्लेक्स, अग्रसेन रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत, 492001 |
| 3 | यूआरएल/वेबसाइट | कॉर्पोरेट देनदार (सीडी) की कोई वेबसाइट नहीं है। |
| 4 | उस स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल संपत्तियां स्थित हैं | अचल संपत्तियां रायपुर, छत्तीसगढ़ से लगभग 25 किमी दूर सतपारा गांव में राइस मिल में स्थित हैं। |
| 5 | मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | 260 मीट्रिक टन प्रति दिन |
| 6 | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | चावल मिल बंद हो चुकी है तथा अगस्त 2016 से इसका परिचालन स्थगित है। |
| 7 | कर्मचारियों/कर्मचारियों की संख्या | दिवालियापन प्रारंभ तिथि पर कोई कर्मचारी/कर्मचारी नहीं है। |
| 8 | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (शेड्यूल के साथ), लेनदारों की सूची सहित अधिक विवरण यूआरएल पर उपलब्ध हैं : | निम्नलिखित ईमेल पर संचार के माध्यम से जानकारी मांगी जा सकती है:<br>ई-मेल- Ip.safpl@gmall.com |
| 9 | संहिता की धारा 25(2) (एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यूआरएल पर उपलब्ध है : | निम्नलिखित ईमेल पर संचार के माध्यम से जानकारी मांगी जा सकती है: ई-मेल: jp.safpl@gmail.com |
| 10 | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 01.07.2024 |
| 11 | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 04.07.2024 |
| 12 | अनंतिम सूची पर आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 09.07.2024 |
| 13 | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 12.07.2024 |
| 14 | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि | 17.07.2024 |
| 15 | समाधान योजनाएं जमा करने की अंतिम तिथि | 16.08.2024 |
| 16 | सबमिट करने के लिए ईमेल आईडी प्रोसेस करें | ip.safpl@gmail.com |

एसडी/-
सुशांत कुमार चौधरी
संकल्प पेशेवर
सिद्धि एग्रोफूड्स प्राइवेट लिमिटेड- सीआईआरपी के तहत
आईबीबीआई रजि. नंबर: आईबीबीआई/आईपीए-003/00292/2020-2021/13238
एएफए: एए3/13238/02/171024/300968 17.10.2024 तक वैध

स्थान : कोलकाता
दिनांक : 01.06.2024

# पीकअप चालक की चाकू मारकर हत्या करने वाले आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

## आरोपियों ने घुर के देखने की मामूली से बात पर शराब के नशे में गुस्से में आकर किये थे पीकअप चालक की हत्या

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



29 मई 2024 को मृतक पंकज ध्रुव रात्रि लगभग 8 बजे पीकप क्र सीजी 05 एक्यू 3416 में ग्राम बिरगुडी से कलिन्दर तरबूज भरकर राजनांदगांव मंडी जा रहा था। प्रार्थी पीछे ट्राली तरफ कलिन्दर तरबूज के उपर सोया था कि रात्रि करीबन 12:30 बजे केरेगांव का चाय दुकान वाला प्रार्थी को जगाकर बताया कि 03 लडके मोटर सायकल से आये और तुम्हारे ड्रायवर को चाकू मारकर नगरी तरफ भाग गये तब प्रार्थी उठकर देखा तो ड्रायवर पंकज ध्रुव खून से लथपथ पीकप के पास दुकान के सामने चित हालत में पड़ा था बातचीत नही कर पा रहा था कि प्रार्थी ने चाय दुकान वाले से घटना के संबंध में पूछा तो बताया कि ड्रायवर गाडी खडेकर चाय पीने आया था, चाय नही है, बोला तो अंडा खा रहा था कि उसी समय धमतरी तरफ से एक मोटर सायकल में 03 लडके आये जिसमें से एक लड़का सफेद रंग जैसा शर्ट पहना था और 02 लड़के सिर्फ पेंट पहने थे, शर्ट, बनियान नही पहने थे जिसने मुझे पुछा की तुम कहां रहते हो, तो मैं बोला कि मैं केरेगांव का रहने वाला हूं। तब ड्रायवर को पूछे की तुम कहां रहते हो तो ड्रायवर बोला की मैं नगरी में रहता हूं। उसके बाद ड्रायवर अपने गाडी में जाकर बैठ गया। तभी तीनों लड़के आपस में बात किये इसको निपटा देते है कहकर ड्रायवर के पास जाकर किसी धारदार चाकूनुमा हथियार से ड्रायवर के दाहिने कंधे तरफ प्राणघातक हमला कर मार दिये। उसके बाद तीनों लड़के मोटर सायकल से नगरी तरफ भाग गये। तुम्हारा ड्रायवर मुझे बचा लो भैय्या कहते कण्डेक्टर साईड से उतरकर अपने सीने में हाथ रखकर लहराते हुए दुकान पास आया और गिर गया। थोडी देर बाद केरेगांव पुलिस मौके पर पहुंच गया और 108 एम्बुलेंस वाहन भी पहुंच गया। जिसके बाद प्रार्थी अपने मालिक मृतक पंकज ध्रुव को 108 एम्बुलेंस वाहन से जिला अस्पताल धमतरी लेकर गये जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने पर पंकज ध्रुव का मौत होना बताया। जिसके बाद प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना केरेगांव में अपराध क्र 39/24 धारा 302, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान केरेगांव पुलिस एवं सायबर टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए अज्ञात आरोपियों की पतासाजी पर सीसीटीवी फुटेज तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना एवं आस पास के लोगों से एवं प्रत्यक्षदर्शी गवाह महाराज होटल के मालिक संतोष दुबे से पुछताछ पर बताये हुलिया के आधार पर पतासाजी करने पर आरोपीगण के पहचान, चन्द्रेश देवदास पिता चित्रसेन देवदास उम्र 19 वर्ष सा. ब्रम्ह चौक नयापारा, हरीश साहू पिता भूपेन्द्र साहू उम्र 23 वर्ष, रोशन यादव पिता स्व. सुमन यादव उम्र 21 वर्ष साकिनान नयापारा गोकुलपुर धमतरी के रूप में हुई उक्त तीनों को अभिरक्षा में लेकर गवाहो के समक्ष पूछताछ करने पर तीनों ने अपने अपने मेमोरण्डम कथन में घटना की रात्रि तीनों कोई गरियाबंद मोटर सायकल से निकले थे मोटर सायकल चन्द्रेश लाया था। कर्मा चौक यादव होटल में अपने मोबाईल को 2500 रूपये में बिक्री कर शराब पीये और गरियाबंद के लिए निकल गये।

# हैजा, डायरिया जैसी बड़ी बीमारी फैलने की आशंका

## तालाब से आ रही गंदी बदबू से मोहल्लेवासी परेशान



पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com

स्थानीय नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 20 के मुख्य मार्ग लच्छीबंध तालाब स्थित है जो कि वार्डवासियों के लिए जीवनदायिनी है, तथा मोहल्लेवासियों का निस्तारी गुजारा इसी तालाब से वर्षों से होता रहा है। विगत कुछ वर्ष पहले मुख्य मार्ग की बड़ी नाला को अंडरब्रिज के पास से बंद कर दिया गया, जिसके फलस्वरूप नाले का गंदगी बरसात में 2 सालों से तालाब में जाता है, इस संबंध में वार्ड पार्षद सहित अन्य जिम्मेदारों को कई बार समय समय पर अवगत कराया गया लेकिन किसी ने नाले से जुड़े इस तालाब की समस्या का समाधान नहीं निकाला। और इसी ले फ्लस्वरूप आज तालाब में गंदगी विकराल रूप ले चुका है, पूरा मोहल्ला बदबू से भरा हुआ है, लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। समस्या को लेकर मुहल्लेवासियों ने नगरपालिका में गुहार लगाई जिस पर उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को पत्र लिख दिया गया और कहा गया कि तालाब निजी है, और तालाब के स्वामी और मछली ठेकेदार से सफाई की अनुमति लेने की बात कही गई है। बहरहाल मुद्दा गंभीर है जनसामान्य के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ मुद्दा है, इसे गंभीरता से लिए जाने की आवश्यकता है।

'इस संबंध में आवेदन आया है जिसका सी एम ओ के साथ मिलकर समाधान निकाला जाएगा'
**-नीर निधि नंदेहा**
**एस.डी.एम. चांपा**

'तालाब निजी है जिसके वजह से हम हस्तक्षेप नहीं कर पा रहे हैं एस डी एम साहब को आवेदन भेज कर जानकारी दी गई है'
**-भोला सिंह ठाकुर**
**सी.एम.ओ.**
**न.पा.प.चांपा**

# आरएएमपी व एमएसएमई योजनाओं को लागू करने के लिये शुरू हुई पहल

- **लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों को आगे लाने के लिये कार्यशाला के जरिये दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित दक्षिण चक्रधर नगर के लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों के विस्तार के साथ-साथ नई योजनाओं के अलावा उनके उद्योग को बाजार में और अधिक सफल बनाने के उद्देश्य से रायपुर से आये अधिकारियों ने एक दिवसीय कार्यशाला के जरिये कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। रायपुर से आये अधिकारियों ने एमएसएमी और आरएएमपी योजना के बारे में जानकारी देते हुए लघु एवं सूक्ष्म उद्योगपतियों को बताया कि किस तरह वे नई तकनीक का सहारा लेकर और अधिक विस्तार के जरिये मार्केट में अपनी छवि बना सकते हैं। इन अधिकारियों ने बातचीत के दौरान यह बताया कि एक सर्वे के तहत वे सभी लघु एवं सूक्ष्म उद्योगपतियों के साथ बातचीत करके कमियों को दूर करने के लिये भी एक रिपोर्ट तैयार करके शासन स्तर पर अधिकारियों के पास भेजेंगे और इन कमियों को दूर करने का भी प्रयास विभागीय स्तर पर किया जाएगा। रायपुर से आये अधिकारी ईव्ही प्रवीण काउसेंट ने इस कार्यशाला के दौरान यह भी जाना कि पंजीयन से लेकर बैंकों से मिलने वाले लोन पर भी होनें वाली समस्या से गंभीरता से निपटने के लिये बड़ी पहल जरूरी है। इनके साथ एक अन्य अधिकारी ने भी बताया कि छत्तीसगढ़ में लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों के लंबे समय के लिये आगे लाने के लिये एक रोड मैप तैयार किया जाएगा और सभी से चर्चा करने के बाद नई नीतियों को सही ढंग से लागू करने के साथ-साथ व्यापार में आने वाली कमियों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। एमएसएमी और आरएएमपी योजना से जुड़ने के लिये भी लघु एवं सूक्ष्म उद्योग से जुड़े उद्योगपतियों को जानकारी दी गई और समय-समय पर कार्यशाला के माध्यम से नई तकनीको को लाभ उठाने के अलावा जिला एवं उद्योग व्यापार केन्द्र के साथ मिलकर एकल खिडकी प्रणाली और पंजीयन संबंधी समस्याओं को भी दूर करने के लिये अपनी बात रखी।

# फन ऐप के जरिये व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ी बालिका, युवक से हुई जान पहचान, फिर शादी का प्रलोभन देकर भगा ले गया यूपी

## आरोपी पोक्सो एक्ट में युवक गया जेल

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में एक अनोखा मामला सामने आया है। जहां एक बालिका फन ऐप के जरिये एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ती है और उसकी पहचान यूपी के एक युवक से होती है। जिसके बाद युवक के द्वारा बालिका को शादी का झांसा देकर यूपी भगा ले गया। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने बालिका को बरामद करते हुए युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ के जूटमिल थाना क्षेत्र से 18 मई से लापता बालिका को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जाकर वापस रायगढ़ लाया गया है। इस मामले में 19 मई को बालिका के चचेरे भाई ने जूटमिल थाने में शिकायत दर्ज करते हुए बताया था कि उसकी बहन 18 मई को घर से स्कूल फॉर्म भरने जा रही हूं कहकर निकली और घर वापस नहीं आई। काफी खोजबीन करने के बावजूद उसका कहीं पता नही चला।

**सहेलियों से भी हुई पूछताछ**-इस मामले की शिकायत के बाद जूटमिल पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई, इस दौरान बालिका की सहेलियों से भी जूटमिल पुलिस ने पूछताछ भी की।

**सोशल मीडिया से मिला क्लू**-बालिका के सोशल मीडिया अकाउंट की जांच की गई। जिसमें पता चला कि बालिका प्रयागराज जिले के करछना थाना निवासी संदेही युवक अजीत कुमार निषाद के निरंतर संपर्क में थी। जिसके बाद जूटमिल थाने से एक टीम बालिका को लेने उत्तरप्रदेश रवाना हुई। जहां बालिका को संदेही युवक अमित कुमार निषाद के मकान से बरामद कर रायगढ़ लाया गया।

**फन ऐप के जरिये युवक से हुआ परिचय**-पूछताछ के दौरान बालिका ने बताया कि उसने एक फन ऐप डाउनलोड किया था, उस फन ऐप के जरिए वो एक व्हाट्सएप चैट ग्रुप में जुड़ी जिसमें कई लड़के लड़कियां जुड़े थे।

# कलेक्टर अग्रवाल ने विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर तम्बाकू से बने उत्पाद का सेवन नहीं करने की दिलाई शपथ

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



विश्व तंबाकू निषेध दिवस हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसका मकसद लोगों को तंबाकू से होने वाले खतरों के बारे में बताना और जागरूक करना है। हर साल लाखों लोगों की मौत तंबाकू सेवन से हो जाती है। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में मनाया गया। इस दौरान कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर शपथ हस्ताक्षर कर शिवम कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं एवं अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलाई। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि तंबाकू के हानिकारक प्रभाव केवल धूम्रपान करने वालों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वो लोग भी इसके खतरे में हैं, जो धुएं के संपर्क में आते हैं। उन्हें भी हृदय रोग, श्वसन के साथ कुछ खास तरह के कैंसर प्रभावित कर सकते हैं। कुल मिलाकर, तंबाकू का सेवन शारीरिक स्वास्थ्य पर भारी नुकसान पहुंचाता है, जिससे बीमारियों और मौतों में वृद्धि होती है और जीवन की गुणवत्ता कम हो जाती है। इस लिए लोगों को तम्बाकू से बने किसी भी उत्पाद का सेवन नहीं करना चाहिए। शिवम कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को तम्बाकू से बने किसी भी उत्पाद का सेवन नहीं करने एवं उनसे होने वाले बीमारियों का मंचन कर जागरूक किया।

# बीमित युवक की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद नही दी बीमा राशि

- **एचडीएफसी जनरल इंश्योरेंस को देना होगा दस लाख का क्लेम व क्षतिपूर्ति**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ के एचडीएफसी जनरल इश्योरेंस लि. से 10 लाख का बीमा कराने के बाद बीमित युवक की सड़क दुर्घटना में अकाल मृत्यु के बाद बीमा कंपनी द्वारा क्लेम की राशि देने में आना काना करने और सेवा में कमी करने के कारण मृतक के पिता के द्वारा उपभोक्ता फोरम में दायर परिवाद पर फोरम ने कंपनी के खिलाफ निर्णय सुनाते हुए बीमित युवक के नामिनी पिता को दस लाख क्लेम की राशि व क्षतिपूर्ति भुगतान करने का आदेश दिया है। प्रकरण संक्षेप में इस प्रकार है कि लालटंकी निवासी रमेश शर्मा पिता स्व. बृजभूषण शर्मा का पुत्र आशुतोष शर्मा अनावेदक क्रमांक 03 शाखा प्रबंधक एचडीएफसी बैंक ढिमरापुर का बचत खाताधारी था जिसका कार्ड पैकेज इंश्योरेस अनावेदकगण द्वारा किया गया था। आवेदक के पुत्र का अनावेदक क्रमांक 02 बीमा कंपनी से 10 लाख रूपये का बीमा करवाया गया थ जिसका पालिसी नंबर 29992017900091000000 था। उक्त बीमा पालिसी में आवेदक रमेश शर्मा नॉमिनी था। परिवाद में आगे कथन है कि उक्त बीमा पालिसी की वैधता अवधि में 15 फरवरी 2018 को परिवादी के पुत्र आशुतोष शर्मा की सडक दुर्घटना में मृत्यु हो गई। मृतक आशुतोष शर्मा का पोस्टमार्टम सीएचएमओ द्वारा किया गया। मृतक आशुतोष शर्मा की बिसरा रिपोर्ट आज तक अप्राप्त है। इस संबंध में जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि मृतक आशुतोष शर्मा का बिसरा रिपोर्ट जांच हेतु नही भेजी गई थी। पश्चात परिवादी ने मृतक आशुतोष शर्मा की मृत्यु प्रमाणपत्र प्रथम सूचना रिपोर्ट एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्रस्तुत अनावेदकगण से बीमा राशि की मांग की गई किंतु अनावदेकगण ने मृतक के बिसरा रिपोर्ट नही होनें के आधार पर परिवादी का बीमा दावा निरस्त कर सेवा में कमी की है।

# लूट के दो प्रकरणों में फरार आरोपियों के विरुद्ध बिलासपुर पुलिस का प्रहार



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

चार साल से फरार आरोपी राघवेंद्र सिंह उर्फ रकबर सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। एक अन्य लूट के मामले में फरार आदतन बदमाश गुरमीत सिंह उर्फ़ बंटी को किया गया गिरफ़्तार। थाना कोटा में प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि वह अपने मोटरसाइकिल में अपने भाई के ससुराल नेवरा वहाँ पानी टंकी के पास ग्राम नेवरा के विक्रांत ठाकुर, जंगेजी यादव एवं रकबर खान रास्ते में रोक कर मारपीट कर जेब में रखें 8200 रुपए को निकाल कर लूट लिए। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। घटना के बाद से आरोपीगण फरार थे। थाना प्रभारी कोटा रजनीश सिंह को मुखबिर से सूचना मिलने पर राघवेंद्र सिंह उर्फ रकबर सिंह पिता रामेश्वर सिंह उर्फ नानक सिंह उम्र 45 साल साकिन नेवरा हा.मु. अशोक नगर थाना सरकंडा को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। अन्य फरार आरोपियों की पता तलाश जारी है। एक अन्य प्रकरण में थाना कोटा में, कोरी डैम में घूमने गए प्रार्थी के साथ लूट की घटना की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसमें अपराध क़ायम कर आरोपियों की पतातलाश की जा रही थी। आरोपी अपने साथियो के साथ लूट करने वाला आदतन बदमाश बँटी घटना के बाद से ही फरार था, जिसे रतनपुर से गिरफ़्तार किया गया। इस मामले में पूर्व से एक आरोपी गिफ़्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी रजनीश सिंह, स.उ.नि. ओंकार बंजारे, आरक्षक भोप साहू और सुशील बंजारे, संजय श्याम का सराहनीय योगदान है।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने कोटा में मनाई नारद जयंती पत्रकार आर डी गुप्ता का साल श्रीफल से किया गया सम्मान

## आरएसएस के पदाधिकारी दिनेश मिश्रा रहे उपस्थित

पायनियर संवाददाता < कोटा
www.dailypioneer.com



करगीरोड कोटा में आर एसएस के पदाधिकारी वासुदेव रेड्डी ने कोटा में देवर्षि नारद जयंती पर किया आयोजन जिसमे प्रमुख वक्ता के रुप मे पत्रकार आर डी गुप्ता को प्रमुख रूप से आमंत्रित किया गया था संघ में उपस्थित पदाधिकारियों ने शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। आरएसएस बिलासपुर से आदरणीय दिनेश मिश्रा बिभाग प्रचार प्रमुख जी ने आरएसएस के गठन से लेकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए जोर दिया। साथ ही प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार आर डी गुप्ता ने श्रष्टि के रचयिता ब्रम्हा जी के मानस पुत्र देवर्षि नारद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि तीनों लोकों में देवताओं के प्रमुख सूचनातंत्र के रूप में सृजन का कार्य नारद जी ने किया आदि पत्रकार के रूप में भी नारद जी जाने जाते है। नारद जी के चित्र पर मुख्यातिथि आर डी गुप्ता और भाजपा नेता बेंकट लाल अग्रवाल, दिनेश मिश्रा, वासुदेव रेड्डी ने पुष्पगुच्छ चढ़ा कर आरती उतारकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर संघ के सभी कर्मठ कार्यकर्ता पदाधिकारी गणों के साथ आर डी गुप्ता पत्रकार का साल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया वेंकट लाल अग्रवाल संरक्षक सदस्य सरस्वती शिशु मंदिर करगी रोड कोटा, दिनेश मिश्रा विभाग प्रचार प्रमुख, वासुदेव रेड्डी जिला जागरण पत्रिका प्रमुख, नीरज पांडे बिलासपुर नगर सोशल मीडिया, पंकज पांडे जिला सोशल मीडिया, अमन प्रकाश विभाग प्रचारक, अजय सूर्यवंशी जिला प्रचार प्रमुख, गोविंद कौशिक संघ प्रचारक, गौतम गुप्ता सह प्रचार प्रमुख, प्रियंक सक्सेना सेवा प्रमुख, प्रदीप गुप्ता पत्रकार, सुलेश पांडे मंडल महामंत्री कोटा, आदित्य मानिकपुरी सेवा सह प्रमुख, विष्णु गुप्ता व्यवसायिक, रमेश भट्ट पत्रकार, साकेत शुक्ला पत्रकार, राम सजीवन गुप्ता व्यवसाइक, संदीप मिश्रा युवा पत्रकार, आदि बहुत से कार्यकर्तागण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## प्रेस कॉन्फ्रेंस में रूबरू हुए कप्तान शुभम सहित खिलाड़ी

# रायगढ़ लॉयन्स करेगी सीसीपीएल जीतने का प्रयास

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



आईपीएल की तर्ज पर सीएससीएस के द्वारा सीसीपीएल करवाया जा रहा है। जिसके संबंध में जिला क्रिकेट संघ द्वारा रायगढ़ लॉयन्स की टीम के साथ पत्रकार वार्ता की गई। पत्रकार वार्ता में टीम के कोच राकेश भाई ने टीम को शानदार बताया। कप्तान शुभम अग्रवाल ने संतुलित टीम के होने पर सीसीपीएल कप जीतने का प्रयास करने की बात कहीं। अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने सीसीपीएल के बारे में जानकारी देते हुए रायगढ़ लॉयन्स को कप जीतने के लिए पूरजोर कोशिश करने कहा। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने संचालन करते हुए बताया कि रायगढ़ के 2 खिलाड़ी शुभम अग्रवाल एवं सचिन चौहान टीम में शामिल हैं। आने वाले समय में युवा खिलाडियों को शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा ऐसा कहा। इसी तरह टीम के मैनेजर संतोष राणा, ट्रेनर पुहुप सिंह, फिजियो डॉ. आकाश दीप बादल के द्वारा भी तैयारियों के संबंध में जानकारी दी गई।

**युवा खिलाडियों ने की मुलाकात**-जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि काफी संख्या में रायगढ़ के युवा खिलाड़ी अपने पैरेन्टस के साथ पत्रकार वार्ता में पहुंचे थे। वार्ता समाप्ति के पश्चात युवा खिलाडियों ने कप्तान शुभम अग्रवाल, सचिन चौहान आदि खिलाडियों से मुलाकात कर अनुभव प्राप्त किया। सेल्फी ली, फोटो खिचवाई वहां पर माहौल देखते ही बनता था। युवा खिलाडियों ने बातचीत में कहा कि उनको भी शुभम अग्रवाल की तरह सफल बनना है।

**रायगढ़ का गौरव शुभम**-पत्र वार्ता के दौरान अनेक मीडिया के साथियों ने, युवा खिलाडियों ने, पालकगण ने शुभम अग्रवाल की तारीफ करते हुए शुभम को रायगढ़ के लिए गौरव बताया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन के दौरान रायगढ़ के ही बेटे को कप्तान बनाये जाने पर सीएससीएस की तारीफकी। ज्ञात हो की शुभम अग्रवाल हंडी चैक स्थित उत्तम ड्रेसेस वाले संजय अग्रवाल के सुपुत्र हैं एवं पत्रकार गणेश अग्रवाल के भतीजे हैं।

**ईनामों की है बौछार**-सीसीपीएल के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रथम पुरस्कार 15 लाख रुपये एवं द्वितीय पुरस्कार 11 लाख रूपये के साथ अनेक व्यक्तिगत ईनाम भी आईपीएल के तरह रखे गए हैं। यह टूर्नामेंट 7 जून से आरंभ होकर 16 जून तक चलेगा। जिसमें लीग आधार पर सभी टीमें मैच खेलेंगी। यह मैच रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में खेले जाएंगे। प्रत्येक दिन 2 मैच होंगे। जिसमें 1 मैच दोपहर 3 बजे एवं दूसरा मैच शाम 7रू30 बजे से खेला जाएगा। 7 जून को विश्व स्तरीय उद्घाटन समारोह का आयोजन होगा। साथ ही उद्घाटन मैच खेला जाएगा।

**रायपुर जाने हेतु बस की सुविधा**-सीएससीएस के द्वारा युवा खिलाडियों, पालकगण व खेल प्रेमियों के लिए उद्घाटन समारोह हेतु एसी बस की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए 7 जून को दोपहर 11 बजे से रायपुर के लिए स्थानीय नटवर हाई स्कूल से बस रवाना होगी। सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि जो भी उद्घाटन समारोह एवं मैच के लिए रायपुर जाना चाहते हैं वे यदि 18 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ी हैं तो उन्हें पालक की तरफसे एक सहमति पत्र जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय में 4 जून तक जमा करवाना होगा। तभी वो रायपुर जा पाएंगे। रास्ते में आने-जाने हेतु भोजन पैकेट भी दिया जाएगा।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर आयोजित किया गया कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस के मंडल के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल से रिलायंस एवं फ्लोरेंस नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड नाटक के जरिए तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों और बीमारियों से होने वाली मौत के बारे में बताया गयाए साथ ही जनजागरूकता रैली निकाली गई।

इस अवसर पर तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ ली गई। इसके अलावा नशे के व्यापक रूप सेवन को देखते हुए शहर में कोटपा एक्ट का पालन करने के लिए चालानी कार्यवाही भी की जा रही हैं।

# आईआईएम रायपुर में दो दिवसीय चिंतन शिविर का शुभारंभ

## प्रथम सत्र के आरंभ में नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने दिया संबोधन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर का शुभारंभ किया। चिंतन शिविर में मुख्यमंत्री साय सहित उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा तथा मंत्रिमंडल के अन्य सहयोगी हिस्सा ले रहे हैं। प्रथम सत्र को नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने संबोधित किया। अपने संबोधन में सुब्रमण्यम ने विकसित भारत की संकल्पना और इसे प्राप्त करने की रणनीति के संबंध में विस्तार से अपनी बातें साझा की। उन्होंने कहा कि बीते दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ा है और दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह बनाने में सफल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत 2047 बनाने का संकल्प लिया है और इसे पूरा करने की रणनीति बनाई गई है। सुब्रमण्यम ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी स्केल, स्पीड और इनोवेशन पर जोर देते हैं। बदलते अंतराष्ट्रीय परिदृश्य और समय को देखते हुए विकसित भारत का विजन तैयार किया गया है ताकि भारत अपनी विशिष्ट जगह बना सकें। उन्होंने कहा कि अब दुनिया की निगाहें ग्लोबल साउथ पर हैं। अब नजरिया पश्चिम से पूर्व की ओर देखने का है और भारत इन संभावनाओं को पूरा करने के लिए सक्षम है। भारत की जनांकिकी, भारत की रणनीतिक स्थिति और भारत में तेजी से हुए सुधारों से इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारत तैयार है। चाहे डिजिटल इकानामी हो, अथवा कर संबंधी सुधार हो। नवाचार को बढ़ावा देना हो, भारत इसमें अग्रणी रहा है और आने वाले समय में इन्हें तेजी से बढ़ाना है। विकसित भारत सबके लिए समृद्धि लेकर आये, इसके लिए कार्य करना है। क्लाइमेट चेंज जैसी समस्याओं को देखते हुए ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देते हुए सतत विकास की दिशा में काम करना है। उन्होंने कहा कि जब हम विजन लेकर चलते हैं तो स्वाभाविक रूप से हमें एक गाइड मैप मिल जाता है और इसके अनुरूप हम बढ़ते जाते हैं। सुब्रमण्यम ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करने में छत्तीसगढ़ की अहम भागीदारी होगी। छत्तीसगढ़ में विकसित राज्य बनने के लिए और तीव्र विकास के लिए असीम संभावनाएं हैं और इस दिशा में आगे बढ़कर छत्तीसगढ़ अपने विकास के साथ ही विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सभी मंत्रिगणों ने संवाद में भागीदारी करते हुए छत्तीसगढ़ में इस संबंध में बनाई जा रही नीतियों के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने सुब्रमण्यम के समक्ष अपनी जिज्ञासाएं भी रखीं जिस पर विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए सार्थक परिचर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि दो दिवसीय इस चिंतन शिविर में छत्तीसगढ़ के विजन हेतु सार्थक विमर्श होना है। साथ ही संसाधनों के सतत उपयोग एवं योजनाओं के अभिसरण सहित विविध विषयों पर चर्चा होगी। चिंतन शिविर में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा मौजूद रहे।

# बारूद फैक्ट्री हादसे में बड़ी मछली को बचाने का षडयंत्र : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



बारूद फैक्ट्री हादसे के चार दिन बाद की गयी एफआईआर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने अपर्याप्त बताते हुये कहा कि भाजपा सरकार दोषियों को बचाने का षडयंत्र कर रही है। इस मामले में जो बड़ी मछलियां है उन पर कार्यवाही नहीं की गयी है तथा मामले की लीपापोती के हिसाब से एफआईआर दर्ज किया गया है। कर्मचारी पर कार्यवाही की गयी, प्रबंधन पर कार्यवाही क्यों नहीं की गयी है? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पंडरिया के सड़क हादसे में ड्राईवर के साथ वाहन मालिक पर भी कार्यवाही की गयी जबकि वाहन मालिक तो गाड़ी नहीं चला रहा था। बेमेतरा में प्रबंधन को क्यों बख्शा जा रहा है? वहां पर प्रबंधन की लापरवाही से इतने लोगों की जाने गई है। अतः की गई कार्यवाही अपर्याप्त है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि घटना में सिर्फ 8 लोगों की शिनाख्त हुई है तथा 8 लोगों को ही मुआवजा दिया गया है। लेकिन गांव वालों का कहना है घटना में मरने वालो की संख्या अधिक है। 8 लोग अभी भी लापता है, जो लोग लापता है उनको भी मृत मानकर मुआवजा दिया जाना चाहिये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बेमेतरा ब्लास्ट में भाजपा सरकार मजदूरो के साथ नहीं अपितु फैक्ट्री प्रबंधन के साथ खड़ी दिख रही है। सरकार का पूरा ध्यान मामले को रफा-दफा करने में लगा है। इम मामले की दंडाधिकारी जांच के अधिकार एसडीएम को दिया गया है, जो खुद भी लापरवाही के दोषी है। उनके क्षेत्र के अंतर्गत फैक्ट्री में धमाका हो गया, वे निरीक्षण करने कब गये थे? धमाके के पहले निरीक्षण में उन्हें कोई कमी नहीं मिली तो अब घटना के बाद वे क्या कमी ढूंढ पायेंगे? लीपापोती बंद कर मामले की न्यायिक जांच होनी चाहिये।

# बिजली आपूर्ति बहाली में विलंब के जिम्मेदार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में कंपनी अध्यक्ष तथा प्रदेश के ऊर्जा सचिव पी. दयानंद की बैठक की धमक रही। बिजली आपूर्ति में बाधा की शिकायतों को देखते हुए दयानंद ने ट्रांसमिशन कंपनी तथा डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकारियों को तलब किया और जिन स्थानों पर आपूर्ति बहाली में निर्धारित से अधिक या गैरवाजिब समय लग रहा हैं, वहां के जिम्मेदार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। विभिन्न समाचार पत्रों तथा न्यूज वेब पोर्टल में बिजली की आपूर्ति में बाधा आने के बाद इसकी बहाली में लगने वाले अधिक समय को लेकर प्रकाशित समाचारों को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष पी.दयानंद ने यह बैठक बुलाई थी। उन्होंने जब विस्तार से इन समस्याओं का कारण पूछा तो अधिकारियों ने बताया कि विगत पांच वर्षों में विद्युत उपकेन्द्र तथा लाईनों की स्थापना जैसे अधोसंरचना के विकास के कार्यों में बहुत रूकावट आई थी। अनेक कारणों से विद्युत विकास कार्यों में प्रगति नहीं हो पाई जिसका विपरीत असर वर्तमान समय में दिखाई पड़ रहा है। गर्मी के कारण जहां सर्वाधिक मांग दर्ज की जा रही है, उसके अनुरूप आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है लेकिन जिन स्थानों पर कार्य स्वीकृत है, टेंडर हो चुके है। बजट की समस्या नहीं है वहां भी उचित मानीटरिंग नहीं होने के कारण वांछित प्रगति नहीं हो पाई है।

# छत्तीसगढ़ मंत्रालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन में पदस्थ अधिकारियों (मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विशेष सचिव, संयुक्त सचिव, उप सचिव, अवर सचिव) की निजी स्थापना में पदस्थ स्टेनो संवर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एनआईसी ई-मेल का उपयोग करने तथा विभागीय कार्य ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न किये जाने तथा सचिवालयीन कार्यप्रणाली एवं नियमावली के संबंध में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 30 एवं 31 मई को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के शुभारम्भ अवसर पर सचिव सामान्य प्रशासन विभाग अन्बलगन पी. ने प्रशिक्षण की आवश्यकता एवं उद्देश्यों को विस्तार से रेखांकित किया। अपर मुख्य सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग ऋचा शर्मा आने वाले समय में छत्तीसगढ़ शासन के कार्यों में किस प्रकार तेजी लाई जा सकती है। इसके लिए ई-ऑफिस एवं डिजिटल सेक्रेटरी, ईमेल, डिजिटल कैलेन्डर के माध्यम से मीटिंग की जानकारी दी। दिन-प्रतिदिन नई तकनीक की आवश्यकता पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि नई तकनीक से अधिकारियों का कार्य आसान हुआ है और उसका प्रयोग आज सभी को आना चाहिए इस पर मार्गदर्शन दिए। एनआईसी के प्रशिक्षको के द्वारा पोर्टल से संबंधित विषय पर प्रशिक्षण दिया गया कि एनआईसी ईमेल के सभी तथ्य का उपयोग जैसे संबंधित विभाग के एडेस बुक अद्यतन रखना आई.एस. के अंतर्गत अधिकारी का वर्तमान पता, विभाग फोल्डर बना, जिससे सभी प्रासंगिक ईमेलस को लिंक किया जा सके जैसे सभी मीटिंग्स, एपीएआर, आईपीआर आदि की जानकारी दी गई। चिप्स के द्वारा तकनीकी ट्रेनिंग में डिजिटल सेक्रेटरियेट अवकाश के संबंध में एवं ए.सी.आर. लिखने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। डिजिटल कैलेण्डर के माध्यम से किस प्रकार मीटिंग की जानकारी रखी जा सकती है। विभाग का जीमेल आईडी बनाना एवं इसका उपयोग समी बैठकों एवं डिजिटल कैलेण्डर बनाने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403